


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 159 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.12 2082 गुरुवार, 4 सितंबर-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 'भारत-जर्मनी में सहयोग की अपार संभावनाएं'

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारत दौरे पर आए जर्मन विदेश मंत्री जोहान डेविड वेडफुल ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से मुलाकात की।

हैदराबाद हाउस में दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई, जिसमें जर्मन विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। इससे पहले मंगलवार को जर्मनी के विदेश मंत्री वेडफुल बंगलूरू पहुंचे और वहां उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्री के भारत आगमन की सराहना की।

# राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

### बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सुप्रीम कोर्ट में दलील
### राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला



नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। वहीं, कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

**जनता की इच्छा को रोका नहीं जा सकता**

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है।

उन्होंने कहा, या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।

हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा।उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है।

पहली, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं और दूसरी, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है (अनुच्छेद 200 की दूसरी शर्त)। इन दो स्थितियों को छोड़कर गवर्नर के पास कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका है कि अगर राज्यपाल अनिश्चित समय तक बिल रोक कर रखते हैं, तो 'जल्दी' शब्द का महत्व खत्म हो जाएगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने तर्क दिया था कि राज्य सरकारें इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकतीं, क्योंकि राष्ट्रपति और राज्यपाल के फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

## दिल्ली में यमुना का पानी घरों में घुसा

### 10 हजार लोगों को हटाया; पूरे पंजाब में बाढ़, जयपुर के सरकारी अस्पताल में पानी भरा

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है।

हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान (205 मीटर) के ऊपर 207 मीटर पर बह रही है। नदी के पास बना लोहे का पुल बंद किया गया है। यमुना बाजार-तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में पानी भरा है। यहां से 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। दिल्ली में बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं।

राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश जारी है। शहर के कई पॉश इलाके डूब गए हैं और सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में पानी भर गया है। वहीं, कोटा के दरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर लैंडस्लाइड हुई हैं।

उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना के जलस्तर के बढ़ने से 1000 फार्महाउस में पानी भर गया। यहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया। मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया।

## अमित शाह का भतीजा हूं, सरकारी ठेका दिला दूंगा

### गृहमंत्री का रिश्तेदार बताकर ठगे करोड़ों रुपये, नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी ने खुद को अमित शाह का भतीजा बताकर एक व्यापारी से करोड़ों रुपये की ठगी कर डाली। अब कोर्ट ने ठगी के आरोपी को जमानत देने से साफ इनकार कर दिया है। आरोपी ठगी के एक मामले में पहले भी फंस चुका है, इसलिए पीड़ित पक्ष आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग कर रहा है। दिल्ली होई कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भतीजा होने का दावा कर एक व्यापारी से 3.9 करोड़ रुपये ऐंठने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने आरोपी अजय कुमार नैय्यर के खिलाफ आरोपों की गंभीर प्रकृति को देखते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर राष्ट्रपति भवन की मरम्मत के लिए चमड़े की आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार से 90 करोड़ रुपये का ठेका दिलाने का आश्वासन दिया था।

>14

### ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट

# शाह ने थपथपाई जांबाजों की पीठ

## नक्सल विरोधी अभियानों से करोड़ों के जीवन में नया सूर्योदय

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की। शाह ने जवानों को सम्मानित किया।

इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियानों से साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे। शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा



कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। शाह ने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने अपने पराक्रम से नष्ट कर दिया। नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। वहां के स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए। नक्सलियों ने सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

## कर्नाटक हाईकोर्ट बोला- यूट्यूब पर नियंत्रण जरूरी

### लोग दूसरों की जिंदगी पर दखल दे रहे; न्यूज चैनल के एडिटर को फटकार लगाई

बेंगलुरु, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि आजकल यूट्यूब पर झूठी और आपत्तिजनक बातें इतनी आसानी से फैल रही हैं कि सिर्फ मानहानि का कानून इन्हें रोकने के लिए काफी नहीं है। अदालत ने कहा, लोग बेझिझक बदनाम कर रहे हैं और निजी जिंदगी में दखल दे रहे हैं, इस पर काबू पाने के लिए एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है।

कोर्ट कन्नड़ प्रभा के एडिटर-इन-चीफ रवि हेगडे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने मंत्री केजे जॉर्ज की ओर से दर्ज कराई गई आपराधिक मानहानि शिकायत को रद्द करने की मांग की थी। जॉर्ज ने 2020 में रवि पर उनके खिलाफ झूठे तथ्य पब्लिश करने और यूट्यूब में दिखाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया था।

अदालत ने रवि हेगडे को सुझाव दिया कि अखबार एक महत्वपूर्ण जगह पर डिस्क्लेमर (स्पष्टीकरण) प्रकाशित करे, जिसमें लिखा हो कि यह रिपोर्ट केवल किसी अन्य व्यक्ति के बयान पर आधारित थी और अगर इससे किसी को ठेस पहुंची है तो खेद है। ऐसा करने पर केस खत्म किया जा सकता है।

याचिकाकर्ता हेगडे ने अदालत को बताया कि पहले हुई मध्यस्थता में अखबार से फ्रंट पेज पर माफी और इंटरव्यू छापने का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे मंत्री ने ठुकरा दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष आपस में समझौता करने की कोशिश करें, नहीं तो केस को फिर से मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा।

# राहुल गांधी और कृषि मंत्री चौहान आज अमृतसर आएंगे

अमृतसर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में अमृतसर, गुरदासपुर और कपूरथला शामिल हैं। बाढ़ से बेहाल इन इलाकों का जायजा लेने के लिए आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अमृतसर पहुंच रहे हैं। दोनों नेताओं के इस दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पूरा कार्यक्रम जारी किया गया है। वे सुबह 9:30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और उसके बाद सीधे अजनाला हल्के के घोनेवाल गांव का दौरा करेंगे। वहां से वे अमृतसर जिले के अन्य प्रभावित गांवों में जाएंगे। इसके बाद उनका दौरा गुरदासपुर और कपूरथला के बाढ़ प्रभावित इलाकों तक जारी रहेगा। राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लेने और प्रभावित लोगों से बातचीत करने के बाद मंत्री शाम 5:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके तुरंत बाद शाम 6:45 बजे वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा होगी।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कार्यक्रम फिलहाल गोपनीय रखा गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी कल सुबह अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरेंगे और सीधे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। हालांकि वह किन गांवों का दौरा करेंगे और वहां कितनी देर तक रहेंगे, इसका आधिकारिक शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि राहुल गांधी बाढ़ पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझेंगे और केंद्र व राज्य सरकार पर राहत कार्यों को तेज करने का दबाव बनाएंगे। गौरतलब है कि बाढ़ ने पंजाब के कई गांवों को गहरी चोट पहुंचाई है। हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं और फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

# 'भाई वो आपके शुभचिंतक नहीं हैं'

## के. कविता ने केटीआर को किया आगाह, एमएलसी पद भी छोड़ा

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बीआरएस से निलंबित की गई के कविता ने आज हैदराबाद में पार्टी और एमएलसी पद छोड़ने का एलान किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरा निलंबन पूरे बीआरएस को नियंत्रित करने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने अपने चचेरे भाई हरीश राव और संतोष राव पर भी गंभीर आरोप लगाए।

दोनों पर हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि चचेरे भाई हरीश राव और संतोष राव के भ्रष्टाचार के कारण केसीआर के खिलाफ सीबीआई जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद, मैंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और बीआरएस का झंडा पहनकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ पिछड़ा वर्ग आरक्षण और अन्य पहलों के लिए काम किया। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ये गतिविधियां पार्टी विरोधी



गतिविधियां कैसे हैं। कुछ पार्टी सदस्यों ने टिप्पणियां कीं, और मैंने उनका जवाब दिया। मैंने हरीश राव और संतोष के बारे में बात की और कहा कि जब उनके घरों में सोना होता है तो सुनहरा तेलंगाना नहीं होता। मैंने पहले अपने भाई केटीआर से मेरे खिलाफ साजिश रचने वाले लोगों के बारे में बात की थी और उनसे कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। मुझे खुशी है कि मेरे निलंबन के बाद बीआरएस की महिला विधायक एकजुट हुईं, जिसकी मैंने हमेशा कल्पना की थी।

**भाई केटीआर को किया आगाह**

इस दौरान कविता ने अपने भाई रामा राव को दोनों से बचकर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चचेरे भाई शुभचिंतक नहीं हैं। साथ ही निलंबित बीआरएस नेता ने पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर राव से अनुरोध किया कि वे अपने आसपास क्या हो रहा है, इस पर नजर रखें।

भारत राष्ट्र समिति पार्टी से निलंबित होने पर के. कविता ने कहा कि मैं अपने पिता से अनुरोध कर रही हूं कि वे अपने आसपास के पार्टी नेताओं की जांच करें। मैंने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी और उनसे अपने शब्दों पर विचार करने का अनुरोध किया।

**रेवंत रेड्डी पर लगाए आरोप**

प्रदेश के सीएम रेवंत रेड्डी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी और हरीश राव ने कथित तौर पर हमारे परिवार को नष्ट करने की योजना बनाई थी। रेवंत रेड्डी को इसका जवाब देना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने केवल मेरे परिवार के सदस्यों, केटीआर और केसीआर के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन हरीश राव के खिलाफ नहीं। कालेश्वरम परियोजना में अनियमितता के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जब कालेश्वरम परियोजना शुरू हुई उस समय हरीश राव सिंचाई मंत्री थे, और रेवंत रेड्डी ने उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा। हरीश राव और संतोष राव कथित तौर पर हमारे परिवार और पार्टी को नष्ट करने की योजना बना रहे हैं। हरीश राव पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे हमारे शुभचिंतक नहीं हैं, बल्कि एक 'बबल शूटर' हैं। उन्होंने विधानसभा चुनावों में केसीआर और केटीआर के खिलाफ काम करने के लिए पैसे दिए थे।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए हर चुनावी राज्य का दौरा करूंगा

### > जगद्गुरु शंकराचार्य ने बैंक की कैंटीन में बीफ परोसने पर प्रतिबंध लगाने वाले रीजनल मैनेजर की जमकर तारिफ की



मुंबई , 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने केरल के कोच्ची में केनरा बैंक की कैंटीन में बीफ परोसने पर प्रतिबंध लगाने वाले रीजनल मैनेजर अश्वनी कुमार की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हम मजबूती से अश्वनी कुमार के साथ खड़े है। गौ माता विरोधी संगठनों के दबाव में आकर सरकार बैंक मैनेजर को परेशान करेगी या कोई अन्य कार्वाई होगी तो हम उसे सरकार से अधिक वेतन और धनराशि देंगे।

मुंबई के बोरीवली में चातुर्मास व्रत अनुष्ठान कर रहे जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने स्वतंत्र वार्ता से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में गौ तस्करों ने जाल बिछा रखा है। वोट और सरकार के चक्कर में गौ माता को राष्ट्र माता नहीं घोषित किया जा रहा है। इसलिए मैं हर भारत के हर चुनावी राज्य का भ्रमण करूंगा।

भ्रमण के दौरान आम आदमी से नहीं खास आदमी से मिलूंगा। इस लोकतंत्र में सामान्य लोग ही खास है। वे ही लोंगों को विधानसभा और संसद में मतदान करके पहुंचा रहे है। अब मै आम लोगों से ही इस मुद्दे पर बात करूंगा। बिहार से यह शुरूआत होने जा रही है। वहां के हर जिले में पहुंचने की कोशिश होगी और गौमात को बचाने वाले को ही मतदान की अपील करूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार के ही नहीं पूरे देश के लोग चाहते है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए, लेकिन सरकार में बैठ लोग राजनीतिक फायद के चक्कर में ऐसा नहीं होने दे रहे है। जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी माता को गाली दिए जाने पर बेहद दुखी है। जबकि हमारी माता को मारा जा रहा है काटा जा रहा है। हमारे करोड़ों लोगों के दुख का मोदी को एहसास नहीं हो रहा है। अगर ऐसा होता तो गौ माता अब तक राष्ट्र माता घोषित हो चुकी होती। यह पूछे जाने पर कि वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी और भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी में से आपकी पसंद कौन है? इस पर शंकराचार्य ने साफ तौर पर बिना लाग-लपेट के कहा कि दोनों में से कोई नहीं है। इसी तरह देश के कई राज्यों खासकर उत्तरप्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल आदि में मठ, मंदिर, अखाड़ों की भूमि पर हिन्दुओं द्वारा कब्जा किए जाने की घटनाओं पर संत समाज के एकजुट होकर संघर्ष न करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी यह समस्या सर्दी,बुखार की तरह सामान्य बीमारी के रूप में ले रहे है। लेकिन जब ऐसे मामले ब़ढ़ेगे तो देश में एक बड़ा आंदोलन करके की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर कब्जा करने वाले हिन्दू नहीं है वो सनातन के चोले में अपराधी और धर्म विरोधी लोग है। देश के कुछ मुस्लमों द्वार गौ पालन करने और हिन्दू धार्मिक गतिविधियों में सहयोग करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी मुसलमानों से कोई दुश्मनी नहीं है और ना ही वो मेरे किसी टारगेट पर है। मेरा कहना है कि देश में रहने वाले हर व्यक्ति को करोड़ों भारतियों की भावना का सम्मान करना होगा। यहां के नियम के अनुसार रहना होगा। मुझे किसी के नमाज पढ़ने से कोई आपत्ति नहीं है। बस उनका सनातन विरोधी गतिविधियों से अपने आप को अलग करना होगा।

>14

## मराठा आरक्षण पर सरकार के फैसले से भुजबल नाराज, कैबिनेट बैठक बीच में छोड़ी

मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण का विरोध करने वाले महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल की नाराजगी बढ़ गई है। ओबीसी नेता भुजबल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक बीच में छोड़ दी। बता दें कि मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की मांग को स्वीकार कर लिया है। जबकि भुजबल ओबीसी कोटे में मराठों को आरक्षण दिए जाने का विरोध करते रहे हैं।

छगन भुजबल ने ओबीसी नेताओं की आपात बैठक बुलाई है, जो बांद्रा स्थित उनके दफ्तर में होगी. उधर, ओबीसी समाज की नाराजगी दूर करने के लिए सरकार ने समिति गठित की है. सरकार के कदम को मनोज जरांगे ने अपनी जीत बताया. उन्होंने अपना अनशन समाप्त कर दिया है. सरकार के इस फैसले से भुजबल नाराज बताए जा रहे हैं।



**भुजबल ने क्या कहा था?**

छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा था कि वह सरकार द्वारा जारी उस प्रस्ताव का अध्ययन कर रहे हैं जिसमें मराठा समुदाय के उन लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र प्रदान करने का प्रावधान है जिनके पास संबद्ध दस्तावेज हैं। भुजबल ओबीसी कोटे में मराठों को आरक्षण दिए जाने का विरोध करते रहे हैं. नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने कहा, मैं और मेरी टीम प्रस्ताव का गहन पड़ताल कर रही है और कानूनी विशेषज्ञों से भी विचार-विमर्श कर रहे हैं। विस्तृत अध्ययन के बाद मैं इस मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त करूंगा।

**सरकार ने हैदराबाद गजट पर जारी किया था आदेश**

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार देर शाम को हैदराबाद गजट पर एक आदेश जारी किया और उन मराठों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करने में मदद के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की जो खुद को कुनबी के रूप में मान्यता देने वाले दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में सक्षम हों. कुनबी दर्जा मिलने से मराठा समुदाय के सदस्य ओबीसी आरक्षण का दावा करने के पात्र हो जाएंगे, जो मनोज जरांगे की प्रमुख मांग है। नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जरांगे के अनशन समाप्त करने के कदम की मंगलवार को सराहना की और कहा कि सरकार ने मराठा समुदाय के हित में समाधान ढूंढ लिया है। फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा मराठा समुदाय के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया है।

# 'फ्री स्पीच'पर हाई कोर्ट में संग्राम

### महुआ मोइत्रा और वकील देहाद्राई के कुत्ते वाले केस में नया मोड़...

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। एक पालतू कुत्ते को लेकर वकील जय अनंत देहाद्राय और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में नया मोड़ आ गया है। देहाद्राय ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें दोनों पक्षों को इस केस में चल रही कानून कार्यवाही के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने पर रोक लगाई गई है। कुत्ते को लेकर दोनों में चल रही अदालती विवाद पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भी पूछ लिया है कि इसे ये दोनों आपस में मिलकर सुलझा क्यों नहीं ले रहे?

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक महुआ मोइत्रा और



वकील जय अनंत देहाद्राय का कुत्ता विवाद अब दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। सारा विवाद हेनरी नाम के एक रॉटविलर कुत्ते को लेकर है। महुआ मोइत्रा ने देहाद्राय से संबंध टूटने के बाद दिल्ली की साकेत जिला अदालत में एक सिविल सूट दायर कर कुत्ते की संयुक्त कस्टडी की मांग कर रखी है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब जब यह विवाद दिल्ली हाई कोर्ट में पहुंचा है तो जस्टिस मनोज जैन ने अपनी टिप्पणी में दोनों पक्षों से कहा है कि 'आप दोनों आपस में बैठकर इस मुद्दे का हल क्यों नहीं कर लेते?

इस मामले की चर्चा करने पर भी ट्रायल कोर्ट ने दोनों पक्षों पर रोक लगा रखी है। फिर भी जब देहाद्राय की ओर से इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया गया तो अदालत ने इसे आदेश का उल्लंघन मानते हुए उनके खिलाफ अंतरिम निषेधाज्ञा जारी कर दी। दिल्ली हाई कोर्ट में देहाद्राय ने इसी आदेश को चुनौती दी है। उनकी दलील है कि इस तरह की पाबंदी उनकी फ्री स्पीच के मौलिक अधिकार का हनन करता है। उन्होंने यह भी दलील दी है कि उन्हें ऐसे मामले पर चर्चा से नहीं रोकना चाहिए।

देहाद्राय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय घोष ने कहा कि उनके मुवक्किल मार्च 2025 के ट्रायल कोर्ट के फैसले से आहत हैं, जिसमें पार्टियों को इस केस पर बात करने से रोका गया है। यह आदेश मोइत्रा की याचिका पर जारी किया गया था। अब देहाद्राय की शिकायत है कि इस तरह के आदेश का मतलब है कि वह कुत्ते के अस्तित्व के बारे में भी सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कह सकते।



## सभी 23 जिलों के 1400 से अधिक गांवों में बाढ़, स्कूल-कॉलेज 7 सितंबर तक बंद

चंडीगढ़, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 23 जिलों में 1200 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में है। हालात को देखते हुए पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किया है। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2025 के तहत सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक 7 सितंबर 2025 तक बंद रहेंगे।

## प्रसूता की मौत के तीन दिन बाद नवजात ने भी दम तोड़ा

चमोली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में चमोली के जिला अस्पताल में बीते 31 अगस्त को प्रसव के दौरान हुई प्रसूता की मौत के बाद अब नवजात ने भी दम तोड़ दिया। नवजात को वेंटिलेटर पर रखा गया था। तीन दिन के बाद नवजात ने अंतिम सांस ली। दोनों की मौत पर बुधवार को परिजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल का घेराव किया। हंगामा बढ़ते देख जिलाधिकारी संदीप तिवारी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश और एसडीएम चमोली आरके पांडेय मौके पर पहुंचे। परिजनों ने प्रसूता और नवजात की मौत की जांच की मांग उठाई। साथ ही प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग भी उठाई। कहा कि अस्पताल की नर्सों का व्यवहार सही नहीं है। जिस पर डीएम ने नर्सों को अपना व्यवहार सुधारने के निर्देश दिए।

### *बारिश के कारण मकान की छत गिरी*

## *छह दबे; 3 नाबालिग लड़कियों की मौत*

भिवानी, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कलिंगा गांव में अधिक बरसात के चलते मकान की दीवार दकरने से मकान में सो रहे छह सदस्य नीचे दब गए। इस घटना में मकान में सो रहे छह सदस्यों में तीन की मौत हो गई जबकि तीन अन्य को गंभीर घायल होने के चलते रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया। इस घटना में 47 वर्षीय ओमपाल, 42 वर्षीय पत्नी अनिता तथा 5 वर्षीय बेटा ध्रूव घायल है, जबकि ओमपाल की तीन नाबालिग बेटियां 15 वर्षीय अंशिका, 9 वर्षीय दिशा, 7 वर्षीय भारती की मकान में दबने से मृत्यु हो गई है।

### *छह हजार से अधिक जिलेटिन छड़ें*

## 2,200 डेटोनेटर बरामद सात गिरफ्तार

नासिक, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के एक गांव में बिना अनुमति के रखी गईं 6,000 से अधिक जिलेटिन की छड़ें और 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर जब्त किए हैं। मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को वाडीवरहे पुलिस थाना क्षेत्र के सारुल शिवर गांव में छापेमारी के बाद यह जब्ती की गई। पुलिस की एक टीम ने 1 सितंबर को इलाके में छापा मारा और 49 बक्से बरामद किए, जिनमें 6,125 जिलेटिन छड़ें, 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 150 मीटर डीएफ तार थे, जिनकी कुल कीमत 95,750 रुपये थी। उन्होंने बताया कि अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर के साथ जिलेटिन की छड़ें आरोपियों के घरों और घरों के पीछे टिन-शेड में लापरवाही से रखी हुई पाई गईं।

### 'तूने मेरी गर्लफ्रेंड छेड़ी'

## *बॉयफ्रेंड को हुआ भिखारी पर शक, पत्थर से वार करके मार डाला, फिर करने लगा डांस*

नासिक, 3 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नासिक से दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक नाबालिग लड़के ने भिखारी को सड़क के बीचों बीच मार डाला। फिर शव के पास खड़ा होकर डांस करने लगा। हालांकि, पुलिस इस नाबालिग लड़के को मानसिक रूप से विक्षिप्त बता रही है। फिलहाल उसे गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है। घटना त्र्यंबक नाका इलाके की है। यहां एक नाबालिग लड़का अपनी प्रेमिका के साथ खड़ा था। तभी उसके शक हुआ कि पास में बैठा भिखारी उसकी प्रेमिका को छेड़ रहा है। नाबालिग ने गुस्से में पास पड़ा एक पत्थर उठाया। फिर भिखारी के सिर पर दे मारा। इससे भिखारी की मौत हो गई। लड़का फिर भिखारी के शव के पास खड़ा होकर डांस करने लगा। उस वक्त लड़के की गर्लफ्रेंड पानी की बोतल खरीदने गई थी। जैसे ही गर्लफ्रेंड वापस लौटी तो सामने का नजारा देख दंग रह गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फिर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। संदिग्ध नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मृतक भिखारी की शिनाख्त की जा रही है।

# 'पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो वोटर कार्ड'

## बीजेपी बोली- खामोश क्यों हैं राहुल गांधी

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस के बड़े नेता पवन खेड़ा और उनकी पत्नी कोटा नीलिमा पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। मालवीय का दावा है कि कोटा नीलिमा के पास दो एक्टिव वोटर आईडी कार्ड हैं। एक तेलंगाना के खैरताबाद में और दूसरा नई दिल्ली में है। यह खुलासा ऐसे वक्त में हुआ है, जब एक दिन पहले मालवीय ने पवन खेड़ा पर भी दो



वोटर आईडी रखने का आरोप लगाया था। बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस के नेता 'वोट चोरी' में शामिल हैं और यह कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है।

मालवीय ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने बिना ठोस सबूत के आम मतदाताओं को निशाना बनाया और उनकी निजी जानकारी सार्वजनिक कर दी। लेकिन अपने करीबी सहयोगी पवन खेड़ा के दो वोटर आईडी के मामले पर वह चुप हैं।

**क्या है कोटा नीलिमा और दो वोटर आईडी का मामला?**

अमित मालवीय ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि कांग्रेस की नेता और तेलंगाना के खैरताबाद विधानसभा सीट से उम्मीदवार रह चुकी कोटा नीलिमा के पास दो एक्टिव इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिफिकेशन कार्ड (ईपीआईसी) हैं। एक वोटर आईडी खैरताबाद में दर्ज है, जबकि दूसरा दिल्ली में दर्ज है। मालवीय का कहना है कि यह सिर्फ पवन खेड़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी पत्नी भी इस कथित गड़बड़ी में शामिल हैं।

## छापे में मिला विदेशी कनेक्शन 20 लॉकर, एक करोड़ नकद



भोपाल, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भोपाल में साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग के छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं। इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं।

जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। कंपाइल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को अलग से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे।

कार्रवाई आज बुधवार को भी जारी है। आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है।

# 'नई दिल्ली को एक दिन पछताना पड़ेगा'

## फारूक अब्दुल्ला ने क्यों कह दी इतनी बड़ी बात

जम्मू, 3 सितंबर (एजेंसियां)। संविधान से अनुच्छेद 370 हटे 5 साल हो गए हैं, लेकिन विपक्ष आज भी इसके विरोध में खड़ी है। हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने इससे जुड़ा बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार को समय रहते जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए, वरना नई दिल्ली को अपने फैसलों पर पछताना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगस्त 2019 के बाद लिए गए एकतरफा निर्णयों ने लोगों में भरोसा जगाने के बजाय दूरी ही बढ़ाई है।

अब्दुल्ला ने अनंतनाग वेस्ट से विधायक अब्दुल मजीद भट लारमी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। पीटीआई के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने उन्हें संगठनात्मक मुद्दों और जन



संपर्क अभियानों की जानकारी दी। इस दौरान नेताओं ने वर्तमान हालात और जनता की चिंताओं पर भी चर्चा रखी। अब्दुल्ला ने इस बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र ने बार-बार लोगों का विश्वास जीतने के मौके गंवाए हैं। सुरक्षा आधारित दृष्टिकोण हमेशा भरोसा बनाने के प्रयासों पर हावी रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 विधानसभा चुनावों में जनता की भारी भागीदारी से यह साफ है कि लोगों का भरोसा भारतीय संविधान और लोकतंत्र में कायम है, लेकिन राज्य का दर्जा बहाल न करना उस विश्वास के विपरीत है।

अब्दुल्ला ने अगस्त 2019 में धारा 370 हटाने और राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में बदलने के फैसले को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उस समय दावा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों के बराबर लाया जाएगा, लेकिन सच यह है कि आज यहां के लोगों को अपवाद की तरह देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी जनता के लोकतांत्रिक विश्वास को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीति का मुद्दा नहीं है बल्कि न्याय और समानता का सवाल है। नई दिल्ली को जनता से किए गए वादे निभाने चाहिए और तुरंत राज्य का दर्जा लौटाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि वादों की पूर्ति ही जनता के भरोसे को मजबूत करेगी।

# 'बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज का एलान करे सरकार'

## राहुल गांधी की पीएम मोदी से अपील

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। देश में भारी बारिश ने इन दिनों तबाही मचाई हुई है। कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की अपील की है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाढ़ प्रभावित राज्यों पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा



एक पोस्ट में कहा, 'मोदी जी, बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपके इस तरफ ध्यान देने और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद की बेहद जरूरत है। हजारों परिवार अपने घर, जिंदगी और अपनों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, 'मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए तत्काल एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए।'

राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'लोगों को अपने परिवारों को बचाने के लिए संघर्ष करते देखना दुखद है।

मोदी जी, लोगों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। इन लोगों की सुरक्षा के लिए तुरंत एक विशेष राहत पैकेज तैयार करें।' पिछले कुछ हफ्तों से देश के कई हिस्सों में लगातार बादल फटने और बाढ़ की खबरें आ रही हैं। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भी भारी बारिश ने बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं।

उफनती नदियों ने कई इलाकों को जलमग्न कर दिया है, रेल और सड़क यातायात को ठप कर दिया है और स्कूलों को बंद करना पड़ा है। साल 1988 के बाद पंजाब सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। सतलुज, व्यास और रावी नदियां और मौसमी छोटी नदियां भारी बारिश के कारण उफान पर हैं। पंजाब के 12 जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें अब तक 29 लोगों की जान जा चुकी है और 2.56 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हुई हैं और लगातार बारिश भी जारी है। इससे उपजे हालात में सैंकड़ों लोग मारे गए हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई। राज्य में 1,000 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गईं हैं। राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## मॉल में सीढ़ियों से फिसलकर गिरे एएसआई की मौत

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। रानीबाग स्थित चुनमुन मॉल की सीढ़ियों से उतरते समय पैर फिसलने से गिरे रानीबाग थाने में तैनात एएसआई विजय तिवारी के सिर में गंभीर चोट लगी। आनन-फानन में एएसआई को मधुबन चौक स्थित सरोज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद पीड़ित परिवार के साथ पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा व रानीबाग थाना एसएचओ प्रभांशु झा ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस दुख की घड़ी में हर पीड़ित परिवार को हर संभव साथ देने का भरोसा दिया।

51 वर्षीय एएसआई विजय तिवारी दो बेटे और एक बेटी के साथ नजफगढ़ रोड स्थित नंगली डेरी के पास राणा एन्क्लेव में रहते थे। पत्नी की 10 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। विजय मूलरूप से बिहार के जिला सीवान स्थित नौवाडीह गांव के रहने वाले थे। वर्ष 1994 में दिल्ली पुलिस में बर्ती हुए थे। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि विजय तिवारी 28 अगस्त को रानी बाग स्थित चुनमुन मॉल में किसी काम से गए थे। जहां मॉल की सीढ़ियों से उतरते समय अचानक फिसलकर गिर गए।

इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनके कान से खून निकलने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही उन्हें तुरंत मधुबन चौक स्थित सरोज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था। एक सितंबर को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

## पुलिस ने हत्या के मामले में उम्रकैद पाए कैदी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में 10 साल से फरार चल रहे उम्रकैद के कैदी को गुजरात के गोधरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार कैदी की पहचान हसीन हुसैन है, जो यूपी के मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। आरोपी हसीन हुसैन साल 2006 में अपने पड़ोसियों के परिवार पर हमला कर डबल मर्डर और हत्या के प्रयास में शामिल था।

इस मामले में उसे साल 2013 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, जिसे 2015 में दिल्ली हाईकोर्ट में भी बरकरार रखा था। लेकिन, 2016 में सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के बहाने 4 हफ्ते की पैरोल पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 27 मार्च 2006 को वेलकम इलाके में जनता कॉलोनी स्थित एक घर में दोहरी हत्याकांड की वारदात हुई थी। इस हमले में मोहम्मद इमरान के भाई पप्पू और उनकी मां अनीशा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनकी बहन हिना को चाकू से गंभीर रूप से घायल किया गया था।

# *चॉकलेट नहीं, ये है 60 करोड़ की कोकीन, एनसीबी ने किया जब्त*

शिमला, 3 सितंबर (एजेंसियां)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट और कस्टम्स के साथ संयुक्त कार्रवाई में 5.6 किलो कोकीन बरामद की गई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

ये कोकीन चॉकलेट के डिब्बे में और उसके रैपर के साथ पैक की गई थी। बाहर से देखने में चॉकलेट ही लग रही थी।यह कोकीन इथियोपियन एयरलाइंस की फ्लाइट से अदीस अबाबा (इथियोपिया) से चेन्नई लाई जा रही थी।

इस दौरान उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के रहने वाले दो युवकों को पकड़ा गया। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पिछले कुछ सालों से कई बार भारत के अलग-अलग एयरपोर्ट पर ड्रग्स की तस्करी कर चुके हैं। एनसीबी ने जांच आगे बढ़ाते हुए दिल्ली से एक नाइजीरियाई नागरिक और मुंबई से एक भारतीय सहयोगी को भी हिरासत में लिया है।



नाइजीरियाई आरोपी 2023 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था। वीजा खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से यहां रहकर ड्रग नेटवर्क चला रहा था। इस अभियान के दौरान दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक उत्तराखंड के बागेश्वर का 25 वर्षीय बीए स्नातक है। दूसरा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का रहने वाला है। इसकी उम्र 26 साल और आईटीआई पास है। जांच में पता चला है कि इन व्यक्तियों ने पिछले कुछ सालों में कोकीन की तस्करी के लिए अदीस अबाबा से भारत के विभिन्न हवाई अड्डों तक कई यात्राएँ की हैं।

प्रारंभिक जांच से यह भी पता चलता है कि पकड़े गए व्यक्ति एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा हैं जो इथियोपिया से भारत में कोकीन की तस्करी में शामिल है, जिसे दिल्ली से भारत के अन्य हिस्सों में वितरित किया जाता है, जहां वितरण नेटवर्क एक नाइजीरियाई नागरिक द्वारा संभाला जाता है।

# अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, जैन और इन समुदायों के लिए सरकार ने कर दी बड़ी घोषणा

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आकर रहने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों के लिए भारत सरकार ने बड़ी घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए ऐसे लोगों को पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों के बिना भी भारत में रहने की अनुमति दी जाएगी। आइए जानते हैं इस फैसले के बारे में विस्तार से। बीते साल देश में लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के मुताबिक, 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए इन उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। हालांकि, हाल ही सरकार की ओर से आव्रजन एवं विदेशी (नारगिक) अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत यह अहम आदेश जारी किया गया है। सरकार के इस फैसले से बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर पाकिस्तान से आए उन हिंदुओं को राहत मिलेगी, जो 2014 के बाद भारत आए और अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ''अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय -- हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई -- जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर से भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए तथा 31 दिसंबर 2024 को या उससे पहले वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश किया।

## मोस्ट वांटेड गैंगस्टर मैनपाल बादली गिरफ्तार

गुरुग्राम, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कुख्यात गैंगस्टर मैनपाल बादली को एसटीएफ ने कंबोडिया से डिपोर्ट कराकर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। उसे 10 दिन पहले कंबोडिया में हिरासत में लिया गया था। उसके ऊपर सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। हत्या, हत्या के प्रयास, फिरौती सहित कई मामलों में उसकी तलाश थी। मैनपाल बादली मूल रूप से झज्जर जिले के बादली गांव का रहने वाला है। वर्ष 2000 में उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। अपने चाचा की हत्या का बदला लेने के बाद उसने एक के बाद एक कई हत्याएं कीं। उल्लेखनीय है कि 29 अगस्त 2018 को पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद वह विदेश भाग गया था। कंबोडिया में रहकर वहीं से अपना गैंग ऑपरेट कर रहा था। एसटीएफ के आईजी सतीश बालन आज दोपहर एक बजे से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मैनपाल बादली की गिरफ्तारी से लेकर किन-किन मामलों में उसकी तलाश थी, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## मिस्ड कॉल से हनीट्रैप में फंसाकर बुजुर्ग से मांगे 10 लाख रुपये, 3 गिरफ्तार

गुरुग्राम, 3 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे साइबर सिटी गुरुग्राम में बुजुर्ग को हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। तभी महिलाओं ने बुजुर्ग को अपने जाल में फसाने के लिए पहले उनके मोबाइल पर मिस्डकॉल की। जब बुजुर्ग ने कॉल बैक की तो महिला ने उन्हें अपनी बातों के जाल में फसा लिया और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। इसके बाद रुपये न मिलने पर महिलाओं ने अपने एडवोकेट के साथ मिलकर बुजुर्ग के खिलाफ रेप केस दर्ज करा दिया। इस मामले की जानकारी जब बुजुर्ग की बेटी को मिली तो उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

गुरुग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर दोनों महिलाओं और उनके एडवोकेट साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही आरोपियों की पहचान एडवोकेट कुलदीप मलिक, आशा और कंचन उर्फ कृतिका के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर जिला अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## ओडिशा में दो नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 200 अतिरिक्त एमबीबीएस सीटों को मंजूरी

भुवनेश्वर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र ने ओडिशा के दो नवनिर्मित मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 200 सीटों को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि कंधमाल जिले के फुलबानी सरकारी मेडिकल कॉलेज और अंगुल जिले के तालचेर स्थित पवित्र मोहन प्रधान सरकारी मेडिकल कॉलेज को 100-100 एमबीबीएस सीटें आवंटित की गईं।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने यह मंजूरी दे दी है। एमबीबीएस की पढ़ाई चालू शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से शुरू होगी। माझी ने कहा कि ओडिशा के लोगों की ओर से मैं पीएम मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करता हूं। इससे चिकित्सा शिक्षा में नए अवसर उपलब्ध होंगे और तालचेर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

## गैंगस्टर सलमान लाला की मौत पर बन रही रील्सः इंदौर बंद

इंदौर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला के प्रशंसकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सलमान लाला से जुड़े कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स को क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने लिस्टेड किया है। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर सलमान के समर्थन में रील्स चल रही हैं। इनमें दावा किया जा रहा है कि सलमान की हत्या धोखे से की गई है। साथ ही पूरे इंदौर शहर को बंद करने की बात भी कही जा रही है। क्राइम ब्रांच ने 35 अकाउंट चयनित किए हैं। यह अकाउंट्स सलमान लाला की मौत के बाद एक्टिव थे। इनमें कुछ युवतियां भी शामिल हैं।

## पत्नी का सिर काटकर नाले में फेंका बाकी बॉडी तलाश रही पुलिस

भिवंडी, 3 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के भिवंडी शहर के ईदगाह संकुल के पास दलदली नाले में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला है। मृतका की उम्र लगभग 25 से 28 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भोइवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और सिर को पोस्टमार्टम के लिए उप-जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि हत्यारा उसका पति ही है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

फोरेंसिक टीम शव के बाकी हिस्सों की तलाश में जुटी है। डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। पति की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कुछ और राज खुलने की आशंका जताई जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में काफी झगड़ा होता रहता थी। छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी अक्सर बड़े झगड़े होते थे। माना जा रहा है कि इसी झगड़े के चलते गुस्से में आकर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 103(1) (हत्या) एवं 238 (साक्ष्य नष्ट करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सुविचार

राह संघर्ष की जो चलता है वहीं संसार को बदलता है जिसने रातों में जंग जीती है सूर्य बनकर वही निकलता है

# सम्मक्का–सरक्का जातरा तेलंगाना के स्वाभिमान का प्रतीक : मंत्रियों का दावा



हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मंत्रियों कोंडा सुरेखा, दनसारी सीतक्का और अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने आज कहा कि "सम्मक्का–सरक्का जतरा" को तेलंगाना के स्वाभिमान का प्रतीक माना जाता है और इसे बड़े पैमाने पर और सीमाओं के पार मनाया जाना चाहिए।

बुधवार को राज्य सचिवालय में "मेडारम मास्टर प्लान" पर आयोजित एक समीक्षा बैठक में, मंत्रियों ने अधिकारियों को पुजारियों की राय का सम्मान करने के साथ–साथ महा मेडारम जातरा से पहले रखरखाव और आधुनिकीकरण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। इससे पहले, पुजारियों ने अनुरोध किया था कि भक्तों की सुविधा के लिए "अम्मावारी गड्डेलु" की ऊँचाई बढ़ाई जाए और दर्शन में देरी से बचने के लिए सम्मक्का, सरलम्मा, पगीदिद्दाराजा और गोविंदराजा के मंदिरों को एक ही पंक्ति में रखा जाए।

इस अवसर पर, मंत्रियों ने भक्तों के लिए बेहतर स्वयंसेवी सहयोग, आदिवासी परंपराओं के अनुरूप मेडारम परिवेश के विकास, देश–विदेश से आने वाले भक्तों की बढ़ती संख्या के प्रबंधन हेतु स्थायी बुनियादी ढाँचे और मेले के दौरान बेहतर वाहन प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार ने आगामी महा मेडारम जातरा के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं – जो इस आयोजन के इतिहास में अभूतपूर्व है – और आश्वासन दिया कि यदि आवश्यक हुआ तो और धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, 236.2 करोड़ रुपये का मेडारम मास्टर प्लान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सम्मक्का और सरलम्मा के बलिदान और महानता को उजागर किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मास्टर प्लान के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी 'कुंभ मेला' आयोजित करने में अनुभवी एक संस्था को सौंपी गई है। मंत्रियों ने 'सम्मक्का–सरलम्मा पुजारियों' द्वारा सुझाए गए मेडारम मंदिर परिसर के प्रस्तावित पुनर्निर्माण की समीक्षा की और कुछ संशोधनों की सिफ़ारिश की। समीक्षा बैठक में प्रमुख धर्मस्व सचिव शैलजा रामअय्यर, मुलुगु कलेक्टर दिवाकर और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## केसीआर के खिलाफ साजिश रची गई : पूर्व मंत्री

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री जगदीश रेड्डी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बीआरएस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि केसीआर की छवि खराब करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा केसीआर के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग का जिक्र करते हुए, जगदीश रेड्डी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोग पहले से ही मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के शासन से नाखुश हैं। बीआरएस अपनी ताकत साबित करेगी और कांग्रेस सरकार को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, "अगर केसीआर पर आरोप लगाए जा रहे हैं, तो मुख्यमंत्री रेवंत को झुकना चाहिए। केवल समय ही सच्चाई का खुलासा करेगा।" और विश्वास जताया कि बीआरएस सत्ता में वापसी करेगी और केसीआर एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। जगदीश रेड्डी ने दावा किया कि लोगों का मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर से विश्वास उठ गया है और उन्हें एहसास हो गया है कि कांग्रेस "धोखेबाज़ वादों" के साथ सत्ता में आई है।

# हम दूसरे देशों से यूरिया का आयात नहीं कर रहे हैं: कृषि मंत्री



दिल्ली, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने आज कहा कि दूसरे देशों से यूरिया का आयात नहीं किया जा रहा है।

वह दिल्ली में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में यूरिया का उत्पादन सही समय पर नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश भर में कमी तेलंगाना को भी प्रभावित कर रही है। 9.8 लाख टन में से केवल 5.3 लाख टन राज्य को आपूर्ति की गई है। हर महीने आपूर्ति की जाने वाली यूरिया में कटौती की गई है।

सितंबर में आपूर्ति की जाने वाली 1.6 लाख टन की आपूर्ति नहीं की गई है। केवल दूसरे देशों से आने वाली यूरिया की आपूर्ति की जा रही है। यहां तक कि रामागुंडम उर्वरक कंपनी ने हमें एक भी बैग नहीं दिया है। राज्य के किसान कमी के कारण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूरिया का आखिरी कोटा सितंबर में सभी जिलों को दिया जाना चाहिए। राव ने कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण छह जिलों के सभी विभागों को भारी नुकसान हुआ है और राज्य में सड़कें, बुनियादी ढांचा और अन्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि वे केंद्र पर हथकरघा पर कर न लगाने का दबाव बना रहे हैं। तुम्मला नागेश्वर राव ने कहा, "हम केंद्र से कृषि उपकरणों पर जीएसटी हटाने का अनुरोध कर रहे हैं। पाम ऑयल के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाना चाहिए।" उन्होंने कहा कि कविता निलंबन मामले से हमारा कोई संबंध नहीं है।

इस बीच, तुम्मला नागेश्वर राव ने बीआरएस पार्टी की एमएलसी कविता के निलंबन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि कविता के निलंबन मामले से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि कालेश्वर मामले की जाँच सीबीआई को सौंप दी गई है।

## सीबीआई जांच तेलंगाना की जनता का अपमान : केटीआर

### कांग्रेस सरकार पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप



हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने बुधवार को कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश देने के फैसले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय तेलंगाना की जनता का अपमान है। केटीआर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपनी अशोभनीय टिप्पणियों और कार्यों से मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मल्लन्ना सागर और कोंडापोचम्मा सागर जैसी परियोजनाओं के जरिए हैदराबाद की अगले 50 सालों तक पेयजल जरूरतें पूरी करने वाले दूरदर्शी व्यक्ति पर निशाना साधना शर्मनाक है।

एर्रावल्ली में आयोजित कार्यक्रम में, जहाँ पिनापाका निर्वाचन क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रभाकर राव और उनके समर्थक बीआरएस में शामिल हुए, केटीआर ने कांग्रेस पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सीबीआई को "मोदी का पिट्ठू संगठन' बताया था, जबकि रेवंत रेड्डी आज उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। केटीआर ने इसे कांग्रेस पार्टी का पाखंड बताते हुए कहा कि यही उनकी दयनीय स्थिति को उजागर करता है।

# रेवंत रेड्डी के दौरे से पहले हलचल

## विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

कोत्तागुडेम, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के कोत्तागुडेम दौरे के दौरान एहतियात के तौर पर पुलिस ने बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों और जन संगठनों के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। सीपीएम जिला समिति के सदस्य भुक्या रमेश को सुबह–सुबह ही हिरासत में लेकर कोत्तागुडेम के तीन–नगर पुलिस थाने ले जाया गया। दम्मापेट में कई सीपीआई (एमएल) मास लाइन कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने पकड़ा। अश्वपुरम मंडल में ग्राम पंचायत कर्मचारी संघ के ज़िला अध्यक्ष गद्दाला शिवकृष्ण के साथ सेवालाल सेना के नेता भुक्या नरसिम्हा नायक और सोमला नायक को हिरासत में लिया गया।

तेलंगाना राज्य कार्यकर्ता कल्याण संघ के राज्य महासचिव बी. नागेश्वर राव, जिन्हें पलोंचा ग्रामीण पुलिस ने पकड़ा था, ने मांग की कि कांग्रेस सरकार राज्य के कार्यकर्ताओं से किए गए वादे पूरे करे। बीआरएस नेता पूर्ण चंद्र नायक, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया, ने इन गिरफ्तारियों की निंदा करते हुए कहा कि गैरकानूनी गिरफ्तारियों से जनांदोलनों को नहीं रोका जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने में नाकाम रही है और उसे इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर कालेश्वरम परियोजना पर पीसी घोष आयोग की रिपोर्ट का इस्तेमाल कर बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

## बंड़ी ने कविता के इस्तीफ़े के उद्देश्य पर सवाल उठाए

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के. कविता को बीआरएस से निलंबित किए जाने और राज्य विधान परिषद में उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने आज कविता के इस्तीफे के उद्देश्य पर ही सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया, "इससे लोगों को क्या हासिल होगा? यह कुछ और नहीं बल्कि कांग्रेस और बीआरएस द्वारा कालेश्वरम सिंचाई परियोजना घोटाले से ध्यान हटाने के लिए रचा गया एक नाटक है।" पत्रकारों से बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि तेलंगाना की जनता चल रही 'राजनीतिक चालों' को देख रही है। अगर आज चुनाव होते हैं, तो भाजपा सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि बीआरएस आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करना उनकी ज़िम्मेदारी है।

# करीमनगर में टूटी सड़क पर बैठकर सामाजिक कार्यकर्ता का अनोखा विरोध

### अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल, कहा- सड़क कर और जुर्माना वसूली में ही व्यस्त हैं जिम्मेदार




करीमनगर, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक कार्यकर्ता कोटा श्याम कुमार ने बुधवार को रेकुर्थी चौक पर करीमनगर–जगतियाल सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से पर बैठकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने शहर में सड़कों की मरम्मत में अधिकारियों की लापरवाही को उजागर किया। हेलमेट पहनकर श्याम कुमार टूटी–फूटी सड़क पर बैठे और यात्रियों की दुर्दशा की ओर ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि लोग सरकार को वाहन कर, सड़क कर और कई अन्य शुल्क चुका रहे हैं। साथ ही, हेलमेट न पहनने या सीट बेल्ट न लगाने जैसी गलतियों पर भारी जुर्माना भी भरना पड़ता है।

श्याम कुमार ने आरोप लगाया कि अधिकारी जुर्माना वसूलने में तो तत्पर रहते हैं, लेकिन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते। उन्होंने कहा कि ऊबड़–खाबड़ सड़कें वाहनों को नुकसान पहुँचाने के साथ–साथ लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का भी शिकार बना रही हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर अधिकारी सड़क की मरम्मत नहीं करेंगे तो कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर नागरिकों को कितना जुर्माना देंगे।

# कडपाल गाँव में तेंदुए का आतंक

### बछड़े पर हमला, ग्रामीणों में दहशत



संगारेड्डी, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। कडपाल गांव में जंगल से भटककर आए एक तेंदुए ने एक बछड़े को मार डाला। वन अधिकारी इलाके पर नज़र रख रहे हैं और ग्रामीणों को रात में अकेले बाहर न निकलने की चेतावनी दी है।

स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। जंगल से भटककर आए एक तेंदुए ने मंगलवार देर रात सिरगापुर मंडल के कडपाल गांव में एक बछड़े को मार डाला, जिससे निवासियों में भय फैल गया। यह घटना उस समय हुई जब किसान ठुकराम, जो गाँव के बाहरी इलाके में अपने खेत में बने एक शेड में अपने मवेशी बाँध रहा था, वापस लौटा तो उसने अपने एक मवेशी का आधा खाया हुआ शव देखा।

उसने तुरंत वन और पुलिस अधिकारियों को सूचित किया। वनकर्मी मौके पर पहुँचे, पैरों के निशान और अन्य साक्ष्य एकत्र किए और इलाके की निगरानी शुरू कर दी। उन्होंने ग्रामीणों को अकेले घूमने से सावधान किया और रात में बाहर न निकलने की सलाह दी। इस घटना से कडपाल और आसपास के गाँवों के लोगों में दहशत फैल गई।

## 94 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मद्य निषेध और आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को सेरिलिंगमपल्ली इलाके में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक का नाम वामशी कृष्णा है, जो मूल रूप से आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। अधिकारियों ने उसके पास से 94.2 ग्राम चरस बरामद की। जांच में पता चला कि वामशी हिमाचल प्रदेश में ढाबा चलाता है और वहीं से उसने यह नशीला पदार्थ खरीदा था। योजना यह थी कि हैदराबाद आकर वह चरस को ऊँचे दामों पर बेचेगा। सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने समय रहते कार्रवाई की और उसे ग्राहकों तक नशीला पदार्थ पहुँचाने से पहले ही पकड़ लिया। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, KHANDU LIMBAJI HAKE Father of Mr HAKE GANESH KHANDU presently residing at Vill-Gadadarwadi, Post - KHANDOBACHIWADI, Teh-baramati , Distt- pune (maharashtra) PIN- 412102 have changed my name from HAKE KHANDU LIMBA to KHANDU LIMBAJI HAKE vide affidavit dt 24 Jul 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

I, KALABAI KHANDU HAKE mother of Mr HAKE GANESH KHANDU presently residing at Vill-Gadadarwadi,Post - KHANDOBACHI-WADI , Teh- baramati , Distt- pune (maharashtra) PIN- 412102 have changed my name from KALABAI to KALABAI KHANDU HAKE vide affidavit dt 02 Sep 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# एससीआर ने अब तक का सर्वाधिक 8,593 करोड़ रुपये का सकल प्रारंभिक राजस्व अर्जित किया

### 60.4 मिलियन टन माल लदान और 5,634 करोड़ रुपये का माल राजस्व



हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा अब तक के सर्वोच्च माल लदान प्रदर्शन की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, ज़ोन ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त की अवधि के दौरान अब तक का सर्वाधिक 8,593 करोड़ रुपये का सकल प्रारंभिक राजस्व दर्ज किया है।

इससे पहले इसी अवधि के दौरान पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज 8,457 करोड़ रुपये का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इस अवधि के दौरान माल लदान प्रदर्शन भी इसी अवधि के किसी भी वित्तीय वर्ष की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

उपरोक्त अवधि के दौरान ज़ोन का माल लदान 60.4 मिलियन टन (एमटी) और माल राजस्व 5,634 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। पिछला सर्वश्रेष्ठ पिछले वर्ष यानी अप्रैल–अगस्त 2024 के दौरान प्राप्त 56.6 मीट्रिक टन प्रारंभिक लोडिंग था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में चालू वित्त वर्ष में 6.77 की वृद्धि दर्शाता है। इस अवधि यानी अप्रैल से अगस्त 2025 के दौरान दर्ज यात्री राजस्व 2,500 करोड़ रुपये है, जो ज़ोन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। यह पिछले वर्ष के 2,445 करोड़ रुपये के यात्री राजस्व की तुलना में 2.27 अधिक है।

इस अवधि के दौरान ज़ोन ने 119 मिलियन यात्रियों को ढोया है। ज़ोन अपने माल यातायात को मजबूत करने के साथ–साथ यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन पर संतुलित ध्यान दे रहा है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हुआ है। ज़ोन वैगनों की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने, मालगाड़ियों की आवाजाही की निगरानी आदि के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## आईएसबी का नया ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम

**"मास्टरिंग एग्जीक्यूटिव प्रेजेंस' कोर्स 12 अक्टूबर से शुरू होगा**

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने 15 सप्ताह का ऑनलाइन "सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन मास्टरिंग एग्जीक्यूटिव प्रेजेंस' शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम अनुभवी नेताओं, वरिष्ठ पेशेवरों, उद्यमियों और नई नेतृत्व भूमिकाओं में प्रवेश करने वालों को उनकी कार्यकारी उपस्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मविश्वास से पेश आने, स्पष्ट संवाद स्थापित करने और विभिन्न संगठनात्मक परिस्थितियों में प्रभाव डालने की क्षमता विकसित करना है। लचीले ऑनलाइन प्रारूप में प्रस्तुत यह कार्यक्रम स्व–गति से सीखने को आईएसबी संकाय और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा लिए जाने वाले लाइव वर्चुअल सत्रों के साथ जोड़ता है।

प्रतिभागी पूर्व–रिकॉर्ड किए गए संकाय–निर्देशित वीडियो, इंटरैक्टिव गतिविधियों, सामाजिक शिक्षण सत्रों और एआई–आधारित सिमुलेशन के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

# नलगोंडा की महिला के अंगदान से कई मरीजों को नई जिंदगी

### ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिवार ने लिया मानवता भरा फैसला



हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले के नोमुला, नकीरेकल की रहने वाली 47 वर्षीय गृहिणी माचरला पुन्नम्मा को डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद उनके परिवार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित जीवनदान अंगदान कार्यक्रम के तहत उनके अंग जरूरतमंद मरीजों को दान करने का निर्णय लिया।

26 अगस्त को पुन्नम्मा ऑटो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गहन देखभाल के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने 2 सितम्बर को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद उनके पति वेंकन्ना ने अंगदान की सहमति दी। डॉक्टरों ने पुन्नम्मा के दो गुर्दे, दो कॉर्निया, लीवर, फेफड़े और हृदय निकालकर जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित किए। इस फैसले से कई मरीजों को नई जिंदगी मिलने की उम्मीद जगी है।

## हैदराबाद में 6 सितम्बर को सरकारी अवकाश घोषित

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि 6 सितम्बर (शनिवार) को हैदराबाद, सिकंदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल–मलकजगिरी जिलों के सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। यह निर्णय गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके बदले, 11 अक्टूबर, जो कि दूसरा शनिवार है, को इन जिलों में सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज खुले रहेंगे और इसे कार्य दिवस माना जाएगा।

# घर से 195 बोतल शराब बरामद, महिला समेत तीन गिरफ्तार

### ललिताबाग में छापेमारी, महंगे दामों पर शराब बेचने का कर रहे थे धंधा

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने पुराने शहर के ललिताबाग इलाके में एक घर पर छापा मारकर अवैध रूप से रखी गई 195 बोतल शराब जब्त की। इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में एन शोभा रानी, दीपक कुमार और नीतीश कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, शोभा रानी के खिलाफ पहले से ही 33 मामले दर्ज हैं और कुछ साल पहले उस पर पीडी एक्ट भी लगाया जा चुका है।

चत्रिनाका पुलिस ने बताया कि शोभा रानी अलग–अलग शराब दुकानों से शराब खरीदकर अपने घर में महंगे दामों पर बेचती थी। इतना ही नहीं, उसने अपने घर के अंदर ग्राहकों को बैठकर देर रात तक शराब पीने की भी व्यवस्था कर रखी थी। गुप्त सूचना मिलने पर, कमिश्नर की टास्क फोर्स (दक्षिण) की टीम ने घर पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में शराब बरामद की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।


## बीजेपी नेता दोस्त की बीवी के खर्च उठाता था



### प्रयागराज में हर महीने मोटी रकम देता

प्रयागराज, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बीजेपी नेता रणधीर सिंह यादव की हत्या के बाद लव अफेयर के नए फैक्ट सामने आए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि रणधीर सिंह यादव का लव अफेयर उसकी हत्या के मुख्य आरोपी डॉ उदय की पत्नी अंजली से था। रणधीर अपने बैंक अकाउंट से हर महीने एक फिक्स रकम अंजली को ट्रांसफर करता था। पुलिस मान रही है कि अंजली इस रकम को अपनी जरूरतों पर खर्च करती होगी। पुलिस ने डॉ उदय, उसकी पत्नी अंजली और दोस्त रणधीर के सर्किल में आने वाले सभी लोगों से पूछताछ पूरी कर चुकी है। इसमें सामने आया है कि 8 साल पहले रणधीर और उदय दोस्त बने थे। वहीं, 3 साल पहले उदय की पत्नी अंजली का झुकाव रणधीर की तरफ हो गया था। रणधीर का कत्ल करने वाले डॉ उदय की तलाश में पुलिस की टीमें यूपी में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। वहीं, उदय अपने साथ रणधीर का मोबाइल भी साथ लेकर गया है, जो 10 दिन से स्विच ऑफ है।

## जेल में बंद मुस्कान बोली-श्रीकृष्ण जैसा बेटा चाहती हूं



मेरठ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। महिला बंदियों से ऐसी इच्छा पति सौरभ की हत्या में बंद मुस्कान रस्तोगी ने जताई है। कोर्ट में पेशी के दौरान ये बातें सामने आई कि मुस्कान ने कृष्ण जन्माष्टमी पर व्रत रखा था। वो जेल में प्रेग्नेंट महिलाओं की बैरक में बंद है। मुस्कान का यह स्टेटमेंट आने के बाद एक बार फिर चर्चा शुरू हो चुकी है कि आखिर उसके बच्चे का पिता कौन है? दरअसल, मुस्कान का 27 अगस्त को अल्ट्रासाउंड कराया गया था। डॉक्टर के मुताबिक, वह करीब 26 सप्ताह पहले प्रेग्नेंट हुई थी। देखा जाए, तो यह वही टाइम है, जब सौरभ लंदन से मेरठ आया था, यानी 22 फरवरी के आस-पास का। दूसरी तरफ, मुस्कान अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ भी लगातार संपर्क में थी।

उससे संबंध भी बना रही थी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि ये बच्चा उसके पति सौरभ का है या फिर जेल में उसके साथ सजा काट रहे बॉयफ्रेंड साहिल का। वहीं, सौरभ का परिवार पहले ही कह चुका है कि पुलिस से कानूनी प्रक्रिया से बच्चे का डीएनए टेस्ट कराना चाहिए। जिससे साफ हो सके कि बच्चे का असली पिता कौन है? अगर यह बच्चा सौरभ का होगा, तो उसकी परवरिश परिवार करेगा। दूसरी तरफ, कोर्ट में सौरभ हत्याकांड की का ट्रायल शुरू हो चुका है। गवाहों के बयान हो रहे हैं। पुलिस ने मुस्कान और साहिल के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया है।

## पहली बार पकड़ाया लेकिन नहीं चेता दूसरी बार फिर वही जुर्म; अब कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा



पटना, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में दूसरी बार शराब तस्करी के मामले में दोषी पाए जाए पर एक आरोपी को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अररिया एक्सक्लुसिव एक्साइज कोर्ट की स्पेशल जज शेफाली नारायण की कोर्ट ने दोषी को ये सजा सुनाई। इतना ही कोर्ट ने ये भी आदेश दिया कि अगर दोषी जुर्माने की रकम नहीं देता तो उसे एक साल की साधारण कारावास भुगतनी होगी। कोर्ट ने जिस केस में दोषी को सजा सुनाई है, उसमें शिकायतकर्ता पुलिस निरीक्षक छोटे लाल चौहान हैं। इस केस में एफआईआर नरपतगंज (बथनाहा) थाना में दर्ज की गई थी। दोषी नरपतगंज थाना इलाके के जिमराही वार्ड संख्या तीन का निवासी है। उसका नाम प्रमोद यादव (30) है।

## गर्भवती महिला की मौत को लेकर बवाल

पश्चिम चंपारण, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया नगर थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगर के हॉस्पिटल रोड स्थित न्यू पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ते देख अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में क्लिनिक पर ताला जड़ दिया और डॉक्टर व स्टाफ फरार हो गए।

# 21 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा पावर प्लांट

## 15 सितंबर को पीएम मोदी कर सकते हैं शिलान्यास



भागलपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को बिहार दौरे पर आएंगे। इस दौरान उनके द्वारा पीरपैंती पावर प्लांट परियोजना का शिलान्यास किए जाने की संभावना है। इसी को लेकर बिहार सरकार के ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी मनोज कुमार सिंह मंगलवार को हेलीकॉप्टर से पीरपैंती पहुंचे और पावर प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अदाणी पावर कंपनी के अधिकारियों को काम की गति तेज करने का निर्देश दिया।

बता दें, 21 हजार करोड़ की लागत से इस पावर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। स्थलीय निरीक्षण के बाद ऊर्जा सचिव ने पीरपैंती प्रखंड के ट्रायसेम भवन में जिला प्रशासन, ऊर्जा विभाग और अडानी कंपनी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जमीन अधिग्रहण और निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई। सचिव ने निर्देश दिया कि अक्टूबर तक सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए पर्याप्त जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है और जल्द ही प्रारंभिक निर्माण कार्य शुरू होगा। सचिव ने इसे बिहार का सबसे बड़ा बिजली प्रोजेक्ट बताया और कहा कि यह क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल भागलपुर और आसपास का सर्वांगीण विकास होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। ऊर्जा सचिव ने अपील की कि स्थानीय लोग इस परियोजना में सहयोग करें ताकि अधिकारियों का मनोबल बढ़े और यह बहुप्रतीक्षित सपना पूरा हो सके।

इस दौरान भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध है। किसानों का लंबित मुआवजा भी दे दिया गया है और अब किसी तरह की समस्या नहीं है। अडानी पावर कंपनी, जिला प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर पूरी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। डीएम ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को लेकर तैयारियों की भी समीक्षा की और कुछ स्थानों का निरीक्षण किया।

लगभग 21 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्लांट, 800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाला होगा, जिसका निर्माण अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने इस परियोजना को हाल ही में मंजूरी दी है, जिसके बाद निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से बिहार को 6.075 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी, जो राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पीएम मोदी की मां पर टिप्पणी पर बोले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

### गोमाता का दूध पीएं ताकि बुद्धि शुद्ध हो

लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को आपत्तिजनक शब्द कहे जाने का मामला गरमाया हुआ है। इस पूरे विवाद पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि ये सब इसलिए हो रहा है क्योंकि बुद्धि में विकार आ गया है।

गोमाता का दूध पीएं ताकि बुद्धि शुद्ध हो और माताओं का अपमान करना छोड़ें। कोई भी नेता हो किसी की मां के ऊपर किसी के बाप के ऊपर जाने का किसी को अधिकार नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि आप व्यक्तिगत आमने-सामने की लड़ाई लड़िए। किसी के माता-पिता पर क्यों जाते हैं? सबकी मां उसके लिए पूजनीय है और किसी की भी मां हम सब के लिए भी पूजनीय है।

जो भी मां है वो हमारे लिए आदरणीय और पूजनीय है। भगवान ने भी कहा है कि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होते हैं। ये भारत की संस्कृति है। राजनीतिक लड़ाई व्यक्तिगत स्तर पर होनी चाहिए, इसके लिए, माता-पिता जैसे पवित्र रिश्तों को निशाना नहीं बनाना चाहिए। इस तरह की टिप्पणियां न केवल निंदनीय हैं बल्कि समाज में नकारात्मकता भी फैलाती हैं।

## अनुप्रिया पटेल ने फिर उठाई ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा 15 लाख करने की मांग



लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अपना दल (एस) के मासिक बैठक में पार्टी की अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक बार फिर से ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा आठ लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख करने की मांग उठाई है। साथ ही उन्होंने ओबीसी मंत्रालय के गठन पर भी जोर देते हुए कहा कि पिछड़े समाज का हित राजग सरकार में ही सुरक्षित है।

उन्होंने योगी सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग भर्ती के लिए स्वतंत्र निगम का गठन करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले से पार्टी द्वारा लंबे समय से की जा रही आउटसोर्सिंग के पदों की भर्ती में आरक्षण की मांग भी पूरी होगी। राजधानी के विश्वेश्वरैया सभागार में पार्टी की मासिक बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जब सत्ता में रहे तो उन्होंने ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा नहीं बढ़ाई। ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा पहले भी राजग सरकार ने ही छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये की थी। अब परिस्थितियों को देखते हुए इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए बूथ मजबूत करेगी पार्टी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी बूथ स्तर तक अपना संगठन मजबूत करेगी।

पंचायत चुनाव राजग के साथ लड़ने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अभी इस पर बात नहीं हुई है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि विधानसभा प्रभारी बनाए गए पदाधिकारी अपनी-अपनी विधानसभा की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें।

# मेडिकल कॉलेजों में 79% आरक्षण पर हाईकोर्ट का फैसला

## आज फैसला : बड़ी राहत या बड़ा झटका?



प्रयागराज, 3 सितंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने आंबेडकर नगर, कन्नौज, जालौन और सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षित वर्ग के लिए 79% से अधिक सीटें आरक्षित करने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश को रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली विशेष अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब इस मामले में 4 सितंबर 2025 को अंतिम निर्णय आने की उम्मीद है।

यह फैसला मेडिकल शिक्षा में आरक्षण नीति को लेकर देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि इस मामले की शुरुआत तब हुई जब नीट-2025 अभ्यर्थी सबरा अहमद ने एकल पीठ में याचिका दायर की थी। सबरा, जिन्होंने 523 अंक और अखिल भारतीय रैंक 29,061 हासिल की, ने दलील दी कि 2010 और 2015 के बीच जारी सरकारी आदेशों ने आरक्षण की सीमा को गैरकानूनी रूप से बढ़ा दिया। याचिका में कहा गया कि इन कॉलेजों में 85-85 सीटों में से अनारक्षित वर्ग को केवल 7 सीटें आवंटित की गईं, जो 50% आरक्षण की वैधानिक सीमा का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने पिछले बृहस्पतिवार को इन आदेशों को रद्द कर दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए विशेष अपील दायर की, जिस पर न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने सुनवाई की। सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता जे एन माथुर, संजय भसीन और सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी सहित एक मजबूत कानूनी टीम तैनात की।

साथ ही लखनऊ पीठ में 10 अतिरिक्त महाधिवक्ता भी मौजूद रहे। सरकार की ओर से दलील दी गई कि उच्चतम न्यायालय के इंदिरा साहनी मामले में 50% से अधिक आरक्षण की अनुमति दी गई थी, जिसके आधार पर ये आदेश वैध हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इन मेडिकल कॉलेजों में अनारक्षित वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव हुआ, क्योंकि 79% से अधिक सीटें आरक्षित कर दी गईं। यह मामला मेडिकल शिक्षा में आरक्षण नीति और समता के सिद्धांत के बीच संतुलन को लेकर गरमा गया है।

सरकार का तर्क है कि विशेष परिस्थितियों में यह कदम उठाया गया, लेकिन एकल पीठ ने इसे असंवैधानिक माना। खंडपीठ ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। 4 सितंबर को आने वाला निर्णय इस बात का निर्धारण करेगा कि क्या इन कॉलेजों में आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था बरकरार रहेगी या बदलाव होगा। यह फैसला मेडिकल छात्रों और अभिभावकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## योगी सरकार के फैसले से खुश हुईं बसपा सुप्रीमो मायावती, मुख्यमंत्री को कहा 'धन्यवाद'



कानपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कानपुर के बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने के प्रस्ताव को विवादों के बीच रद्द कर दिया गया है। योगी सरकार के इस फैसले का बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने स्वागत किया और इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारे का वातावरण नहीं बिगड़ना चाहिए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा- 'कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का यह अति-विवादित प्रस्ताव रद्द किये जाने की आज मीडिया में खबर छपी है, जिसका स्वागत व यूपी सरकार को इसके लिये धन्यवाद भी है। उम्मीद है कि सरकार आगे अन्यत्र कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षड्यंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख्ती करेगी ताकि समाज में शान्ति-व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बिगड़ने ना पाये।' दरअसल पूरा मामला कानपुर में कल्याणपुर के इंद्रानगर में बने बुद्धा पार्क को लेकर है। इस पार्क का निर्माण साल 1997 में मायावती की सरकार में कराया गया था। इस पार्क में प्रयागराज के शिवालय पार्क की तर्ज पर 12 ज्योतिर्लिंगों के स्वरूप को स्थापित करने की तैयारी थी। जिसके बाद इस पार्क को लेकर विवाद हो गया था।

बीते दिनों बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज कराई थी और इस फैसले का विरोध किया था। उन्होंने एक्स पर कहा कि यहां हर धर्म के लोगों के अपने-अपने पूजास्थल हैं, जिसके तहत ही कानपुर नगर में बुद्ध पार्क स्थित है जो यह बौद्ध धर्म एवं अम्बेडकर अनुयायियों के आस्था का केन्द्र है।

## बाराबंकी लाठीचार्ज मामला

### अखिलेश यादव बोले- कार्यकर्ताओं को पिटवाकर मरहम लगाने का नाटक कर रही बीजेपी

लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) से एलएलबी कोर्स की मान्यता रद्द होने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। इस घटना में 25 से अधिक लोग घायल हुए, जिसके बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार पर जोरदार तंज कसा है। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आपसी झगड़ों में पिटवाया जा रहा है और फिर दिखावटी माफी मांगकर मरहम लगाने का नाटक किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, ये भाजपाइयों इसी तरह बहलाते हैं।।। पहले आपसी झगड़े में ख़ुद ही बल भर पिटवाते हैं। फिर दिखावटी माफ़ी माँगने के लिए कान में फुसफुसाते हैं। उसके बाद 'हड्डी तक पहुँची' चोटों पर बातों का 'बाहरी-ऊपरी' मलहम लगाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सत्ताधारियों की अंदरूनी लड़ाई है, जिसमें 'परिषद' और 'वाहिनी' के बीच टकराव में छात्र पिस रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि छात्र अब सवाल कर रहे हैं कि 'मुख्य' पिटवा रहे हैं और 'उप' हाल पूछने आ रहे हैं, क्या यह सब मिलीभगत है या भिड़ंत? दरअसल सोमवार को बाराबंकी में एलएलबी छात्रों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी के बाहर प्रदर्शन किया, जहां पुलिस ने कथित तौर पर लाठीचार्ज किया

# पीएम मोदी को गाली देने के विरोध में एनडीए ने बुलाया बंद, आज किया जाएगा चक्का जाम



पटना, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए, गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे मामले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी ने इसे लेकर बिहार बंद का ऐलान किया है।

इस पूरे मामले पर मंत्री नितिन नवीन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी का देश के लोगों के साथ जिस प्रकार का जुड़ाव है। उन्होंने एक सेवक की तरह महिलाओं के लिए काम किया है। उस व्यक्ति को अपमानित करने का काम बिहार की धरती से किया गया। निश्चित तौर पर बिहार की सब मां और बेटे मिलकर नरेंद्र मोदी के इस अपमान का बदला लेंगे। वहीं बिहार सरकार की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा, अगर किसी की मां का कोई अपमान करता है तो उसे भगवान भी माफ नहीं करता। इन्हें सजा मिलेगी। हर व्यक्ति को अपनी मां का अपमान महसूस हुआ है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को क्या पता कि मां का दर्द क्या होता है। प्रधानमंत्री मोदी की मां साधारण महिला थीं उन्होंने काम करके बच्चों को पढ़ाया है।

पूरा देश आक्रोश में है। बिहार की जनता इन्हें (राहुल गांधी और तेजस्वी यादव) सबक सिखाएगी। कल पूरे बिहार में स्वतः 12 बजे तक बिहार बंद रहेगा। मां के अपमान पर पीएम मोदी ने भी मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि, ऐसे सिर्फ उनकी मां का अपमान नहीं है, बल्कि पूरे देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है, बल्कि हिंदुस्तान की हर मां, बहन और बेटी का अपमान है। जो दर्द मेरे दिल में है, वही दर्द बिहार के लोगों के दिल में भी है। हर मां-बेटी के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई है। बता दें कि बीजेपी नेताओं ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है।

कांग्रेस और आरजेडी बीजेपी के निशाने पर है। 4 सितंबर को बिहार बंद का ऐलान किया गया है। इस बंद का आह्वान बिहार बीजेपी महिला मोर्चा की ओर से किया गया है। दरअसल दरभंगा में एक मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर अपमानजनक टिप्पणी की गई थी, जिसकी चौतरफा निंदा की गई। अपमानजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## लखनऊ में महिन्द्रा थार गाड़ी में मिला 20 किलो गोमांस

### पुलिस ने कर दी आरोपी पर कार्रवाई

लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बड़ा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। राजधानी के हजरतगंज के मल्टी लेवल पार्किंग के प्रथम तल पर बिना नंबर महिन्द्रा थार गाड़ी में गोमांस बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक, वाहन का मालिक गौ मांस को कहीं ले जाने की फिराक में था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की है। हजरतगंज में वाहन में गोमांस मिलने की सूचना पर चौकी प्रभारी शिवानी सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ कार्रवाई की। पुलिस ने मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी काले रंग की महिन्द्रा थार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने जब महिन्द्रा थार गाड़ी को खोला तो उसे डिग्गी में कई कैरी बैग के बीच समान के साथ 20 किलो गो मांस मिला।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन स्वामी मो। वासिफ को हिरासत में लेकर मौके पर पूछताछ की है। आरोपी को पुलिस ने गोमांस के साथ गिरफ्तार किया है। हजरतगंज एसीपी विकास जायसवाल और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस को ये कामयाबी मिली है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी गुईन रोड थाना अमीनाबाद क्षेत्र का निवासी है।

## ट्रक में घुसी कार, तीन की दर्दनाक मौत

अमेठी, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अमेठी जिले के बाजार शुकुल क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कार हादसे के बाद पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। तीनों शव अंदर फंसे हुए थे। थाना अध्यक्ष अवनीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया।

## ट्रेन के आगे कूदी 25 साल की लड़की

अयोध्या, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अयोध्या में 25 साल की लड़की ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। शव के पास आई फोन मिला। उस पर आई एक कॉल से उसकी शिनाख्त हुई। शव के पास सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- मैं बार-बार गलती कर रही थी। न अच्छी बेटी बन पाई न बहन। मुझे माफ करना। एसआई बृजेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया- युवती का नाम सौम्या शुक्ला था। वह देवकाली इलाके के केला छावनी लालबाग इलाके की रहने वाली थी। लखनऊ-अयोध्या रूट पर सोहावल स्टेशन से 500 मीटर दूर शव मिला। ट्रैक से 3-4 फीट दूर पड़ा था। लड़की नीली जींस, रेड-व्हाइट टीशर्ट पहने थी। युवती का घर वहां से 30 किमी दूर है।

## दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी 25 दिन से फरार

पटना, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पटना के नौबतपुर में कोचिंग टीचर पर नाबालिग छात्रा से दुराचार के प्रयास मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। 25 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी शिक्षक फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए, वारंट लिया है और जल्द कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की बात कही है 15 वर्षीय पीड़िता नौवीं कक्षा की छात्रा है। वह गांव में दादी के साथ रहती है। माता-पिता दिल्ली में रोजगार करते हैं। छात्रा स्थानीय कोचिंग में पढ़ने जाती थी। पीड़िता की मां के मुताबिक, आरोपी शिक्षक लंबे समय से छात्रा से छेड़छाड़ करता था। डर की वजह से उसने कोचिंग जाना छोड़ दिया।

इसके बाद आरोपी उसके घर पहुंचकर धमकाने लगा। परिजनों ने बताया कि आरोपी ने एक दिन छात्रा को जबरन गाड़ी में बैठाकर होटल ले गया और वहां दुराचार का प्रयास किया। बाद में डरा-धमकाकर उसे घर छोड़ दिया। इतना ही नहीं, किसी को बताने पर पीड़िता को अंजाम भुगतने की धमकी दिया गया। छात्रा ने डर के कारण चुप्पी साध ली, लेकिन जब परिवार ने उससे पूछा तो उसने पूरी घटना बताई। परिवार ने 8 अगस्त को नौबतपुर थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता का 164 का बयान न्यायालय में दर्ज कराया है। परिजनों ने इस मामले की शिकायत महिला आयोग से भी की है।

## अपने ही थाने में इंस्पेक्टर-दारोगा के खिलाफ केस, चोरी-डकैती के आरोप

कानपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में चकेरी थाना है। इस थाने के इंस्पेक्टर-दारोगा के खिलाफ इसी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है। लाल बंगला निवासी एक महिला की शिकायत पर चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला, तत्कालीन चौकी प्रभारी अंकित खटाना के खिलाफ डकैती, दंगा, चोरी और तोड़फोड़ जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता का आरोप है कि हाईकोर्ट और एफटीसी सीनियर डिवीजन कोर्ट में विचाराधीन विवादित प्लॉट पर पुलिस व बाहरी लोगों की मदद से जबरन कब्जा कराया गया। चंद्र नगर निवासी संगीता जायसवाल ने बताया कि जिस प्लॉट पर विवाद है, उस पर उनकी दुकानों का निर्माण है और वह नियमित रूप से नगर निगम को हाउस टैक्स भी जमा करती हैं। उनका कहना है कि वह जमीन सुशील और अभिषेक के साथ लंबे समय से विवादित है।

## पंचकूला में बड़ा हादसा स्कूली बच्चों से भरी कार पर गिरा पेड़, 6 बच्चे घायल

पंचकूला, 3 सितंबर (एजेंसियां)। मूसलाधार बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया। प्राइवेट स्कूल के बाहर स्कूली बच्चों से भरी कार पर भारी भरकम पेड़ गिरने से कार में सवार 6 स्कूली घायल हो गए। इन घायल बच्चों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल भेजा गया। बच्चों के पिता आनंद अत्री ने हादसे की जानकारी दी है। यह पंचकूला के सेक्टर 4 की घटना है। अपने बच्चों को आनंद अत्री के भाई अनूप अत्री के साथ पंचकूला के सेक्टर 4 स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल छोड़ने आए थे। इसी दौरान स्कूल के बाहर एक बड़ा भारी भरकम पेड़ कार पर आ गिरा।

इस हादसे के दौरान कार में अनूप अत्री और 6 बच्चे सवार थे, जिसमें आनंद अत्री के अपने दो बच्चे और उनके भाई अनूप अत्री के दो बच्चे और उनकी बहन के दो बच्चे सवार थे। पंचकूला जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता द्वारा आज सुबह ही पंचकूला जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केद्रों में अवकाश घोषित किया था, लेकिन पंचकूला के कई प्राइवेट स्कूल अभिभावकों को जबरदस्ती बच्चों को स्कूल भेजने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

रात में पीजी में घुसा 'मास्कमैन'

## लड़की के हाथ-पैर बांधकर की दरिंदगी पैसे लेकर हुआ फरार

बेंगलूरू, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की सिलिकॉन सिटी यानी बेंगलुरु में हो रहे यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मामलों की सूची में एक और मामला जुड़ गया है। इस बार यौन उत्पीड़न की घटना महिलाओं के लिए सुरक्षित माने जाने वाले एक पीजी में हुई। जानकारी के अनुसार,सुड्डागुंटेपल्या पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिला पीजी में घुसे एक व्यक्ति ने वहां एक युवती का यौन उत्पीड़न किया। ये घटना 29 अगस्त की भोर तीन बजे की बताई जा रही है। घटना को लेकर सुड्डागुंटेपल्या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। यौन उत्पीड़न की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। 29 अगस्त की भोर तीन बजे, नकाब पहने हुए एक व्यक्ति पीजी में आया और युवती के कमरे में घुस गया।

युवती को पता चला कि कोई उसके कमरे में आया, लेकिन उसे लगा कि उसकी रूममेट होगी। यह सोचकर वो सो गई। फिर आरोपी व्यक्ति ने कमरे का दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया। इसके बाद आरोपी युवती के पास गया और उसके हाथ-पैर बांध दिए। युवती को उसके व्यवहार का पता चला तो उसने विरोध किया और चीखते हुए आरोपी को लात मारी, लेकिन आरोपी ने युवती का यौन उत्पीड़न किया और उससे मारपीट की। फिर अलमारी से 2,500 रुपये निकाले और भाग गया।

## शिक्षक ने कान पकड़कर लगाई उठक-बैठक, फिर लिखा माफीनामा

खरगोन, 3 सितंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के ग्रामीण अंचल के एक शासकीय स्कूल के मुस्लिम शिक्षक से हिन्दू संगठनों के द्वारा कान पकड़कर उठक बैठक लगवाने और माफीनामा लिखवाने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। अतिथि शिक्षक पर आरोप था कि वो स्कूल में छात्रों के कलावा बांधकर आने और माथे पर तिलक लगाने का विरोध करता था। इसको लेकर सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचकर शिक्षक का विरोध दर्ज कराते हुए उन्हें हटाये जाने की मांग की। वहीं, इसको लेकर स्कूल प्राचार्य का कहना है कि शिकायत के बाद अब अतिथि शिक्षक को हटाने का प्रस्ताव सहायक आयुक्त को भेजा जाएगा।

# शीना बोरा केस: विधि मुखर्जी ने सीबीआई की चार्जशीट पर उठाए सवाल

### अदालत में अचानक बदला बयान



मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां)। शीना बोरा मर्डर केस एक बार फिर सुर्खियों में है। इस केस की मुख्य गवाह विधि मुखर्जी ने जांच एजेंसियों को दिए बयान से पल्ला झाड़ लिया है। उनका कहना है कि सीबीआई ने फर्जी तरीके से उनसे हस्ताक्षर करवाकर आरोपपत्र दाखिल किया है। उनकी मां इंद्राणी मुखर्जी पूरी तरह बेगुनाह है। विधि मुखर्जी ने अदालत में स्पेशल सीबीआई जज जेपी दारेकर के सामने गवाही देते हुए कहा कि सीबीआई की चार्जशीट मनगढ़ंत है और इसके जरिए किसी को फंसाने की साजिश रची जा रही है। 2012 में शीना बोरा की हत्या का इल्जाम इंद्राणी पर लगा था। इंद्राणी की बेटी विधि का कहना है कि इंद्राणी और शीना बहनों की तरह थीं।

यह काम राहुल और राबिन ने किया है। शीना बोरा की मौत के बाद मेरी मां इंद्राणी को फंसाया गया और फिर उनके करोड़ों के कीमती गहने और बैंक अकाउंट से 7 करोड़ रुपये गायब कर दिए गए। इंद्राणी मुखर्जी जमानत पर बाहर हैं। विधि का कहना है कि शीना बोरा के मर्डर के दौरान वो बहुत छोटी थी। उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उसे बचपन में गहरे सदमे से गुजरना पड़ा। विधि ने अदालत को बताया कि मुंबई पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया था, फिर सीबीआई ने भी सवाल किए।

**जबरन साइन करवाया: विधि**

विधि ने पुलिस या सीबीआई के सामने किसी भी रिकॉर्डिंग से साफ इनकार किया है। विधि का दावा है कि जांच एजेंसियों ने उससे कोरे कागज और ईमेल की कॉपियों समेत कई दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर करवाए थे। बता दें कि शीना बोरा की हत्या का आरोप इंद्राणी मुखर्जी पर लगा है।

इसके अनुसार, इंद्राणी ने अपने ड्राइवर श्यामवर राय और पूर्व पति संजीव खन्ना के साथ मिलकर कार में शीना का कत्ल किया और फिर रायगढ़ के जंगलों में उसका शव जला दिया गया। 2015 में जब श्यामवर राय को पुलिस ने किसी दूसरे केस में गिरफ्तार किया, तब उसने शीना बोरा मर्डर केस का सच भी उगल दिया।

## ट्रेनों में चोरी करने वाली महिलाओं का मददगार कौन

### पुलिस ने झुग्गी से दबोचा तो थाने पहुंचा वकील

ग्वालियर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों के हैंडबैग से जेवरात चोरी करने वाली दो शातिर महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 15 हजार रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मामले का खुलासा मंगलवार को किया। जीआरपी ने फूलबाग क्षेत्र स्थित स्वर्ण रेखा नदी किनारे की झुग्गियों में दबिश देकर 20 वर्षीय शिवानी और 18 वर्षीय विद्या पत्नी प्रकाश जाटव को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी महिलाएं पूर्व में भिंड और झांसी के इलाकों में भी सक्रिय रही हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिलाएं ट्रेनों में महिला यात्रियों के पास बैठ जाती थीं। वे जानबूझकर अपना पैर यात्री महिला के पैर पर रख देती थीं। जैसे ही महिला यात्री अपना पैर हटाने या बिछिया ठीक करने के लिए झुकती वे झोले या बैग से चुपचाप जेवर निकाल लेती थीं। पुलिस का कहना है कि यह गैंग ग्वालियर, झांसी और भिंड के रेलवे स्टेशनों पर लंबे समय से सक्रिय था। इस गैंग का खुलासा एक चोरी की जांच के दौरान हुआ। दतिया निवासी ममता शर्मा का पर्स आगरा झांसी मेमू ट्रेन में चोरी हो गया था, जिसमें 1.5 तोला का हार और 2.5 तोला की चार चूड़ियां थीं।

इस मामले की जांच में जब सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुराग खंगाले गए, तो महिला गैंग की पहचान हुई।

## बीजेपी विधायक केतकी सिंह की 16 साल की बेटी का गुस्सा

### बोली- ना मैं डरूंगी और ना मेरी मां डरेगी



लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी में सपा और बीजेपी आमने-सामने है। इस बीच बीजेपी विधायक केतकी सिंह की 16 साल की बेटी का सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ गुस्सा फूटा है। इस बेटी ने सपा को चेतावनी देते हुए कहा है कि ना वो डरेंगी और ना ही उनकी मां डरेंगी। दरअसल यूपी के बलिया की बांसडीह से बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर हमला बोला था और कहा था, इन समाजवादियों में शर्म नहीं है। इतना बेइज्जत होने के बाद कम-से-कम टोटी लौटाने की बात तो अपने मुंह से कह सकें। अखिलेश यादव हर किसी से हिसाब मांगते रहते हैं, लेकिन अपनी टोटियों का कभी हिसाब नहीं दिया। टोटियां उठाकर जो ले गए हो साहब, वो यूपी की जनता को वापस करो। जनता खोज रही है।

उसके बाद जिन-जिन चीजों का हिसाब आप मांग रहे हैं, दे दिया जाएगा। केतकी सिंह के इस बयान से समाजवादी पार्टी बौखला गई थी और केतकी के खिलाफ प्रदर्शन पर उतर आई थी। सपा महिला सभा के नेता, केतकी सिंह के गुलिस्ता कॉलोनी स्थित आवास का घेराव करने पहुंच गए। हाथ में टोटी लेकर पहुंचीं महिला नेताओं ने केतकी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरना देना शुरू कर दिया। इस दौरान केतकी घर पर नहीं थीं लेकिन उनकी 16 साल की बेटी घर पर अकेली थीं। केतकी की बेटी ने सपा को चेतावनी देते हुए वीडियो में कहा, मैं विधायक केतकी सिंह की बेटी हूं।

## 18 साल बाद नागपुर जेल से छूटा अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली

### सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर की जमानत

नागपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। नागपुर सेंट्रल जेल से आज अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली की रिहाई हो गई है। हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गवली की जमानत मंजूर की है। अरुण गवली नागपुर जेल से रिहा होने के बाद नागपुर एयरपोर्ट पहुंचा और यहां से मुंबई के लिए रवाना हुआ। गवली की रिहाई के दौरान उनके भाई और रिश्तेदार मौजूद थे, गवली के रिहाई के दौरान जेल परिसर में तगड़ा बंदोबस्त लगाया गया था, साथही जेल परिसर में एटीएस की टीम भी मौजूद थी।

गौरतलब है कि अरुण गवली 2004 में मुंबई की एक विधानसभा सीट से विधायक भी बना था, जबकि गवली को मुंबई के शिवसेना पार्षद कमलाकर जमसांदेकर की 2012 में हुई हत्या के मामले में मुंबई सत्र न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में उसे नागपुर की जेल में उम्रकैद की सजा



काटने के लिए भेज दिया गया था। अरुण गवली का जन्म 17 जुलाई 1955 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपरगांव में हुआ था। वह एक मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखता था और उसके पिता गुलाबराव मजदूरी और बाद में मुंबई की सिम्पलेक्स मिल में काम करते थे। उनकी मां लक्ष्मीबाई गृहिणी थीं। आर्थिक तंगी के कारण गवली ने मैट्रिक के बाद पढ़ाई छोड़ दी और कम उम्र में ही काम शुरू कर दिया था। 1980 और 1990 के दशक में वह मुंबई के अंडरवर्ल्ड का एक प्रमुख चेहरा हुआ करता था। सेंट्रल मुंबई के दगड़ी चॉल क्षेत्र में अपने गैंग की वजह से उसका नाम काफी चर्चा में रहता था। 1980 के दशक में, गवली ने दाऊद इब्राहिम के साथ काम किया, लेकिन 1988 में रामा नाइक की हत्या के बाद दोनों में दुश्मनी हो गई।

गवली स्थानीय मराठी समुदाय में लोकप्रिय था। 1990 के दशक में, मुंबई पुलिस के बढ़ते दबाव और गैंगवार से बचने के लिए गवली ने राजनीति में कदम रखा और अखिल भारतीय सेना (एबीएस) नामक पार्टी बनाई। 2004 में वह चिंचपोकली से विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बना।

## जालसाज ने दो महिलाओं से रेप किया

### आरोपी की पत्नी ने पीड़िताओं के वीडियो शूट किए, 85 लाख ऐंठे

भोपाल, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भोपाल में एक जालसाज ने खुद को तलाकशुदा बताते हुए शादी डॉट कॉम पर अपनी प्रोफाइल अपलोड कर दी। इस प्रोफाइल में उसने स्वयं को फैक्ट्री का संचालक बताया। पति से अलग रह रही दो अलग-अलग महिलाओं ने बीते पांच महीने में उससे संपर्क किया। आरोपी ने दोनों महिलाओं से मेल-मुलाकात की। दोनों को शादी का भरोसा दिलाकर रेप करता रहा। आरोपी ने दोनों महिलाओं को अपने घर लाकर भी रेप किया। यहां गुपचुप तरीके से दोनों महिलाओं की वीडियो शूट कर लीं। वीडियो बनाने का काम पहले से घर में मौजूद आरोपी की पत्नी ने किया।

आरोपी ने दोनों महिलाओं से बिजनेस में निवेश के नाम पर करीब 85 लाख रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़िताओं ने शिकायत दर्ज कराने की बात कही तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जिससे डिप्रेशन में आने के बाद एक पीड़िता ने सुसाइड करने की कोशिश की। हालांकि परिचितों की काउंसलिंग के बाद वे थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी की करतूतों की भनक लगते ही दूसरी महिला ने भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी की पत्नी को सहआरोपी बनाया है। एक पीड़िता प्राइवेट बैंक में क्लर्क जबकि दूसरी ब्यूटीशियन है।

# 'सुप्रीम कोर्ट नजदीक है इसलिए सभी यहां चले आते हैं'

### ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना की याचिका पर बोले जज

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज को कड़ी फटकार लगाई। लीना पॉलोज 200 करोड़ रुपये की रंगदारी के मामले में अपनी जमानत अर्जी पर दिल्ली हाई कोर्ट से जल्द सुनवाई चाह रही थीं। इसी के चलते उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

जल्द सुनवाई चाहने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने पर जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने लीना को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, मामलों की जल्द सुनवाई के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आना स्वीकार्य नहीं है। इसको लेकर बेंच ने कहा, यह स्वीकार्य नहीं



है। सिर्फ इसलिए कि सुप्रीम कोर्ट नजदीक है, हर कोई यहां आ जाता है और फिर तारीख आगे बढ़ाने की मांग करता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद पॉलोज की ओर से पेश हुए वकील ने दलील दी कि हाई कोर्ट में हर रोज सूचीबद्ध होने के बावजूद, मामले की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि मामला बुधवार को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसी के साथ उन्होंने फिर सुप्रीम कोर्ट से गुज़ारिश की कि इस याचिका को आगे टाल दिया जाए, क्योंकि हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई बुधवार को तय है। वकील की बात मानते हुए बेंच ने केस को आगे के लिए टाल दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट पॉलोज की तरफ से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उनकी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई करने की मांग की गई थी।

लेकिन, अब सुप्रीम कोर्ट ने मामले को स्थगित कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने पॉलोज के पति चंद्रशेखर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

देश में उनके खिलाफ कई अलग-अलग जांचें चल रही हैं। चंद्रशेखर और पॉलोज, जो प्रवर्तन निदेशालय के एक धन शोधन मामले में भी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं, उनको दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) भी लगाया है। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि पॉलोज, चंद्रशेखर और बाकी आरोपियों ने अपराध से प्राप्त धन को ठिकाने लगाने के लिए हवाला के रास्ते अपनाए और फर्जी कंपनियां बनाईं।

## 'वोट बैंक की राजनीति करने वालों पर जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया तय की गई है'

### मराठा आरक्षण आंदोलन खत्म होने पर बोलीं शाइना एनसी



मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई के आजाद मैदान पर अपना अनिश्चितकालीन उपवास समाप्त कर दिया। उन्होंने इसे मराठा समाज की ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि आज हमारे लिए दिवाली है। वहीं इस फैसले पर शिवसेना (शिंदे गुट) शाइना एनसी ने भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। शाइना ने कहा कि महायुति सरकार ने मराठा समाज की मांगों को गंभीरता से लिया और तीन महीने के भीतर सभी वादों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने विपक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए इसे वोट बैंक राजनीति का पूर्णविराम बताया। शाइना एनसी ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की प्रतिबद्धता जगजाहिर है।

गांव स्तर पर जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया तय की गई है ताकि मराठा समाज को कुनबी प्रमाणपत्र मिल सके। उन्होंने ये भी कहा, यह फैसला दिखाता है कि हमारी सरकार केवल राजनीति नहीं बल्कि समाज के कल्याण के लिए काम करती है। शाइना एनसी ने स्पष्ट किया कि महायुति सरकार लंबे समय से मराठा समाज की आरक्षण मांगों पर काम कर रही है। इस दौरान एएनआई के अनुसार उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जो पार्टियां केवल वोट बैंक की राजनीति करती हैं, उनके लिए यह एक सख्त जवाब है। मनोज जरांगे पाटिल ने उपवास तोड़ते हुए कहा, मराठा विजय झाला, सुखी झाला यानी मराठा समाज आज विजयी हुआ और खुश है। उन्होंने रस्म के तौर पर गणपति आरती कर आंदोलन खत्म करने की घोषणा की। आंदोलन स्थल पर मौजूद समर्थकों ने उत्सव जैसा माहौल बनाया और एक-दूसरे को बधाई दी। जरांगे ने कहा, आज हमारे लिए दिवाली है, क्योंकि हमें हमारी मांगें पूरी होती दिख रही हैं।

उन्हें मंच से एंबुलेंस तक ले जाया गया और वहीं उन्होंने जूस पीकर अनशन खत्म किया। इस दौरान पूरे आंदोलन स्थल पर भावनात्मक माहौल देखने को मिला। कैबिनेट उपसमिति के प्रमुख राधाकृष्ण विके पाटिल ने जरांगे का आभार जताते हुए कहा कि सरकार मराठा समाज की न्यायोचित मांगों को मानने की दिशा में सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कैबिनेट उपसमिति में विस्तृत चर्चा हुई और प्रक्रिया पर विचार किया गया है।

## इंदिरा नगर में बड़ा हादसा

### गौतम इंटरनेशनल स्कूल में लगी भीषण आग

देहरादून, 3 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी देहरादून में बड़ा हादसा हो गया। इंदिरा नगर (वसंत विहार) स्थित गौतम इंटरनेशनल स्कूल में भीषण आग लग गई। घटना के वक्त बच्चे भी स्कूल में ही थे। सूचना पर अग्निशमन दल स्कूल में पहुंच गया है और आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर की है। बताया जा रहा है कि आग स्कूल के स्टोर रूम में लगी। स्टाफ को आग की सूचना मिलते ही वहां हड़कंप मच गया। तुरंत बच्चों को वहां से निकाला गया।

## पति का धोखा, सास का ताना, मासूम बेटी को छोड़कर दुनिया से चली गई पूजा



बेंगलुरु, 3 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक महिला अपने पति के अवैध संबंधों और उत्पीड़न से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पूजाश्री के रूप में हुई है, उसकी उम्र 28 साल बताई जा रही है। मामला बेंगलुरु के बागलगुंटे थाना क्षेत्र के सिदेदाहल्ली का है। यहां की रहने वाली पति के अवैध संबंध से परेशान थी।

पूजाश्री जब भी पति के अवैध संबंधों पर सवाल करती थीं तो उनका पति उन्हें परेशान करता था। नतीजन इस सबसे परेशान होकर उसने यह कदम उठा लिया। मृतका की शादी तीन साल पहले माता-पिता की मर्जी से नंदीश नाम के युवक से हुई थी। पूजाश्री और नंदीश की एक बेटी भी है। नंदीश एक निजी कंपनी में काम करता है। जबकि पूजाश्री एक निजी बैंक में कैशियर के पद पर भी कार्यरत थी। कुछ समय पहले पूजाश्री को पता चला कि उसका पति नंदीश पिछले एक साल से एक अनैतिक संबंध में हैं। पूजाश्री ने अपने पति नंदीश से इस बारे में पूछताछ की तो पति नंदीश ने पूजाश्री को परेशान करना शुरू कर दिया।

विरोध करने पर पूजाश्री का साथ किसी ने नहीं दिया। इसी विरोध के दौरान नंदीश की मां ने पूजाश्री से कहा कि तुम अपने घर से दहेद लेकर आओ। उसने भी बहू को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। इस सबके बाद पूजाश्री अपने पति का घर छोड़कर अपने मायके चली गई। घर में इस बारे में दो-तीन बड़े समझौते हुए और फिर कभी दहेज के लिए परेशान न करने का वादा करके पति पूजाश्री को अपने घर ले गया उसने वाद किया कि वो फिर से ऐसी हरकत नहीं करेगा। जिस पर पूजा मान गई और उसके साथ ससुराल चली गई। हालांकि, तीन दिन पहले नंदीश ने फिर से झगड़ा शुरू कर दिया था और पत्नी पूजाश्री को परेशान करने लगा।

इसके बाद पूजी फिर से अपने मायके चली गई। लेकिन वह फिर से मायके पहुंचा और नई कहानी गढ़कर उसे अपने साथ ले गया, जिसके बाद अगली सुबह पूजाश्री का शव फंदे से लटका मिला। बेटी की मौत की सूचना मिलने के बाद मृतका के माता-पिता की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु के बागलगुंटे पुलिस स्टेशन में दहेज उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही साथ पति नंदीश को गिरफ्तार कर लिया है और पूछतांछ कर रही है।

## दिल्ली में लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर, मंत्री प्रवेश वर्मा बोले- किसी को घबराने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आई एंड एफसी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले छह महीनों में यमुना नदी की जल-वहन क्षमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। आईटीओ बैराज के निरीक्षण पर आए मंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर चिंतित होने या घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि स्थिति नियंत्रण में है।

वर्मा ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले छह महीनों में नदी की जलवहन क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा कदम उठाए गए हैं। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है और अगर जलस्तर एक या दो मीटर और बढ़ता है, तो भी 2023 की तरह पानी दिल्ली की सड़कों पर नहीं आएगा।''बुधवार सुबह आठ बजे पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर यमुना नदी का जलस्तर 206.83 मीटर दर्ज किया गया, जो निकासी के निशान 206 मीटर से ऊपर है।

जलस्तर बढ़ने के कारण जिला प्रशासन निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहा है और ओआरबी को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। मंत्री ने कहा, ''यमुना नदी का पानी अधिकृत क्षेत्र में बने किसी भी मकान में नहीं घुसा है। बाढ़ का पानी उन्हीं मकानों में घुसा है जिन्होंने पूर्व में चेतावनी दिए जाने के बावजूद बाढ़ वाले क्षेत्र में अपने मकान बनाए। हमारी बचाव टीम काम कर रही हैं। अगर जलस्तर 209 मीटर तक भी पहुंच जाता है, तो भी अधिकृत क्षेत्र में बने किसी भी मकान में बाढ़ का पानी नहीं घुसेगा।

हमें उम्मीद है कि शाम तक जलस्तर कम होना शुरू हो जाएगा।'' सरकार के अनुसार, तीन बैराजों - हथिनीकुंड, वजीराबाद और ओखला - से पानी के प्रवाह की लगातार 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 4 सितंबर- 2025

# यत्र नारी पूज्यन्ते वाले देश में असुरक्षित हैं महिलाएं!



मनोज कुमार अग्रवाल

देश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है देश की राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं हैं. हाल ही में जारी राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक 2025 के मुताबिक दिल्ली के साथ-साथ पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची को महिलाओं ने सबसे असुरक्षित करार दिया है।

आपको बता दें कि भारत के अलग-अलग शहरों में महिलाओं की सुरक्षा, और उन पर खतरों को लेकर बनने वाली इस सालाना रिपोर्ट में कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर, और मुम्बई को सबसे सुरक्षित माना गया है। दूसरी तरफ पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर, और रांची को सबसे असुरक्षित माना गया है। ये आंकड़े अभी दो दिन पहले जारी 2025 के एक सर्वे पर आधारित हैं जिनमें 31 शहरों का सर्वे किया गया था। यहां पर महिलाओं से बात करके यह पूछा गया था कि वे इन शहरों में अपने आपको कितना महफूज महसूस करती हैं। यह सर्वे राष्ट्रीय महिला आयोग ने जारी किया है, और कुछ विश्वविद्यालयों, और कुछ संगठनों ने मिलकर इसे पूरा किया है। सर्वे के कुछ और आंकड़ों को देखें, तो 24 बरस से कम उम्र की महिलाएं सबसे अधिक खतरे में हैं, और इस आयु वर्ग 14 फीसदी ने किसी न किसी तरह का शोषण बताया है। ऐसी घटनाओं पर महिलाओं की प्रतिक्रिया भी समझने की जरूरत है, 28 फीसदी महिलाओं ने हमलावर, या शोषण करने वाले का सामना किया, 25 फीसदी घटनास्थल को छोडकर चली गईं, 21 फीसदी ने भीड़ के बीच जाकर अपनी सुरक्षा की, और 20 फीसदी ने पुलिस या अधिकारियों तक इसकी शिकायत की। शिकायत करने वाली महिलाओं में से कुल एक चौथाई को यह भरोसा है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई होगी। महिलाओं में से आधी से अधिक को इस बात की पक्की जानकारी नहीं है कि उनके कामकाज की जगह पर यौन शोषण के खिलाफ कोई नीति लागू है, या नहीं। ऐसे और भी बहुत से आंकड़े इस सर्वे से सामने आए हैं, और अलग-अलग प्रदेशों या शहरों को, या विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को अपने-अपने इलाकों के बारे में अधिक खुलासे से समझना चाहिए, और कुछ करना चाहिए।

यह राष्ट्रव्यापी सूचकांक 31 शहरों की 12,770 महिलाओं पर की गई रायशुमारी पर आधारित है. इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर 65 फीसदी रखा गया है और शहरों को उक्त मानक से 'काफी ऊपर', 'ऊपर', 'समान', 'नीचे' या 'काफी नीचे' श्रेणियों में बांटा गया है.सूचकांक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले कोहिमा और विशाखापत्तनम जैसे शहरों के अच्छे प्रदर्शन के पीछे मजबूत लैंगिक समानता, नागरिक भागीदारी, पुलिस व्यवस्था और महिला-अनुकूल बुनियादी ढांचे का हाथ बताया गया है।

सर्वेक्षण में शामिल 10 में से छह महिलाओं ने अपने शहर में "सुरक्षित" महसूस करने की बात कही, लेकिन 40 प्रतिशत ने अब भी खुद को "उतना सुरक्षित नहीं" या "असुरक्षित" माना.सात प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि 2024 में उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा. 24 साल से कम उम्र की महिलाओं के मामले में यह आंकड़ा 14 प्रतिशत पाया गया.सर्वेक्षण में आस-पड़ोस (38 प्रतिशत) और सार्वजनिक परिवहन (29 प्रतिशत) को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया, जहां महिलाओं को अधिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है. इसमें पाया गया कि सिर्फ हर तीन में से एक पीड़ित ही उत्पीड़न की घटनाओं की शिकायत करने के लिए आगे आती है.

सर्वेक्षण से पता चला है कि रात में सुरक्षित महसूस करने की धारणा में भारी गिरावट आई है, खासकर सार्वजनिक परिवहन में और मनोरंजन स्थलों पर. इसमें पाया गया है कि शैक्षणिक संस्थानों में 86 फीसदी महिलाएं दिन में सुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन रात में या परिसर के बाहर वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता में घिरी रहती हैं।

महिलाएं जहां अपने आपको सबसे अधिक असुरक्षित पाती हैं, उनमें दो शहर ध्यान खींचते हैं, जयपुर, और दिल्ली। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों में से शायद आधे ऐसे रहते हैं जो भारत के एक पर्यटन गोल्डन ट्रेंगल को घूमकर वापिस चले जाते हैं। दिल्ली, आगरा, और जयपुर, ये तीनों शहर सडक, ट्रेन, और प्लेन से बहुत अच्छे से जुड़े हुए हैं, इनके बीच आवाजाही में बड़ा कम समय लगता है, और तीनों ही शहरों में पर्यटकों के हिसाब से रहने, घूमने-खाने का इंतजाम अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। फिर इन तीन जगहों पर पर्यटक इतिहास, हस्तकला, खानपान की विविधता, और भारत के इतिहास के पिछले कई सौ बरसों की झलक पाते हैं, और सीमित बजट में, सीमित समय के लिए भारत आने वाले पर्यटकों के लिए इतना काफी भी होता है। इन तीनों में से किसी भी शहर जाएं, वहां चेहरे-मोहरे, और पोशाक से विदेशी दिखने वाले सैलानियों की भीड़ दिखती है। अब अगर भारत आकर इसी त्रिकोण से होकर अगर करीब आधे, या उससे अधिक सैलानी लौट जाते हैं, तो यह जाहिर है कि वे इन तीन में से दो शहरों, दिल्ली, और जयपुर को महिलाओं के लिए असुरक्षित देखकर लौटते हैं। हर कुछ दिनों में किसी गोरी-विदेशी पर्यटक महिला का ऐसा वीडियो सामने आता है जिसे घेरकर हिन्दुस्तानी उसके साथ बलपूर्वक सेल्फी ले रहे हैं, या उसे होली के रंग लगा रहे हैं, और कुछ मामलों में उसे दबोच भी रहे हैं। पर्यटकों और शोहदों-मवालियों की ऐसी भीड़ बताती है कि ये कोई प्रमुख पर्यटन केन्द्र ही है, और अधिक संभावना इस बात की है कि सबसे बुरे सात शहरों में ये भी शामिल हों। लगे हाथों दो और शहरों की चर्चा जरूरी है जहां पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं, और ये दो शहर भी महिलाएं असुरक्षित पाती हैं, कोलकाता, और श्रीनगर भी इसी दर्जे में हैं। अभी कुछ अरसा पहले जब अमरीकी सरकार ने भारत आने वाले अपने नागरिकों को यह नसीहत जारी की थी कि भारत में महिलाएं कई प्रदेशों में अकेले सफर न करें, उन पर कई तरह के यौन हमले होने का खतरा रहता है, तो उसे ट्रम्प की नाराजगी से जोड़कर देखा गया था। लेकिन न सिर्फ अमरीका बल्कि योरुप के कई देश भी ऐसी एक सावधानी अपने नागरिकों को भारत के बारे में जारी कर चुके हैं, करते रहते हैं कि यहां महिलाओं पर खतरा रहता है। और इस बात में कोई दुर्भावना भी नहीं है। न केवल विदेशी महिलाओं को, बल्कि देशी महिलाओं को भी तरह-तरह के शोषण झेलने पड़ते हैं, और सीमित समय के लिए भारत आने वाली महिलाओं से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपने हर बुरे तजुर्बे की शिकायत पुलिस तक करें। ऐसा करने पर उन्हें गिने-चुने दिनों में से दो-चार दिन इसी पर बर्बाद करने होंगे, और ऐसा तो देश के भीतर भारतीय पर्यटक भी करना नहीं चाहते। नतीजा यह होता है कि छेड़छाड़ या शोषण करने वाले अधिकतर लोगों को अपने बच जाने का भरोसा रहता है, और वे यह सिलसिला जारी रखते हैं। भारत के किसी शहर या प्रदेश में जाने वाले विदेशी पर्यटकों को हर बार अपनी सरकार की सलाह या चेतावनी की जरूरत नहीं पड़ती। किसी प्रदेश के

तमाम न्यूज चैनल अखबार या इंटरनेट पर खबरों को ढूंढ लिया जाए, तो भी आसानी से पता लग जाता है कि किस शहर, या प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ कितने जुर्म हो रहे हैं।

ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल हर तीन में से दो महिलाएं उत्पीड़न की शिकायत नहीं करती हैं, जिसका मतलब यह है कि एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के पास अधिकांश घटनाएं दर्ज ही नहीं होतीं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि सुरक्षा को केवल कानून-व्यवस्था के मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह महिलाओं के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, चाहे वह उनकी शिक्षा हो या स्वास्थ्य, कार्य के अवसर अथवा आवागमन की स्वतंत्रता हो.

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं, तो "वे खुद को सीमित कर लेती हैं, और महिलाओं का खुद को सीमित कर लेना न केवल उनके अपने विकास, बल्कि देश के विकास के लिए भी ठीक नहीं है। नारी पूज्यन्ते वाले देश मे नारी असुरक्षित होना शर्मनाक है इस से भी अधिक शर्मनाक यह है कि ऐसे हालात में भी देश के एक चर्चित धर्म उपदेशक सौ में से सिर्फ दो चार महिलाओं के सच्चरित्र होने का बयान देकर देश के नारी समाज के चरित्र पर लांछन लगा रहे हैं।

## निष्कासन के बाद इस्तीफा

अपने निष्कासन के दूसरे ही दिन पूर्व सीएम एवं बीआरएस पार्टी के सुप्रीमो के. चंद्रशेखर राव की बेटी और एमएलसी के. कविता ने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी भी तरह के पद का लालच नहीं है। इस्तीफे की घोषणा के साथ ही उन्होंने अपने चचेरे भाई एवं पूर्व मंत्री टी. हरीश राव पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा कर दी कि वे किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रही हैं। समर्थकों और शुभचिंतकों के साथ उचित विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति पर काम करेंगी।

उन्होंने हरीश राव पर केसीआर परिवार के खिलाफ साजिश रचने का भी गंभीर आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी संस्थापक और उनके पिता केसीआर पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का बेहद 'दबाव' था।

अपने समर्थकों के साथ ही 47 वर्षीय पूर्व सांसद ने हरीश राव पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ मौन सहमति रखने का आरोप लगाया। उन्होंने एक बार फिर सफाई देते हुए कहा कि मैंने कभी किसी पद की आकांक्षा नहीं रखी। मैं (विधान परिषद) अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र भेज रही हूं। मैं पार्टी प्रमुख केसीआर को भी बीआरएस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा भेज रही हूं। इसके साथ ही कविता ने अपने भाई और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव को हरीश राव की कथित साजिशों से 'सावधान' रहने की सलाह भी दी।

उनका दावा है कि जब उनके खिलाफ 'दुर्भावनापूर्ण अभियान' चलाया जा रहा था तो उनके भाई केटीआर ने उनका साथ नहीं दिया। कविता ने आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना में कथित अनियमितताओं को लेकर केसीआर के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच उनके चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव के भ्रष्टाचार के कारण हुई थी। लेकिन उनके पिता ने इस तरह की साजिशों को अनदेखी की। जिसका परिणाम आज तेलंगाना के सामने है। इस कार्रवाई का क्या भविष्य होगा यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा, लेकिन यह निश्चित हो गया है कि पार्टी में बिखराव पैदा हो चुका है। जाहिर है इसका खामियाजा पार्टी के साथ ही समर्पित कार्यकर्ताओं को भी भुगतना पड सकता है।

## खतरनाक मौसम में भी स्कूल खुले क्यों?



सत्यवान सौरभ

बारिश और बाढ़ की स्थिति में बच्चों और शिक्षकों को स्कूल बुलाना उनकी जान से खिलवाड़ है। जर्जर इमारतें, गंदगी, जलभराव और यातायात बाधाएँ पहले से ही खतरनाक हालात पैदा कर चुकी हैं। ऐसे में पढ़ाई से ज़्यादा बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान देना ज़रूरी है। शिक्षा तभी सार्थक है जब बच्चे सुरक्षित माहौल में सीखें। सरकार को चाहिए कि संकट की घड़ी में औपचारिकताओं से ऊपर उठकर तुरंत अवकाश घोषित करे, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

बरसात का मौसम बच्चों के लिए रोमांच और खेलने का समय माना जाता है, लेकिन जब यही मौसम बाढ़, गंदगी और जीवन-जोखिम का कारण बन जाए, तब सवाल उठता है कि हमारी व्यवस्था आखिर बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के प्रति कितनी संवेदनशील है। हाल ही में हरियाणा प्रदेश के 18 जिलों में बाढ़ का हाई अलर्ट घोषित होने के बावजूद स्कूलों को बंद न करने का निर्णय इस संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

स्कूल भवनों की जर्जर हालत किसी से छिपी नहीं है। कई जगहों पर दीवारों में दरारें हैं, छतों से पानी टपकता है और फर्श गीले होकर दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। जिन इमारतों में सामान्य दिनों में पढ़ाई मुश्किल हो, वहां लगातार बारिश के दौरान बच्चों और स्टाफ की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है? कई सरकारी और ग्रामीण स्कूल तो वैसे भी मरम्मत और रखरखाव के अभाव में खंडहर जैसी स्थिति में हैं।

साफ-सफाई की समस्या भी गंभीर है। गंदगी, पानी भराव और खुले नाले स्कूल परिसरों को अस्वस्थ और खतरनाक बना देते हैं। बारिश के दिनों में मच्छरों और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को स्कूल बुलाना केवल उनकी जान से खिलवाड़ करना है।

यही नहीं, बाढ़ और जलभराव के कारण परिवहन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। बच्चे और शिक्षक स्कूल तक पहुँचने में भारी कठिनाइयों का सामना करते हैं। कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों-घुटनों पानी भरा होता है, कहीं पुल टूटे हैं तो कहीं नदियाँ उफान पर हैं। बच्चों का ऐसे हालात में रोज़ाना आना-जाना केवल प्रशासन की संवेदनहीनता का उदाहरण है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि सरकार और उच्च अधिकारी जानते हुए भी स्कूल बंद करने का आदेश नहीं देते। यह निर्णय किसी मजबूरी से अधिक औपचारिकता जैसा लगता है—जैसे केवल आदेश देकर अपनी ज़िम्मेदारी निभा दी गई हो। सवाल यह उठता है कि क्या बच्चों की सुरक्षा से बढ़कर भी कोई औपचारिकता हो सकती है? अगर हादसा हो जाए तो क्या प्रशासन की यह चुप्पी और लापरवाही माफ़ की जा सकेगी?

दुनिया भर में आपदा और संकट के समय शिक्षा व्यवस्था पर अस्थायी रोक लगाना कोई नई बात नहीं है। कोरोना काल में महीनों तक स्कूल बंद रहे और वैकल्पिक माध्यमों से शिक्षा को आगे बढ़ाया गया। जब महामारी के दौर में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि मानी गई, तो बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में वही संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई जाती?

यहाँ तर्क दिया जा सकता है कि पढ़ाई का नुकसान न हो, इसलिए स्कूल बंद नहीं किए जा सकते। लेकिन क्या पढ़ाई का महत्व बच्चों और शिक्षकों की जान से बड़ा है? शिक्षा तभी सार्थक है जब छात्र और शिक्षक सुरक्षित हों। गीली और टूटती छतों के नीचे, पानी से भरे आंगनों में और बीमारी के खौफ में पढ़ाई कराने का निर्णय शिक्षा नहीं, बल्कि मजबूरी और लापरवाही कहलाएगी।

दरअसल, असली समस्या हमारी नीति और नीयत दोनों की है। जिन अधिकारियों को स्थानीय हालात देखकर तुरंत निर्णय लेना चाहिए, वे केवल ऊपर से आए आदेशों का इंतज़ार करते रहते हैं। और ऊपर बैठे नीति-निर्माता आमतौर पर कागज़ी रिपोर्टों और फ़ाइलों के आधार पर निर्णय लेते हैं। नतीजा यह होता है कि जमीनी हालात और सरकारी आदेशों के बीच बड़ा अंतर रह जाता है।

आज ज़रूरत इस बात की है कि शिक्षा विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग मिलकर एक स्पष्ट नीति बनाएँ। इसमें यह तय हो कि किन परिस्थितियों में स्वतः स्कूल बंद माने जाएँगे। जैसे – जब किसी जिले में बाढ़ का हाई अलर्ट जारी हो, जब लगातार बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाए, या जब भवनों की सुरक्षा संदिग्ध हो। इससे निचले स्तर के अधिकारी समय रहते फैसला ले सकेंगे और बच्चों को जोखिम से बचाया जा सकेगा।

इसके साथ-साथ स्कूल भवनों की नियमित मरम्मत और रखरखाव पर भी ज़ोर दिया जाना चाहिए। हर बरसात में छत टपकना और दीवारें गिरना हमारी शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल देता है। यदि बच्चों के लिए सुरक्षित भवन तक उपलब्ध नहीं करा सकते तो फिर शिक्षा के अधिकार की बातें खोखली साबित होती हैं।

एक और पहलू पर ध्यान देना

## राहुल का हाइड्रोजन बम फुस्स..... ?



अशोक भाटिया

हाइड्रोजन बम का डिब्बा कहां है? राहुल गांधी को जैसे ही 'जल्दी करो' से मैसेज मिला, रिसर्च डिपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। 'विस्फोटक' सामग्री को जल्दबाजी में दो डिब्बों में भरकर उनके आवास पर पहुंचाया गया। दो वैज्ञानिक (वोट-चोरी की मांग?) राहुलजी बहुत खुश थे कि उन्हें वह खजाना मिल गया है जिसने पूरे देश में तबाही मचा दी थी। फिर उन दोनों ने दरवाजा खोला और बम जैसी वस्तु निकाली। उसकी पूंछ का हिस्सा खोलने के बाद, उसमें से हरे कागज का टुकड़ा निकाला गया। यह गोरखपुर निर्वाचन क्षेत्र से चोरी हुआ दस्तावेज है, यह छत, यह अहमदाबाद, यह पटना है। ऐसे एक-एक पेपर और उसमें दी गई जानकारी पढ़ने के बाद राहुल जी के मन में सभा मनाने की तीव्र ललक हुई, लेकिन उन्होंने खुद को रोक लिया। अंत में वाराणसी का पेपर निकाला गया। राहुलजी को लगा कि उन्हें हाइड्रोजन बम में इस्तेमाल होने वाले हीलियम की गंध आ रही है। सबको एक आखिरी नज़र डालने के बाद, कागज फिर से अंदर रख दिया गया। वह यह कहकर बेडरूम से निकल गया कि वह बॉक्स लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाएगा।

सम्पूर्ण घटना इस प्रकार है कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' का पहला दौर खत्म हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने 16 दिनों में 23 जिलों और 1300 किलोमीटर का सफर तय कर भाजपा के खिलाफ 'वोट चोरी' वाला नैरेटिव गढ़ने का दांव चला। सासाराम से शुरू हुई यात्रा का सोमवार को पटना में समापन हो गया है। लेकिन क्या दो हफ्ते में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक का असली मकसद सफल होगा?राहुल-तेजस्वी 17 अगस्त को सासाराम से निकले और पटना तक यात्रा की। उन्होंने 'वोट चोरी' को मुद्दा बनाया और इस यात्रा का उद्देश्य भी यही था। बिहार में दो लड़कों की जोड़ी इसमें काफी हद तक कामयाब रही, लेकिन क्या उनका असली मकसद बिहार की चुनावी जंग जीतना और सत्ता में वापसी करना है?

बिहार में कांग्रेस साढ़े तीन दशकों से सत्ता से बाहर है तो आरजेडी 20 सालों से अपने दम पर वापसी नहीं कर सकी है। ऐसे में राहुल-तेजस्वी ने विधानसभा चुनाव से पहले यात्रा निकालकर सियासी माहौल बनाने की कवायद की। यात्रा में हर जगह अच्छी-खासी भीड़ जुटी और पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर नेताओं तक में जोश दिखा, लेकिन क्या यह जोश बिहार की चुनावी जीत में तब्दील हो पाएगा?पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि 'वोट चोरी' के 'एटम बम' के बाद अब 'हाइड्रोजन बम' आने वाला है। हाइड्रोजन बम का असर एटम बम से सैकड़ों या हजारों गुना अधिक शक्तिशाली हो सकता है। महादेवपुरा में हमने 'वोट चोरी' का 'एटम बम' फोड़ा था। अब भाजपा के लोग सुन लें, उससे भी बड़ा 'हाइड्रोजन बम' आने वाला है, जब यह फटेगा तो नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। पटना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग अच्छी तरह सुन लीजिए। आपने एटम बम का नाम सुना है। उससे बड़ा क्या होता है? एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। महाराष्ट्र के माधवपुरा में हमने एटम बम दिखाया था। भाजपा के लोगों तैयार हो जाओ हाइड्रोजन बम आ रहा है। आपकी जो वोट चारी की सच्चाई से है वो पूरे देश को पता लगने जा रही है।

इसका मतलब साफ है कि 'वोट चोरी' पर राहुल गांधी पहले के खुलासे से कहीं ज्यादा बड़ा खुलासा करेंगे। यात्रा से बने सियासी माहौल को आगे भी बनाए रखने की कोशिश की जाएगी। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान आम लोगों से जुड़कर एक तरफ कांग्रेस में जान फूंकने की कोशिश की, तो दूसरी तरफ आम लोगों को यह समझाने की भी भरपूर कोशिश की कि उनकी यात्रा का मकसद यह है कि बिहार में एक भी वोट की चोरी न हो। ऐसे में राहुल गांधी बिहार के बचे हुए जिलों में दूसरी यात्रा की घोषणा कर सकते हैं।

किसी अख़बार ने राहुल के 'हाइड्रोजन बम' पर चुटकी लेते हुए लिखा है कि बिहार यात्रा से तंग आकर वह एक पल के लिए सो गये थे और फिर उसकी आंखों के सामने अपेक्षित दृश्य तैरने लगे। वोट चुराने वाले हाइड्रोजन बम के फटने के बाद देशभर में हड़कंप मच गया है। देश भर में भाजपा कार्यालयों को नष्ट कर दिया गया है क्योंकि बम में दस लाख टन टीएनटी की क्षमता है। रेशम उद्यान ने 'खंडहर' का रूप ले लिया है। भाजपा के लोग भाग रहे हैं क्योंकि हर तरफ धुआं ही धुआं है। जैसा कि हमने बैठक में कहा कि सत्ता पक्ष के लिए अपना चेहरा दिखाने के लिए कोई जगह नहीं बची है। लोग चिल्ला रहे हैं कि विश्वगुरु हिमालय के लिए रवाना हो गए हैं। चेहरे के कालेपन से यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि कौन नेता है और कार्यकर्ता कौन है। भक्तों की उंगलियां, जो आमतौर पर टूट जाती हैं, बम में रसायन से ढकी होती हैं। भाजपा ने बम पर निशाना साधने के लिए तत्काल एक संवाददाता सम्मेलन बुलाया लेकिन जहरीले धुएं के कारण कोई बोल नहीं पा रहा था इसलिए इसे रद्द करना पड़ा। हर जगह के रिटर्निंग ऑफिसर भाग गए हैं। चुनाव आयोग के तीनों कमिश्नरों ने इस्तीफा दे दिया है और राहुलजी से माफी मांगने जा रहे हैं। विभिन्न चैनलों के भक्त एंकर भाग गए हैं और प्रगतिशीलों ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है। वोट चोरी का बम पूरी दुनिया में शुरू हो गया है और कई देशों में विपक्ष ने राहुलजी से संपर्क करना शुरू कर दिया है। ट्रम्प ने लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल को फोन किया और बधाई दी।

दोपहर में क्या हुआ, यह कहते हुए कि यह सपना सच होने का समय है, वह बॉक्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए निकल गया। भारी भीड़ में इसे पूरा करने के बाद, हर कोई राहुलजी की प्रस्तुति से प्रभावित लग रहा था। जब वह घर लौटा, तो वह टीवी के सामने बैठ गया। लेकिन कहीं कोई खबर नहीं थी। यह एक पल के लिए कुछ पोर्टलों पर देखा गया था। कोई धुआं या कुछ भी नहीं था। भाजपा खेमे में चुप्पी थी। उन्होंने अपनी पीठ पर हाथ रखा और कहा, 'चलो बेटा, बम फोड़ना तुम्हारा काम नहीं है, इससे पार्टी का केवल संगठन मजबूत होता है!'

रही सही कसर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पूरी कर दी। उन्होंने राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका एटम बम फुस्स हो गया। उन्होंने बिहार में एसआइआर पर विपक्ष के हंगामे को बूथ कैप्चरिंग की चाहत बताया। प्रसाद ने राहुल गांधी पर गैर-जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष 2024 में संविधान बदलने का डर दिखाकर हारा। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक की मतदाता सूची पर सवाल उठाने वाले राहुल का "एटम बम" फुस्स हो गया है। दुनिया में आज तक तो कोई हाइड्रोजन बम फूटा नहीं, लेकिन नेता विपक्ष इसे फोड़ने की बात कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि राहुल संसद के अंदर बोलें या बाहर, उनकी बात को समझने के लिए कई प्रकार के एंटीना खोलने पड़ते हैं। बिहार में चल रहे एसआइआर पर जो घमासान छिड़ा है, उसके पीछे विपक्ष की बूथ कैप्चरिंग और घुसपैठियों की चाहत है।

राहुल के पटना में दिए गए वक्तव्य पर रविशंकर ने तंज किया- राहुल गांधी को क्या हो गया है? अपने आप को इतना हल्का क्यों बना रहे हैं? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के गरिमायमी पद पर बैठे हैं। उस पद पर क्षमता से आए हैं या परिवार के कारण, यह देश जानता है, लेकिन कुर्सी पर बैठने के बाद तो आचरण कुछ मर्यादित होना चाहिए। यह देश को समझना चाहिए कि राहुल गांधी गैर-जिम्मेदार हैं।

## जंक फूड को ना पोषण को कहें हां



योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। ये आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है।

## खोदा पहाड़ निकली चुहिया

वीरेन्द्र सिंह परिहार

बिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के अभियान को लेकर कांग्रेस, राजद समेत दूसरे विपक्षी दलों ने कुछ ऐसा मुद्दा बनाने की कोशिश की- जिसे तिल का ताड़ या राई का पहाड़ ही कहा जा सकता है। इसके लिये उन्होंने संसद में पर्याप्त उत्पात मचाया। बिहार में राहुल और तेजस्वी इसके विरोध में पूरे बिहार की धरती नापते रहे। इसे चुनाव आयोग की मिलीभगत से सत्ताधारी पार्टी द्वारा वोट चोरी बताने का अभियान चलाते रहे। सर्वोच्च न्यायालय में तो याचिकाएं इसके विरोध में दायर हुई हीं। यह बात और है कि इसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने न तो चुनाव आयोग के काम पर रोक लगाई और न ही याचिकाकर्ताओं को कोई विशेष राहत ही दी। यहाँ तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सम्बन्ध में विरोधी दलों की इस बात को भी मानने से इंकार कर दिया कि आधार, राशन कार्ड और वोटर आईडी नागरिकता तय करने के लिये पर्याप्त आधार हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी माना कि वोट जोड़ना और काटना चुनाव आयोग का काम है। बिहार के संदर्भ में चुनाव आयोग सिर्फ यही परीक्षण कर रहा था कि मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, वह भारतीय नागरिक है या नहीं।

गजब की बात तो यह कि चुनाव आयोग ने एस.आई.आर. के तहत बिहार में 65 लाख लोगो के नाम काटे। निश्चित रूप से जो फर्जी वोटों, बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के दम पर चुनाव जीतने का संकल्प संजोए बैठे थे, उन्हें तो चुनाव आयोग के इस कदम से भारी आघात पहुँचना स्वाभाविक है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार के ही मुस्लिम बहुल इलाकों में 100 लोगो पर 123 प्रतिशत आधार का कवरेज है जबकि पूरे बिहार में यह कवरेज 94 प्रतिशत है। इससे समझा जा सकता है कि यदि आधार को लेकर मतदाता सूचियाँ फाइनल की गई, तो कितना बड़ा फर्जीवाड़ा हो सकता था। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में मतदाता सूची में 65 लाख नाम काटने को लेकर भले ही जितना हंगामा मचाया गया हो, पर इस सम्बन्ध में 1 सितम्बर तक यानी पूरे एक महीने में सिर्फ 120 आपत्तिया ही आई। इससे यह समझा जा सकता है कि इस मामले में निर्वाचन आयोग पूरी तरह सही है। अब एक तरफ तो राहुल गाँधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, कह रहे हैं कि एक ही पते पर कई वोटर्स, डुप्लीकेट और फेक वोटर हैं। कई के मकान नम्बर 0 है। वह तो यहाँ तक कहते हैं कि मोदी वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। यदि राहुल गाँधी की बाते आंशिक रूप से भी सच है, तो फिर देश में मतदाता सूचियों को गहन परीक्षण की जरूरत है। यह बात और है कि जब चुनाव आयोग राहुल गाँधी से इस सम्बन्ध में शपथ-पत्र माँगता है, तो वह शपथ-पत्र पर अपने आरोप लगाने को तैयार नहीं क्योंकि शपथ-पत्र झूठा होने पर 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कुल मिलाकर विपक्ष सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है। संसद को कई दिनों से बाधित कर रखा है और तमाम उल्टे सीधे आरोप लगा रहा है पर शपथ-पत्र पर अपनी बात कहने को तैयार नहीं। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि रायबरेली और अमेठी जो नेहरू खानदान के विशेष चुनाव क्षेत्र हैं, वहाँ भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के मकान नम्बर शून्य लिखे हुये हैं। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इस सम्बन्ध में राहुल गांधी के रवैये को लेकर कई सवाल उठाये हैं। उन्होंने राहुल गांधी से पूँछा है क्या मृत लोगो, पंजीकृत पते पर न रहने वाले लोगों और दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में जिन मतदाताओं के नाम हैं। क्या उनके नाम बने रहना चाहिए, क्या उन्हें दो बार मतदान करने की अनुमति मिलनी चाहिए ? अखिलेश और तेजस्वी जैसे नेता ई.वी.एम. की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की माँग बराबर करते रहते हैं, यानी वह चाहते हैं कि जैसे बिहार समेत देश के अधिकांश हिस्सों में बूथ लूट लिये जाते थे, उसकी शुरूआत फिर से हो जबकि चुनाव आयोग ने ई.वी.एम. के माध्यम से चुनाव कराकर बूथ लूटने की घटनाओं पर अमूमन विराम लगा दिया हैं।

# अच्छी नींद में बाधक है ये गड़बड़ आदत

## नींद की क्वालिटी में सुधार के लिए करें ये काम

**शारीरिक और** मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने के लिए स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम के साथ अच्छी नींद की भी आवश्यकताओं पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ जोर देते हैं। अच्छी नींद लेने से हार्मोन्स का संतुलन बेहतर बन रहता है साथ ही मस्तिष्क को आराम मिलता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अगर आपकी एक रात भी नींद पूरी नहीं होती है तो इसके कारण शरीर पर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ये स्थिति आपमें थकान-कमजोरी और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं के जोखिम को बढ़ाने वाली हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नींद की समस्या सभी उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ती हुई रिपोर्ट की जा रही है। इसके लिए दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतों को जिम्मेदार माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि मोबाइल-लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल और इससे निकलने वाली नीली रोशनी के कारण नींद की समस्या प्रभावित हो रही है। बच्चों में भी यह समस्या बढ़ती हुई देखी जा रही है।



आइए जानते हैं कि मोबाइल-लैपटॉप किस तरह से नींद की समस्याओं को बढ़ाने वाले हो सकते हैं और इसमें सुधार के लिए क्या प्रयास किए जाने चाहिए?

### बढ़ा हुआ स्क्रीनटाइम और नींद की समस्या

कई अध्ययनों में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि जिस प्रकार से लोगों में मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल की आदत देखी जा रही है, ये न सिर्फ नींद की समस्या को बढ़ा रही है साथ ही इसके कारण वजन बढ़ने और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर देखा जा रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया शाम को दो या अधिक घंटे का स्क्रीन टाइम नींद के लिए आवश्यक मेलाटोनिन को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ सोने से कम से कम एक घंटा पहले सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद करने की सलाह देते हैं।



### अच्छी नींद चाहते हैं तो खाइए फैटी फिश

फैटी फिश कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं जिनकी नियमित रूप से हमारे शरीर को आवश्यकता होती है। शोध अध्ययन में पाया गया कि बेहतर नींद चाहते हैं तो आहार में फैटी फिश को शामिल करना अच्छा विकल्प हो सकता है। कई महीनों तक किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों ने प्रति सप्ताह तीन बार फैटी फिश खाई, उनकी नींद की गुणवत्ता में काफी सुधार देखा गया।


### नट्स भी हैं लाभकारी

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, नट्स सभी लोगों के लिए जरूरी हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए नट्स का सेवन करना आपके लिए लाभकारी माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि बादाम और अखरोट जैसे नट्स को आहार में शामिल करके आप नींद से संबंधित समस्याओं के खतरे को भी कम कर सकते हैं। पिस्ता और काजू को नींद विकारों को दूर करने वाले लाभकारी नट्स में से एक माना जाता है।

# क्या नींद की कमी का फर्टिलिटी पर होता है असर?

**स्वास्थ्य बेहतर** रखना है तो सभी लोगों को स्वस्थ आहार के साथ नियमित व्यायाम करने की सलाह दी जाती रही है, इसमें आदतों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अब अच्छी नींद को भी शामिल किया है। यानी कि नींद हमारी सेहत के लिए उतनी ही जरूरी है जितना कि पौष्टिक आहार और व्यायाम। लोगों में बढ़ती नींद की परेशानी के कारण कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ता हुआ देखा गया है। इसे तनाव-अवसाद की बढ़ती समस्या से लेकर ब्लड प्रेशर, हृदय रोगों को बढ़ाने वाला कारक भी माना जाता है। यही कारण है सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने की सलाह दी जाती है।

शोधकर्ताओं ने सचेत किया है कि अगर आप रात की नींद पूरी नहीं कर पा रहे हैं और यह समस्या लगातार बनी हुई है तो इसके कारण प्रजनन स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर होने का खतरा रहता है। पुरुष-महिला, दोनों में इससे संबंधित समस्याएं देखी गई हैं।





### प्रजनन हार्मोन्स पर पड़ता है असर

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, नींद की कमी प्रजनन क्षमता से संबंधित हार्मोन को प्रभावित कर सकती है। मस्तिष्क का वह हिस्सा जो ₹स्लीप-वेक हार्मोन₹ को नियंत्रित करता है, नींद की कमी की स्थिति में यह महिलाओं में ओव्यूलेशन और पुरुषों में शुक्राणुओं को प्रभावित करता है।

महिलाओं में लंबे समय तक नींद की बनी रहने वाली समस्या के कारण एस्ट्रोजेन, प्रोजेस्टेरोन, प्रोलैक्टिन और ल्यूटिनाइजिंग जैसे हार्मोन सहित विभिन्न प्रजनन संबंधी हार्मोन पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। यानी नींद की कमी आपमें बांझपन जैसी समस्याओं के जोखिम को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वैज्ञानिकों का कहना है कि पुरुषों में स्वस्थ शुक्राणु उत्पादन के लिए टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आमतौर पर नींद के दौरान ये हार्मोन रिलीज होते हैं। शोधकर्ता और महामारी विज्ञान के प्रोफेसर के अनुसार, कई अध्ययनों में पाया गया है कि जो लोग अच्छी नींद लेते हैं उनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर प्रजनन के लिए उपयुक्त बना रहता है। जबकि नींद और प्रजनन क्षमता पर किए गए अधिकांश शोध बताते हैं, बहुत कम नींद लेने वाले या नींद की खराब गुणवत्ता वाले लोगों में प्रजनन की समस्याओं का जोखिम अधिक होता है।

### शोध में क्या पता चला?

बोस्टन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक अध्ययन में 790 युगलों पर शोध किया गया। कई स्तर पर किए गए निष्कर्ष में पाया गया कि जिन लोगों को रोजाना 6 घंटे से कम की नींद मिल पाती थी उनमें गर्भधारण से संबंधित दिक्कतों का खतरा अधिक पाया गया। इसके अलावा जो पुरुष बहुत कम या बहुत देर तक सोते थे, उनमें प्रजनन समस्याओं का जोखिम 42% अधिक था। यानी कि नींद की कमी पुरुष-महिला दोनों के प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करती हुई देखी गई है।

### अच्छी नींद पाने के करें प्रयास

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को दिनचर्या में ऐसी आदतों को जरूर शामिल करना चाहिए जो आपको अच्छी नींद पाने में मदद करती हैं।

### हर दिन व्यायाम करें।

सोने-जागने का समय निर्धारित करें, रोजाना इसका पालन करें।

बेडरूम को शांत और कम रोशनी वाला रखें जिससे अच्छी नींद आए। शराब का सेवन हानिकारक है इससे नींद प्रभावित होती है, इससे दूरी बनाएं।

# इन उपायों की मदद से दूर होगी खर्राटों की समस्या

**क्या आपको** खर्राटे आते हैं? क्या खर्राटों की वजह से आपका पार्टनर आपके साथ सोना नहीं चाहता? क्या आपके बच्चे और पार्टनर खर्राटों की वजह से आपका मजाक बनाते हैं? क्या खर्राटों की वजह से आपको दोस्तों के बीच शर्मिंदा होना पड़ता है? अरे.रे.रे ये क्या प्रश्न पूछ लिया? यही तो असली दुखती नस है. अगर आप भी ऐसा ही कुछ सोच रहे हैं तो बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है. यकीन मानिए आप इस दुनिया में अकेले नहीं हैं. अकेला तो कोई नहीं है, लेकिन खर्राटे लेने के मामले में भी आप अकेले नहीं हैं. बल्कि यह जानकर आपको सुकून मिलेगा कि 30-60 वर्ष की उम्र के 44 फीसद पुरुष और 28 फीसद महिलाएं खर्राटे लेती हैं. सुकून इसलिए क्योंकि यह अकेले आपकी परेशानी नहीं है और यह ऐसी परेशानी भी नहीं है, जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं गया है. बल्कि इसके लिए बकायदा एक ऑर्गेनाइजेशन है, जो इस पर काम करती है. ये जो आंकड़े हमने आपको बताए, यह उसी ऑर्गेनाइजेशन स्लीप फाउंडेशन के हैं. स्लीप फाउंडेशन के अनुसार 60 वर्ष से अधिक उम्र होने पर लगभग आधी आबादी खर्राटे लेती है.

### खर्राटे क्यों आते हैं?

सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि खर्राटे क्या होते हैं? खर्राटे क्यों आते हैं? जब सांस लेते समय हवा हमारी नाक के पिछले हिस्से में मौजूद पार्शियल ब्लॉक एयरवे से गुजरती है तो एक आवाज निकलती है. इसी आवाज को खर्राटा या अंग्रेजी में स्नोरिंग कहते हैं.

### सोने का तरीका बदलें

अगर आप पीठ के बल सोते हैं तो



संभव है कि आपके खर्राटे लेने का एक बड़ा कारण यह भी हो. वेबएमडी की रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है. इसलिए अगर आप सोने का तरीके बदलते हैं और करवट लेकर सोते हैं तो इससे खर्राटे कम हो सकते हैं. इसके लिए आप बॉडी पिलो का इस्तेमाल कर सकते हैं. आप नींद में करवट लेकर फिर से पीठ के बल न आ जाएं इसके लिए फुल लेंग्थ बॉडी पिलो का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अलावा आप नींद में अंजाने में पीठ के बल न आ जाएं इसके लिए अपनी कमर में पीछे की तरफ एक टेनिस बॉल बांधकर रख सकते हैं. इससे आप नींद में गलती से भी पीठ के बल नहीं आएंगे.

### अपना तकिया बदलें

अगर आप खर्राटे लेते हैं तो जल्दी-जल्दी तकिया बदलने के लिए आपके पास दो कारण हैं. पहला कारण तो यह है कि समय के साथ तकिए में धूल के कण जमा होने लगते हैं, जिनकी वजह से आपको एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है. दिनभर आपको बंद नाक जैसी कोई समस्या नहीं होती है, लेकिन रात में नाक बंद होती है तो यह संकेत है कि अब आपको तकिया बदल लेना चाहिए.

### नेजल पैसेजेस को खोलें

खर्राटों से मुक्ति पाने के लिए नेजल पैसेज को खोलना भी एक उपाय है. अगर आपकी नाक बंद है या एयरवे पतला हो गया है तो जब हवा उस हिस्से से गुजरेगी तो खर्राटे की आवाज आएगी ही. नाक को खोलने के लिए आपको कुछ आसान उपाय अपनाने चाहिए. बंद नाक को खोलने के लिए आप रात को सोने से ठीक पहले गर्म पानी से नहा सकते हैं. नमक के पानी का सॉल्यूशन इस्तेमाल करके भी आप अपनी बंद नाक को खोल सकते हैं, इसके अलावा नेति क्रिया के द्वारा भी नाक खोल सकते हैं. नाक के ऊपर चिपकने वाली नेजल स्ट्रिप की मदद से भी आप खर्राटों से मुक्ति पा सकते हैं.

### भरपूर नींद लें

विशेषतौर पर हेल्थ के लिए काम करने वाली वेबसाइट हेल्थलाइन के अनुसार जब आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो खर्राटे आने की संभावना अधिक होती है. अगर आप रात में 7-9 घंटे की नींद नहीं लेते हैं तो इससे आपके गले की मांसपेशियां रिलेक्स हो सकती हैं.

### हमेशा हाइड्रेटिड रहें

वेबएमडी के अनुसार तरल पीने और अपने को हाइड्रेटिड रखने से खर्राटों की समस्या कम हो सकती है. अगर आप उचित मात्रा में पानी का सेवन नहीं करते हैं तो नाक में मौजूद म्यूकस चिपचिपा हो जाता है. उसकी वजह से सांस की आवाजाही में दिक्कत होने पर खर्राटे आ सकते हैं. अपने को हाइड्रेटिड रखने के लिए आपको हर दिन 12-15 गिलास पानी पीना चाहिए.

### एंटीस्नोरिंग माउथपीस का इस्तेमाल करें

स्लीप फाउंडेशन के अनुसार आज बाजार में बहुत से ऐसे प्रोडक्ट मौजूद हैं, जिनके इस्तेमाल से खर्राटों की समस्या कम हो सकती है. ऐसी ही एक डिवाइस माउथगार्ड है, जिसे मैंडिबुलर एडवांसमेंट डिवाइस के नाम से जाना जाता है. यह डिवाइस दांतों में फिट होती है और आपके निचले जबड़े को थोड़ा से आगे की ओर धक्का देती है. ऐसा करने से आपको खर्राटे रोकने में मदद मिलती है. इसके अलावा टंग (जीभ) स्टेब्लाइजिंग डिवाइस भी आती है, जिसे TRD या TSD के नाम से भी जाना जाता है. यह माउथपीस दांतों के बीच फिट किया जाता है, लेकिन जीफ अपनी जगह पर रहती है. इस तरह की डिवाइस खर्राटों की आवाज को 60-70 फीसद तक कम कर देती है.

### धूम्रपान छोड़ें, जीवन अपनाएं

अगर आप धूम्रपान करते हैं तो आपको जल्द से जल्द स्मोकिंग छोड़ देनी चाहिए. क्योंकि स्मोकिंग की आदत की वजह से भी आपको खर्राटे आ सकते हैं. स्मोकिंग छोड़ने से खर्राटे कम हो सकते हैं. धूम्रपान छोड़ने से आपको न सिर्फ खर्राटों से मुक्ति मिल सकती है, बल्कि कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं.

# दोस्तों के साथ समय बिताने से होते हैं सेहत के कई फायदे

**ज़िंदगी में दोस्ती** का होना अपने आप में एक सुकून है। एक ऐसा इंसान जीवन में होता है जिससे आप खुलकर बात कर सकते हैं या जिसके साथ हंस सकते हैं। दोस्ती का फ़ायदा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता हमें शारीरिक और मानसिक रूप से भी अच्छा महसूस कराता है।

### संतुष्टि महसूस होती है

2018 का शोध बताता है कि दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। यह आपको दूसरों पर भरोसा करने और सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवन का आनंद लेने की संभावना बेहतर होती है। दोस्तों से मुलाक़ात कभी-कभार हो तो जीवन की संतुष्टि 69 फ़ीसदी तक कम हो सकती है। सप्ताह में एक से ज़्यादा बार दोस्तों से मिलने से संतुष्टि महसूस होती है और ज़िंदगी का आनंद बेहतर तरीक़े से ले पाते हैं।

### तनाव और उलझन कम होती है

2017 के एक अध्ययन के अनुसार दोस्ती तनाव और उलझन के स्तर को कम करती है। किशोरावस्था में क़रीबी दोस्त होने से वयस्कता के दौरान मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। वयस्क अवस्था में भी दोस्त की मौजूदगी मन को स्वस्थ रखती है।

### मस्तिष्क को मज़बूती मिलती है

2019 का एक शोध बताता है कि दोस्त और उसका संबल संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार करता है। दोस्ती से मानसिक तौर पर स्थिरता आती है जिसका फ़ायदा वृद्धावस्था में मिलता है। 2017 की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोस्त होने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है।



### अकेलापन दूर होता है

दोस्त होने से अकेलेपन की भावना कम होती है। अकेलापन अवसाद बढ़ाता है और अन्य मानसिक व शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। 2018 के अध्ययन के अनुसार, मित्रता समर्थन और आत्मीयता की भावना लाती है।

### फिटनेस पर पड़ता है असर

दोस्तों के साथ व्यायाम करने से ज़्यादा फिट रहा जा सकता है। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि जो लोग दोस्तों के साथ एक्सरसाइज़ करते हैं उनमें तनाव का स्तर कम पाया जाता है। ऐसे लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी ख़ुद को स्वस्थ पाया।

# क्यों होती है मीठा खाने की तेज तलब

## यह गंभीर समस्या तो नहीं?



**ज्यादा मीठी** चीजें खाने की आदत आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकती है। इससे सबसे ज्यादा खतरा ब्लड शुगर का लेवल बढ़ने को लेकर होता है, अगर समय रहते इसपर कंट्रोल न किया जाए तो इससे टाइप-2 डायबिटीज का खतरा अधिक हो सकता है। अधिक मीठी चीजें डायबिटीज के साथ मोटापा, हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को आहार में मीठी चीजों की मात्रा को कम रखना चाहिए।

क्या आपको भी अक्सर मीठी चीजें खाने की तलब होती रहती है? अगर हां तो इस समस्या पर गंभीरता से लेना चाहिए। शुगर की क्रेविंग होना कई अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी हो सकती है। इसलिए अगर आपको अधिक मीठा खाने की इचछी होती रहती है तो इस बारे में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह जरूर ले लें।

### क्यों होती है शुगर की क्रेविंग?

शोधकर्ता कहते हैं, शुगर क्रेविंग आपके मस्तिष्क की स्थितियों से संबंधित हो सकती है। आपके टेम्पोरल लोब में हिप्पोकैम्पस, यादों को संजोने के लिए जिम्मेदार है। हिप्पोकैम्पस ही है जो आपको डार्क चॉकलेट और मिल्क चॉकलेट का स्वाद याद रखने में मदद करती है। इसकी सक्रियता की स्थिति भी फूड क्रेविंग या कुछ चीजों के खाने की इच्छा हो सकती है।

अधिक चीनी खाने की आवश्यकता महसूस होती रहती है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।


### सेरोटोनिन थ्योरी को लेकर क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

फूड क्रेविंग को लेकर एक थ्योरी सेरोटोनिन से भी संबंधित है। सेरोटोनिन, मूड को ठीक रखने के लिए आवश्यक न्यूरोट्रांसमीटर है। शोधकर्ताओं का मानना है कि मस्तिष्क में सेरोटोनिन का असंतुलन अवसाद के जोखिमों को बढ़ाने वाला हो सकता है। जब आप कार्ब्स या मीठी चीजों को खाने की तीव्र इच्छा रखते हैं तो यह स्थिति सेरोटोनिन उत्पादन को बढ़ाने वाली हो सकती है।

### क्या हो सकता है इसका असर?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शुगर की क्रेविंग होना ठीक नहीं है, अगर आपकी भी बहुत अधिक मीठा खाने की इच्छा होती है तो इसपर ध्यान दिया जाना चाहिए। ज्यादा मीठा खाना आपके वजन को बढ़ाने वाला हो सकता है साथ ही इसके कारण डायबिटीज की जटिलता भी बढ़ सकती है।

यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम से कम मात्रा में चीनी वाली चीजों का सेवन कम करने की सलाह देते हैं।




# घर पर फटाफट यूं करें तैयार बेसन की बर्फी

घर पर कुछ मीठा तैयार करना चाहते हैं तो आप बेसन की बर्फी बना सकते हैं. इसे बनाना बेहद आसान होता है और यह बिना मावे के भी बनाई जा सकती है. आइए देखते हैं रेसिपी-

घर पर भी लोग अपने हाथों से मिठाइयां बनाते हैं. नारियल की बर्फी, गुलाब जामुन आदि मिठाइयां तैयार की जाती हैं. जो लोग पहली बार मिठाई बना रहे हैं वह ऐसी मिठाई चुनते हैं जिसे बनाना आसान हो और स्वाद में भी सबको पसंद आए. ऐसे में हम आपके लिए बेसन की बर्फी की रेसिपी लेकर आए हैं. कम सामग्री में इसे आप आसानी से बना लेंगे. आइए जानते हैं विधि.

### सामग्री

- बेसन - 2 कप (200 ग्राम)
- घी - 3/4 कप (135 ग्राम)
- सूजी - 1/4 कप (50 ग्राम)
- पिसी चीनी - 1 कप (170 ग्राम)
- छोटी इलायची - 6, दरदरी कुटी हुई

### कटे हुए बादाम

बेसन बर्फी बनाने का तरीका: बेसन बर्फी बनाने के लिए सबसे पहले बाउल में 2 कप बेसन छान लीजिए. इसके बाद पैन में 3/4 कप घी डालकर गरम करने रख



दीजिए. जब घी हल्का गरम हो जाए तो इसमें छना हुआ बेसन डालकर भूनिए. इसको लगातार चलाते हुए लो से मीडियम फ्लेम पर भूनें. जब बेसन का रंग हल्का बदल जाए और इसमें से भीनी खुशबू आने लगे तो इसमें चीनी पाउडर और दरदरी कुटी हुई इलायची मिला दें. मिश्रण के हल्का गीला होने पर फ्लेम बंद कर दीजिए. अब एक प्लेट घी से ग्रीस करके इसमें मिश्रण डालकर एक जैसा कीजिए. फिर इसपर बादाम कतरन डाल कर हल्के से दबा दीजिए. अब इसे ठडां होने दीजिए, फिर 1 घंटे के लिये फ्रिज में रख दीजिए. समय पूरा होने पर अपने हिसाब के पीस काट लीजिए. 10-12 सेकंड गैस पर प्लेट घुमाकर पीस निकाल लीजिए. इस तरह बेसन की बर्फी बनकर तैयार हो जाएगी, इसे परोसिए और इसके स्वाद का आनंद लीजिये.

# आखिर क्यों नसें दिखती है नीली-हरी

**खून का रंग लाल** होता है, फिर भी हमारे शरीर की नसें नीले या जामुनी रंग की दिखती है. आमतौर पर एक धारणा बनी हुई है कि ऑक्सीजन युक्त खून लाल होता है, जबकि बिना ऑक्सीजन वाला खून नीला होता है. लेकिन यह सच नहीं है. खून का रंग सिर्फ लाल होता है. लाल रक्त कोशिकाओं में प्रोटीन जिसमें ऑक्सीजन होती है, उसे हीमोग्लोबिन कहते हैं. इसके प्रत्येक अणु में आयरन के चार परमाणु होते हैं, जो लाल प्रकाश को दर्शाते हैं. हमारे खून को लाल रंग देते हैं. खून में ऑक्सीजन के स्तर पर लाल का शेड बदलता है.

### खून अलग-अलग लाल रंग का हो सकता है

जब हीमोग्लोबिन फेफड़ों से ऑक्सीजन लेता है, तो खून का रंग चमकदार चेरी रेड होता है. इसके बाद यह खून धमनियों में और वहां से शरीर की टिश्यू तक जाता है. वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के हीमैटोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. क्लेबर फेरट्रिन के मुताबिक, शरीर की सभी टिश्यू तक ऑक्सीज़न पहुंचाने के बाद, जब यह खून फेफड़ों तक वापस आता है, तो नसों में बहने वाला बिना ऑक्सीज़न वाला खून गहरे लाल रंग का होता है.

कहने का मतलब है कि खून अलग-अलग लाल रंग का हो सकता है लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि इंसान का खून नीला हो जाए. नीली




दिख रही नसों से अगर खून निकाला जाए, तो वह लाल ही होगा.

### नीली या हरी नस दिखना इल्यूज़न है

नीली या हरी नस दिखना एक इल्यूज़न है, क्योंकि नसें त्वचा की पतली परत के नीचे होती हैं. हम जो रंग देखते हैं, वे उस वेवलेंथ पर आधारित होते हैं जिसे हमारा रेटिना समझता है. और त्वचा की अलग-अलग परतें वेवलेंथ को अलग-अलग तरीकों से बिखेरती हैं. गहरे रंग की त्वचा के नीचे, नसें अक्सर हरी दिखाई देती हैं. जबकि हल्के रंग की त्वचा के नीचे नसें नीले या जामुनी दिखती हैं.

ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रकाश की हरी और नीली वेवलेंथ, लाल वेवलेंथ से छोटी होती हैं. नीली रोशनी की तुलना में, लाल रोशनी इंसान के टिश्यू को भेदने में बेहतर है. इसलिए हमारी त्वचा लाल वेवलेंथ को अवशोषित करती है और हरे या नीले रंग परावर्तित हो जाते हैं और हमारे पास वापस बिखर जाते हैं.

# चीन ने दिखाई अंतरिक्ष में हमला करने वाली मिसाइल

## बिना पायलट के उड़ने वाला फाइटर जेट, पानी के अंदर चलने वाला ड्रोन

बीजिंग, 3 सितंबर (एजेंसियां)। चीन आज अपना 80वां विक्ट्री डे मना रहा है। इस मौके पर राजधानी बीजिंग में देश की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड का आयोजन किया गया।

इसमें अंतरिक्ष में हमला करने वाली मिसाइल, बिना पायलट के उड़ने वाला फाइटर जेट, पानी के अंदर चलने वाला ड्रोन समेत कई आधुनिक इक्यूपमेंट शामिल है।

परेड में 100+ हथियार, 45+ सैन्य टुकड़ियां और 100+ विमान देखे गए। इनमें से कई हथियार पहली बार दुनिया के सामने आए।

इन हथियारों की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर स्वदेशी हैं। शी जिनपिंग ने अपने भाषण में कहा कि- ये हथियार और विमान चीन की सैन्य ताकत और बेहतर टेक्नालॉजी को दिखाते हैं।

परेड में शामिल हुए खास मिसाइल, ड्रोन और विमान के बारे में जानिए

**चीन ने नया टाइप 99B मेन बैटल टैंक पेश किया**

चीन ने अपनी विजय दिवस परेड में पहली बार टाइप 99B मेन बैटल टैंक पेश किया। यह टाइप 99 सीरीज का नवीनतम तीसरी पीढ़ी का टैंक है।

ये टाइप 99बी का अपडेटेड वर्जन माना जा रहा है। इसे 2001 से पीएलए में शामिल किया गया है। अब तक 1300 से ज्यादा टाइप 99 और 99ए टैंक बनाए जा चुके हैं।



**चीन का मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम पीएचएल-16**

चीन ने अपनी विजय दिवस परेड में पीएचएल-16 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर दिखाया। इसे पीएलए-191 भी कहा जाता है। इसे अमेरिका के हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (HI-MARS) का जवाब देने के लिए बनाया गया है।

इसे ताइवान ने 2023 में अमेरिका से खरीदा और तैनात किया था। पीएचएल-16 को नॉरिन्को ने बनाया है और यह चीन का सबसे बेहतर रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है। पीएचएल-16 को पहली बार 2019 में नेशनल डे परेड में दिखाया गया था।



परेड में पहली बार चीन के दो बड़े पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (XLUUVs) दिखाए गए।

दूसरा ड्रोन लंबाई में तो लगभग उतना ही है, लेकिन यह ज्यादा चौड़ा है, करीब 2 से 3 मीटर। XLUUV कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है, जिसमें कम से कम पांच प्रकार के ड्रोन पहले से ही टेस्टिंग में हैं।

चीन की विजय दिवस परेड में पहली बार वाइजे-15, वाइजे-17, वाइजे-19 और वाइजे-20 मिसाइलों को पेश किया गया। इसका नाम और तस्वीर अभी सामने नहीं आई है।

इस पर दो मस्तूल लगे है, जबकि एजेएक्स002 पर कोई मस्तूल नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन्हें टॉरपीडो या माइंस से लैस किया जा सकता है, या फिर ये सिर्फ निगरानी (रेकी) के काम आ सकते हैं।

इसमें 'X' आकार के रडर और दो मास्ट हैं, जो इसे एजेएक्स002 से अलग बनाता है। चीन का

# तेजप्रताप, शिवपाल यादव अब के. कविता

## परिवारवादी पार्टियों में निष्कासन की कहानी

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी ने एमएलसी कलवकुंतला कविता को पार्टी विरोधी गतिविधियों से पार्टी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया है। मंगलवार को बीआरएस महासचिव सोमा भरत कुमार और टी रविंदर राव ने इस आशय का एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि कविता की हालिया गतिविधियों से पार्टी को नुकसान हो रहा है। पार्टी नेतृत्व ने उन गतिविधियों को गंभीरता से लिया है। इसके बाद ही पार्टी अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने कविता को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है।

**केसीआर शैतानों से घिरे हुए हैं: कविता**

इस बीच, बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी एमएलसी कविता ने पार्टी के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल मचा रखी है। मई महीने में अपने पिता को लिखे एक पत्र के लीक होने के बाद, उन्होंने पार्टी नेताओं पर कहा कि केसीआर शैतानों से घिरे हुए हैं। इसके बाद से, वह पार्टी में कम सक्रिय नजर आने लगीं। और अपने संगठन, तेलंगाना जागृति के तहत राजनीतिक गतिविधियां शुरू कर दीं। कालेश्वरम परियोजना के निर्माण में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच के आदेश देने के बाद, कविता ने पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक, अपने चचेरे भाई टी हरीश राव और पूर्व सांसद जे संतोष कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों नेताओं की वजह से केसीआर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। पार्टी ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है और अपने नेताओं से चर्चा के बाद केसीआर ने उन्हें निलंबित करने का फैसला किया है।


बीआरएस ने कलवकुंतला कविता को पार्टी से निकाल दिया है

**परिवार के भीतर लड़ाइयों का लंबा सिलसिला**

बहरहाल, के. कविता का पहला मामला नहीं है। भारत में परिवारवादी पार्टियों में घर की लड़ाई पर्दे के बाहर आने का एक लंबा सिलसिला रहा है। भारतीय राजनीति में परिवारवाद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि कई बड़ी पार्टियां केवल 'वंश परंपरा' पर ही टिकी हुई दिखती हैं। समाजवादी पार्टी हो या राष्ट्रीय जनता दल, या फिर तमिलनाडु की डीएमके-इन सबके भीतर परिवार ही संगठन और सत्ता दोनों का असली केंद्र है। लेकिन यही केंद्र कभी-कभी फूट और निष्कासन की कहानियों में बदल जाता है।

के कविता से पहले बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। असल में, तेजप्रताप यादव का राजद से अलग-थलग पड़ना और शिवपाल यादव का सपा से बेदखल होना इस प्रवृत्ति का बड़ा उदाहरण है। तेजप्रताप, लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे, शुरू से ही संगठन में हाशिये पर रहे। तेजस्वी यादव को राजनीतिक वारिस बनाए जाने के बाद तेजप्रताप और पार्टी नेतृत्व के बीच दूरी और बढ़ गई। हालात इस हद तक बिगड़े कि उन्हें पार्टी की रणनीतिक बैठकों से बाहर रखा जाने लगा। अंततः उनका निष्कासन सिर्फ औपचारिक कदम था, असल मायनों में उन्हें पहले ही हाशिये पर धकेल दिया गया था। यही कहानी समाजवादी पार्टी में भी दिखाई देती है। शिवपाल यादव, मुलायम सिंह यादव के भाई और संगठन के लंबे समय तक मजबूत स्तंभ रहे। लेकिन अखिलेश यादव को वारिस बनाने की कवायद ने चाचा-भतीजे को आमने-सामने ला दिया। अखिलेश ने संगठन को अपने हिसाब से ढालना शुरू किया, और शिवपाल को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इस निष्कासन ने सिर्फ पार्टी की दिशा बदली, बल्कि यह भी साफ कर दिया कि परिवारवादी पार्टियों में उत्तराधिकार तय होते ही पुराने दिग्गज नेताओं की उपयोगिता खत्म हो जाती है।

तमिलनाडु की डीएमके भी इस सिलसिले की अहम मिसाल है। करुणानिधि के जीवनकाल में ही यह साफ हो गया था कि स्टालिन को उत्तराधिकारी बनाया जाएगा। लेकिन परिवार के भीतर अलागिरी और कनिमोझी जैसे चेहरे भी अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा रखते थे। अलागिरी ने विद्रोह की कोशिश की, मगर पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर दिया। कनिमोझी आज भी सक्रिय हैं, लेकिन नेतृत्व पूरी तरह स्टालिन के हाथों में केंद्रित हो चुका है।

### भारत-पाक सीजफायर का क्रेडिट नहीं मिलने से ट्रम्प ठगा महसूस कर रहे थे

वाशिंगटन, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत-पाकिस्तान सीजफायर का क्रेडिट नहीं मिलने से ठगा हुआ महसूस कर रहे थे, इसलिए उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाया। अमेरिकी एक्सपर्ट एश्ले टेलिस ने दावा किया।


टेलिस ने कहा कि भारत पर सिर्फ रूसी तेल खरीदने की वजह से टैरिफ नहीं लगाया गया। इसके पीछे राजनीति भी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प शांति का क्रेडिट चाहते थे, लेकिन भारत ने तीसरे पक्ष की दखलंदाजी से इनकार कर दिया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आया।

टेलिस ने ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो पर इस तनाव को बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीटर का भारत को टैरिफ का महाराज कहना और उस पर तेल से मुनाफाखोरी का आरोप लगाने से दोनों देशों के रिश्ते खराब हुए हैं और भारत का झुकाव अमेरिका के दुश्मन देशों की ओर बढ़ा।

# पुतिन के सामने फिर इयरफोन नहीं लगा पाए पाकिस्तानी पीएम

## रूसी राष्ट्रपति ने सिखाया, 3 साल पहले भी ऐसी गलती कर चुके शहबाज



तियानजिन, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच मुलाकात का वीडियो एक बार फिर से वायरल है। पुतिन से बात करते वक्त शरीफ अपना इयरफोन ठीक से नहीं लगा पाए।

यह वाकया मंगलवार को बीजिंग में पुतिन से मुलाकात के दौरान हुआ। उन्होंने शरीफ को इयरफोन पहनने का तरीका समझाने की कोशिश की। इस दौरान वे मुस्कुराते भी नजर आए।

इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें शहबाज शरीफ के कानों से ट्रांसलेशन इयरफोन बार-बार फिसल रहा है, वह उनसे लग नहीं पा रहा। इसके बाद, पुतिन अपना हेडसेट उठाकर उन्हें पहनने का तरीका दिखाने की कोशिश करते हैं। यह पहली बार नहीं है जब शरीफ, पुतिन के सामने इयरफोन नहीं पहन पाए। ठीक 3 साल पहले भी शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट के दौरान ही ऐसा हुआ था।

साल 2022 में उज्बेकिस्तान में एससीओ समिट से इतर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ शरीफ द्विपक्षीय बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें अपने इयरफोन को एडजस्ट करने में दिक्कत आ रही थी। जब चर्चा शुरू हुई तो उनका हेडफोन बार-बार फिसल रहा था।

हालांकि, इसे ठीक करने की कोशिश की गई लेकिन ये समस्या कुछ समय तक बनी रही, शहबाज के साथ दिक्कतों को देखकर पुतिन को हंसी आ गई थी। इसी साल तियानजिन में हुई एससीओ समिट शरीफ, पुतिन का ध्यान आकर्षित करने और उनसे हाथ मिलाने के लिए भी आतुर देखे गए थे। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान भारत और रूस के रिश्तों का सम्मान करता है, लेकिन साथ ही मास्को के साथ मजबूत रिश्ते भी बनाना चाहता है। शरीफ ने पुतिन को शानदार नेता बताया और उनके साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई।

# किम जोंग की बेटी पहली बार नॉर्थ-कोरिया के बाहर दिखीं

## पिता के साथ चीन के विक्ट्री परेड में शामिल हुईं, दावा- अगली लीडर होंगी



बीजिंग, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन के साथ चीन की विक्ट्री परेड में उनकी बेटी किम जू ऐ भी पहुंची। यह पहला मौका था जब किम जू को देश के बाहर देखा गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जू ऐ को किम जोंग का उत्तराधिकारी माना जाता है।

जू 12 साल की हैं। वह 2022 से अपने पिता के साथ सैन्य परेड, हथियार परीक्षण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होती रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग के तीन बच्चे हैं, जिनमें किम जू के अलावा एक बेटा है। उनकी एक और संतान है, जो लड़का है या लड़की, यह स्पष्ट नहीं है। किम जू की इस यात्रा ने कई सवाल खड़े किए हैं कि क्या किम अपनी बेटी को भविष्य के उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि जू को को चीन ले जाना उनकी बढ़ती हैसियत का संकेत है।

बीजिंग रेलवे स्टेशन पर उन्हें अपने पिता के साथ खड़ा देखकर यह साफ हो गया कि विदेश में भी उन्हें उत्तर कोरिया का नंबर 2 माना जा रहा है। इस तरह किम जोंग-उन दुनिया को संदेश दे रहे हैं कि जू-ए उनकी उत्तराधिकारी बनेंगी।

किम जोंग उन अपने परिवार को काफी गोपनियता रखते हैं। इस वजह से उनके परिवार के बारे में काफी कम जानकारी उपलब्ध है।

बुधवार को चीन के तियानमेन स्क्वायर पर सैन्य परेड से पहले किम जू कहीं दिखाई नहीं दीं थी। किम जू पहली बार 2022 सार्वजनिक तौर पर सामने आई थी, जब उन्होंने अपने पिता के साथ एक बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) लॉन्च देखा था।

2023 में भी वे कई सैन्य कार्यक्रमों में नजर आईं थी। किम जू अपने घर पर ही पढ़ाई करती हैं और उन्हें घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग का शौक है।

शादी के कुछ समय बाद तक किम जोंग ने अपनी पत्नी री सोल जू को भी गुप्त रखा गया था। वो 2012 में पहली बार एक सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आई थीं। दक्षिण कोरिया की मीडिया के मुताबिक दोनों की शादी 2009 में हुई थी।

### फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत के साथ अच्छे से पेश आना जरूरी

**ऐसा नहीं किया तो अमेरिका खेल हार जाएगा**

हेलसिंकी, 3 सितंबर (एजेंसियां)। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा कि ग्लोबल साउथ, खासकर भारत के साथ, विदेश नीति में अधिक सम्मान और सहयोग दिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका इस खेल में हार जाएगी।

स्टब ने कहा कि उनका यह मैसेज सिर्फ यूरोपीय देशों के लिए भी है। उन्होंने चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट का भी जिक्र किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी शामिल थे। स्टब ने कहा कि यह बैठक पश्चिमी देशों को याद दिलाती है कि क्या सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है।

# बांग्लादेश से दोस्ती के लिए उतावला पाकिस्तान

## यूनुस पर क्यों डोरे डाल रही है आईएसआई

इस्लामाबाद, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में बीते साल अगस्त में एक बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिला। भारी विरोध के बीच शेख हसीना को ढाका छोड़ना पड़ा और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। इसके बाद से पाकिस्तान की ओर से बांग्लादेश से रिश्ते सुधारने की कोशिश शुरू हुई। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और सैन्य अफसरों के ढाका के दौरों के बाद 23 अगस्त को पाक विदेश मंत्री इशाक डार बांग्लादेश पहुंचे। यह 13 वर्षों में किसी पाक विदेश मंत्री का पहला ढाका दौरा था। ऐसे में सवाल उठता है कि असीम मुनीर के अफसर और शहबाज शरीफ के मंत्री क्यों बार-बार ढाका आ रहे हैं। अल जजीरा का रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री डार ने ढाका में कहा कि उनका यह ऐतिहासिक दौरा दोनों देशों की पुनर्जीवित साझेदारी के एक नए चरण की शुरुआत है। डार ने कहा कि हमें एक ऐसा माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जहां दोनों देशों के युवा अपने साझा सपनों को साकार करने के लिए हाथ मिलाकर काम करें।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का रुख भारत के लिए नरम था। ऐसे में उनके शासन में पाकिस्तान को ढाका में बहुत स्थान नहीं मिला। हसीना के पद से हटने के बाद से पाक और बांग्लादेश के संबंधों में तेजी से गर्मजोशी आई है। खासतौर से डार की यात्रा पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच महीनों की कूटनीतिक और सैन्य बातचीत के बाद एक बड़ी सफलता का प्रतीक है। बांग्लादेश ने भी पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाने की बात कही है। हालांकि अतीत दोनों देशों के बीच विश्वास निर्माण को जटिल बना रहा है। बांग्लादेश (पूर्व में पूर्वी पाकिस्तान) ने जब पाकिस्तान से अलग होने के लिए आंदोलन चलाया तो इसे पाक सेना ने बर्बरता से कुचला। बांग्लादेश की पुरानी मांग रही है कि पाकिस्तान 1971 के अत्याचारों के लिए माफी मांगे। इस पर पाकिस्तान कन्नी काटता रहा है। ढाका विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर दिलवर हुसैन अल जजीरा से कहते हैं कि संबंधों को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान के 'जल्दबाजी के प्रयास' रणनीतिक हैं। हुसैन कहते हैं 'पाकिस्तान हसीना सरकार के कार्यकाल में भी संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहा था लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

### क्वेटा में रैली के दौरान ब्लास्ट, 14 मरे

क्वेटा, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के क्वेटा में मंगलवार रात बलूच नेशनल पार्टी की रैली हुई। रैली के खत्म होने के तुरंत बाद बम विस्फोट हुआ, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। घायलों में पूर्व सांसद अहमद नवाज और पार्टी नेता मूसा बलूच भी शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहवानी स्टेडियम में बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि पर एक रैली निकाली गई। इसके बाद पार्किंग में सुसाइड अटैक हुआ।

आत्मघाती हमलावर ने मार्च में लाक दर्दें पर हुए हमले की तरह ही विस्फोट करने से पहले मेंगल के जाने का इंतजार किया। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

चश्मदीदों के मुताबिक हमलावर बिना दाढ़ी वाला था। उसकी उम्र 35-40 साल थी। उसके पास बॉल बेयरिंग से भरा लगभग 8 किलो विस्फोटक था।

# गैस पाइपलाइन के लिए रूस-चीन के बीच ऐतिहासिक समझौता

## पुतिन बोले- अभूतपूर्व स्तर पर दोनों देशों के संबंध



मॉस्को, 3 सितंबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के बीच संबंध अभूतपूर्व रूप से उच्च स्तर पर हैं। उनका यह बयान तब आया, जब दोनों देशों ने मिलकर 'पावर ऑफ साइबेरिया-2' नाम की एक बड़ी गैस पाइपलाइन बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

दोनों देशों ने यह समझौता ऐसे समय में किया है, जब विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर अमेरिका का रुख बदल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए भारी टैरिफ लगने से वैश्विक व्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है।

यह विशाल परियोजना मंगोलिया के रास्ते हर साल पश्चिमी रूस से उत्तरी चीन तक 50 अरब क्यूबिक प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। यह पाइपलाइन यूरोप को गैस निर्यात में आई भारी गिरावट की भरपाई करने में रूस की मदद करेगी, जो यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से प्रभावित हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन के हालिया चीन दौरे के दौरान दोनों नेताओं ने एकसाथ कई घंटे बिताए। उन्होंने मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना सुरेलसुख से भी मुलाकात और औपचारिक वार्ताएं कीं। इसके अलावा, दोनों नेता चीनी राष्ट्रपति के सरकारी आवास पर चाय पीते नजर आए। मंगलवार दोपहर रूस की सरकारी उर्जा कंपनी गजप्रोम ने एलान किया कि 'पावर ऑफ साइबेरिया-2' गैस पाइपलाइन के निर्माण के लिए बाध्यकारी एक समझौता हुआ है। कई वर्षों से इस परियोजना को रूस शुरू करने की कोशिश कर रहा था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, यह समझौता पुतिन के लिए एक बड़ी जीत है। यूरोप के स्थान पर अब उन्होंने चीन को अपना प्रमुख गैस उपभोक्ता के रूप में देखना शुरू कर दिया है।

# रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए

## 500+ड्रोन लॉन्च-मिसाइलें भी दागीं, जेलेंस्की ने मांगी मदद

कीव, 3 सितंबर (एजेंसियां)। रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन पर अब तक का बड़ा हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं। इस हमले का सबसे ज्यादा निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है।

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का केंद्र पश्चिमी और मध्य यूक्रेन रहा। इस दौरान कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्लादिमिर पुतिन अंतराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना चाहते हैं कि उन पर कोई अंकुश नहीं है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, 'पुतिन अपनी निर्दयता और दंड से बचने की मानसिकता दिखा रहे हैं। रूस की यह आक्रामकता इसलिए जारी है क्योंकि उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था पर पर्याप्त अंतराष्ट्रीय दबाव नहीं है। अब समय आ गया है कि रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।'



### फ्रांस ने बाल्टिक देश तक, तीसरे विश्वयुद्ध की तैयारी में जुटा यूरोप

पेरिस, 3 सितंबर (एजेंसियां)। फ्रांस ने क्या तीसरे विश्वयुद्ध की तैयारी शुरू कर दी है? ये सवाल इसलिए, उठ रहे हैं क्योंकि खुफिया दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि फ्रांस ने अपने नागरिक अस्पतालों को बड़े पैमाने पर युद्ध की तैयारी में लगाना शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बकायदा इसके लिए गाइडलाइंस जारी किए हैं। जिसमें मार्च 2026 तक देश के अस्पताल हर रोज सैकड़ों घायल सैनिकों को संभालने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। दस्तावेजों से पता चलता है कि फ्रांस न सिर्फ अपने सैनिकों के लिए, बल्कि फ्रांस नाटो देशों के सैनिकों के भी इलाज की व्यवस्था कर रहा है।

# महंत बोले-चमचे किसी को सीएम, किसी को पीसीसी चीफ बनाते हैं

## जिलाध्यक्षों से कहा-अपने-अपने चमचों को संभालकर रखें, चौबे ने कहा था-भूपेश करें कांग्रेस का नेतृत्व



रायपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने रायपुर में कहा था कि प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व अब भूपेश बघेल को करना चाहिए। इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उन्हें महाज्ञानी बताया था। अब नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी हमारी नहीं चमचों की गलती है।

महंत ने राजीव भवन में 'वोट चोर गद्दी छोड़' की रणनीति मीटिंग में कांग्रेस जिला अध्यक्षों से कहा कि मैंने समझाइश में जरूर बोला है कि बातें बाहर जा रही हैं। इस तरह की बयानबाजी हमारी नहीं चमचों की गलती है। चमचे किसी को मुख्यमंत्री तो किसी को प्रदेश अध्यक्ष बनाते हैं। सभी जिलाध्यक्ष और नेता अपने-अपने चमचों को संभालकर रखें।

इस दौरान दीपक बैज ने बताया कि जिला अध्यक्षों की मीटिंग ली गई है। बैठक में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को लेकर रणनीति बनाने चर्चा हुई। कांग्रेस गांव-गांव तक जाएगी, जहां नुक्कड़ नाटक करेंगे। पोस्टर अभियान चलाएंगे। बस्तर से लेकर सरगुजा, मोहला मानपुर से रायपुर चारों ओर अभियान चलाएंगे।

दीपक बैज ने कहा कि, 9 सितंबर को बिलासपुर में 'वोट चोर गद्दी छोड़' प्रदेश स्तरीय अभियान की शुरुआत होगी। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

इसके साथ ही पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के बयान की चर्चा हुई क्या के सवाल पर कहा कि हमारी बैठक की बातें आप लोगों (मीडिया) को कहां से पता चल रही है।

**बैठक में किन बिंदुओं पर चर्चा हुई?**

'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान: कांग्रेस ने प्रदेशभर में इस अभियान को बड़ा आंदोलन बनाने की योजना बनाई है। जिलों से अब तक हुए कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों पर रिपोर्ट ली जा रही है। साथ ही आगे इसे और आक्रामक ढंग से चलाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

ब्लॉक, मंडल और सेक्टर कमेटियों की समीक्षा: संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर तक समिति गठन की स्थिति का बिंदुवार आकलन किया गया। जिन जिलों में गठन अधूरा है, वहां जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए।

धरना-प्रदर्शन के प्रतिवेदन: कृषि संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और जनहित के अन्य मुद्दों को लेकर हाल ही में जिलों में हुए धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की गई। कांग्रेस नेतृत्व ने संबंधित जिलाध्यक्षों से इन आंदोलनों का प्रतिवेदन मांगा है, ताकि आगे की रणनीति तय हो सके।

**अब जानिए रविंद्र चौबे क्या बोले थे, जिस पर मचा बवाल?**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के जन्मदिन पर कहा था कि जनता की इच्छा है कि कांग्रेस का नेतृत्व भूपेश बघेल करें। आने वाले समय में भी वही करें। अगली लड़ाई भाजपा की सरकार के कुशासन और मोदी की गारंटी से है। यह ताकत सिर्फ भूपेश बघेल में है।

**बैज ने पूर्व मंत्री को बताया था महाज्ञानी नेता**

रविंद्र चौबे के बयान पर पीसीसी दीपक बैज ने कहा कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाज्ञानी नेता हैं। अगर यह उनका बयान है, तो उनका निजी बयान है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा है कि कांग्रेस कलेक्टिव लीडरशिप के साथ जनहित के मुद्दों पर ही लड़ाई लड़ेगी और दोबारा सरकार बनाएगी।

# 3 कृषि कारोबारी के ठिकानों पर ईडी रेड

## टीम ने तड़के दबिश दी, दुर्ग-भिलाई और राजिम में भी एक्शन, दस्तावेज खंगाल रही

रायपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। शंकर नगर स्थित खाद कारोबारी विनय गर्ग के घर छापा पड़ा है। फर्टिलाइजर से जुड़ा इनका कारोबार है। वहीं लॉ विस्टा कॉलोनी में दो कारोबारियों के घर जांच चल रही है।

कृषि उपकरण और पेस्टिसाइड्स सप्लायर पवन पोद्दार और सतपाल छाबड़ा के घर अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई और गरियाबंद में भी दबिश दी गई है। ईडी की कार्रवाई डीएमएफ घोटाले से जुड़ी है। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विपक्ष को डराने छापे मारे जा रहे हैं।

भिलाई-3 के वसुंधरा नगर और शांति नगर क्षेत्र में छापा पड़ा है। वसुंधरा नगर में अन्ना एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर और ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। यह कंपनी कृषि उपकरणों की सप्लाई करने का काम करती है। यहां 6 से अधिक अधिकारी मौजूद हैं, जो कंपनी के वित्तीय लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। वहीं, दूसरी टीम भिलाई के शांति नगर में चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य दीनोदिया अग्रवाल के निवास पहुंची है। आदित्य अग्रवाल का ऑफिस रायपुर में है, लेकिन उनकी भिलाई स्थित कोठी पर ईडी की दो अधिकारियों की टीम पहुंची है। यहां परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की जा रही है।



गरियाबंद जिले के राजिम में उगम राज कोठारी के मकान और दुकान पर ईडी ने छापा मारा है। कारोबारी कृषि यंत्रों की सप्लाई का शासन से ठेका लेता है। अधिकारी सुबह दो इनोवा वाहन में कारोबारी के घर पहुंचे। घर और मकान को चारों तरफ से सील किया गया है। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। ईडी के छापे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई काम नहीं है। कभी शराब, कभी कोल, कभी डीएमएफ और अब एग्रीकल्चर, आगे पीएचई पर जाएंगें। जांच करनी है तो 32 हजार जग खरीदी की जांच कर लो। बस्तर ओलिंपिक में 1400 का ट्रेकशूट 2500 में बेच रहे हैं, उसकी जांच कर लो। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गईं है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। ईडी के तथ्यों के मुताबिक टेंडर करने वाले संजय शिंदे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, ऋषभ सोनी और बिचौलिए मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल और शेखर नाम के लोगों के साथ मिलकर पैसे कमाए गए। डिस्ट्रिक मिनरल फंड घोटाला मामले में कलेक्टर को 40%, सीईओ 5%, एसडीओ 3% और सब इंजीनियर को 2% कमीशन मिला। डीएमएफ के वर्क प्रोजेक्ट में करप्शन के लिए फंड खर्च के नियमों को बदला गया था। फंड खर्च के नए प्रावधानों में मटेरियल सप्लाई, ट्रेनिंग, कृषि उपकरण, खेल सामग्री और मेडिकल उपकरणों की कैटेगरी को जोड़ा गया था, ताकि संशोधित नियमों के सहारे डीएमएफ के तहत जरूरी डेवलपमेंट वर्क को दरकिनार कर अधिकतम कमीशन वाले प्रोजेक्ट को अप्रूव किया जा सके।

# रायपुर में एआई-कार्टून स्वरूप में बन रहीं दुर्गा प्रतिमा

## बजरंग दल ने मूर्तिकारों पर जताई नाराजगी, कहा- आस्था के साथ खिलवाड़ न करें, एफआईआर कराएंगे

रायपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में भगवान गणेश की मूर्तियों के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर विवाद शुरू हो गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मूर्तिकारों के स्टॉल पर पहुंचकर नाराजगी जताई। एआई और कार्टून जैसी प्रतिमाओं को लेकर आपत्ति जताई। मूल स्वरूप में मूर्ति बनाने की समझाइश दी है।



बजरंग दल पदाधिकारी योगेश ने मूर्तिकारों से कहा कि, मां दुर्गा की प्रतिमाओं में देवी का पारंपरिक स्वरूप ही स्थापित किया जाए। किसी भी तरह का विकृत और कार्टून स्वरूप स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने एआई और कार्टून स्टाइल से बनी अधूरी या कम कपड़े वाली मूर्तियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने मूर्तिकारों को ऐसे स्वरूप में मूर्ति पूरी नहीं करने की हिदायत दी है। उसके बाद भी कोई प्रतिमा बनाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि, अगर भविष्य में इस प्रकार की देवी की प्रतिमा दिखाई या स्थापित की जाती है, तो एफआईआर कर आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। संगठन का कहना है कि, देवी-देवताओं के स्वरूप से किसी तरह की छेड़छाड़ हिंदू आस्था के खिलाफ है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

माना में जब बजरंग दल के मूर्तिकारों ने फिलहाल विवादित प्रतिमाओं का निर्माण रोक दिया है। संगठन को आश्वासन दिया है कि आगे से पारंपरिक स्वरूप ही बनाया जाएगा। धार्मिक माहौल को देखते हुए प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इससे पहले, रायपुर में गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप में बदलाव को लेकर सर्व हिंदू समाज ने नाराजगी जताई थी। इसके विरोध में सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी।

सर्व हिंदू समाज नीलकंठ महाराज और विश्वदिनी पांडेय ने कहा कि, रायपुर में कुछ जगहों पर गणपति प्रतिमाओं को पारंपरिक स्वरूप से हटकर कार्टून या क्यूट अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। भगवान के इस रूप को देखकर बच्चों और युवाओं में खराब छवि बन रही है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक आयोजन की पवित्रता प्रभावित हो रही है।

# ट्रैक्टर और चेचिस की आमने-सामने टक्कर

लातेहार, 3 सितंबर (एजेंसियां)। लातेहार थाना क्षेत्र के एनएच-39 सड़क के किनामाड़ के पास नगर पंचायत के कचरा उठाने वाले ट्रैक्टर और चेचिस की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई।

हादसे में ट्रैक्टर में सवार नगर पंचायत के एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान मजदूर विनोद उरांव (दुगिला, लातेहार) के रूप में हुई है। जबकि घायल महिला रेशमा देवी का दाहिना पैर और हाथ बुरी तरह से टूट गया है। ट्रैक्टर चालक मुंगेश्वर उरांव बाल-बाल बच गया, जबकि चेचिस चालक घटना स्थल से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर और चेचिस के अगले हिस्से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

# धनबाद में बीसीसीएल के दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

धनबाद, 3 सितंबर (एजेंसियां)। धनबाद में सीबीआई ने बीसीसीएल के लोदना कोलियरी कार्यालय से दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

क्लर्क राजकुमार सिंह और ऑपरेटर रामआश्रय गड़ेरिया को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। सीबीआई के शाखा प्रमुख प्रहलाद किशोर झा के अनुसार, दोनों आरोपी एक सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मचारी की रिटायरमेंट राशि से जुड़े कागजी कार्यवाई को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार किया। सीबीआई की टीम अब दोनों आरोपियों के घरों की तलाशी ले रही है।

दोनों आरोपी लोदना कोलियरी में कार्यरत थे। राजकुमार सिंह क्लर्क के पद पर और रामआश्रय ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे थे।

# अस्पताल पर शिशुओं की अदला-बदली का आरोप

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, अब 4 हफ्ते बाद होगी सुनवाई

रायपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में नवजात शिशुओं की अदला-बदली का मामला सामने आया है। एक दंपति ने आरोप लगाया है कि रायपुर के एक निजी अस्पताल में नवजात शिशुओं की अदला-बदली की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस याचिका पर 4 हफ्ते के बाद सुनवाई करेगा। याचिका में डिलिवरी के तुरंत बाद लड़के को कथित तौर पर एक लड़की से बदलने का आरोप लगाया गया है। याचिका में अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की गई है।



जस्टिस मनोज कुमार और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रायपुर के एक प्राइवेट अस्पताल के डायरेक्टर और उनकी पत्नी (जो खुद अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं) के खिलाफ डिलिवरी के तुरंत बाद एक शिशु के अगवा किए जाने के कथित अपराध के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उसने प्राइवेट अस्पताल में एक लड़के और एक लड़की को जन्म दिया, लेकिन जल्द ही उसे पता चला कि लड़के और लड़की की बजाय दो लड़कियां हैं। उसने शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद डीएनए टेस्ट कराया गया, जिसमें यह पता चला कि एक लड़की का डीएनए उसके बॉयोलॉजिकल माता-पिता से मैच कर रहा है।

हालांकि, दूसरी लड़की का डीएनए उसके माता-पिता यानी याचिकाकर्ताओं से मैच नहीं कर रहा है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि "यह साफतौर से बच्चों की अदला-बदली का मामला है।"

इस प्रकरण से खफा याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, गहन जांच के बाद ही मामले की पड़ताल होनी चाहिए थी, जबकि हाईकोर्ट ने उपरोक्त पहलुओं की जांच किए बिना ही याचिका को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। देश के सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि इस केस पर विचार करने की जरूरत है। अब इस मामले की सुनवाई 4 हफ्ते बाद होगी।

हाईकोर्ट ने 6 एक्सपर्ट डॉक्टरों वाली एक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर याचिका खारिज कर दी थी, जिसने बच्चे की अदला-बदली से जुड़ी किसी भी गड़बड़ी से इनकार कर दिया था।

# झारखंड में बादल और बारिश का दौर जारी

## पूर्वी- पश्चिमी सिंहभूम सहित पांच जिलों में भारी बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी, लो प्रेशर एरिया का इफैक्ट



रांची, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और मानसून ट्रफ के कारण राज्यभर में बादल छा गए हैं। रांची में मंगलवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल मंडराते रहे। बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा और गुमला में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में सुबह से ही लगातार तेज़ बारिश की संभावना है। वहीं रांची, खूंटी, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, पलामू, गिरिडीह और कोडरमा में दोपहर बाद से ही मौसम बदलने की बात कही गई है। यहां हल्की से तेज़ बारिश हो सकती है। विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

लगातार बारिश के कारण अधिकतम तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। रांची का अधिकतम तापमान मंगलवार को 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री और पिछले 24 घंटे से 6.1 डिग्री कम था। जमशेदपुर में यह 28.5 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 3.9 डिग्री और सोमवार से 6.5 डिग्री कम है। बोकारो में 4.6 डिग्री और चाईबासा में 6.2 डिग्री की गिरावट हुई। रांची में मंगलवार तड़के 4 बजे से ही बारिश शुरू हो गई थी और शाम तक रुक-रुककर जारी रही। बीच में हल्की धूप निकली, लेकिन बादलों और फुहारों ने मौसम को सुहावना बनाए रखा। बोकारो और खूंटी में भी यही हाल रहा। तीन दिनों से झुलसा रही धूप से लोगों को बड़ी राहत मिली है।

# गले में अटका चना, डेढ़ साल के मासूम की मौत

## खेलते-खेलते निगला, सांस-नली में फंसा छटपटाने लगा, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

बिलासपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में गले में चना अटकने से डेढ़ साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चा खेलते समय चना निगल गया, जो गले में फंस गया। इससे बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। लेकिन, चना सांस नली में अटक गया था। डॉक्टर गले से चना निकाल पाते इससे पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

बच्चे का नाम शिवांश पोर्ते (16 माह) है। परिवार कोरबा जिले के पाली का रहने वाला है। फिलहाल, रतनपुर के खाल्हेपारा स्थित संजय जायसवाल के फॉर्म हाउस में रहते हैं। मंगलवार को शिवांश घर में खेल रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ।

बच्चे ने चना उठाकर खाया, लेकिन चना उसके गले में अटक गया। दम घुटने के कारण वह वहीं पर छटपटाने लगा। इसके बाद परिजन मासूम को लेकर रतनपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। तब तक मासूम की मौत हो गई थी।

डॉक्टर्स के मुताबिक चना शिवांश के सांस नली में फंस गया था। जिसके चलते उसकी सांसें थमने लगी। वहीं, बच्चा अटक-अटक कर लगातार रोने लगा। डॉक्टर्स का कहना है कि इलाज शुरू कर पाते उससे पहले ही शिवांश ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में रतनपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पेरेंट्स को अपने बच्चों पर ध्यान रखना चाहिए। साथ ही बच्चा खेल रहा है तो सावधानी जरूरी है। खेलते-खेलते बच्चा अगर, मुंह में कुछ डाल रहा है तो उसे तत्काल हटा दें। ताकि वह सांस नली में ना फंसे।

एक महीने पहले कोरबा जिले में भी गले में चना अटकने से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई थी। परिजनों ने कहा था कि बच्चे को सुबह से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन शाम तक सही से इलाज नहीं मिला। समय पर चना निकल जाता तो बच्चा जिंदा होता। डॉक्टर कहते रहे बड़े साहब आएंगे वो देखेंगे।

# राजस्थान से बरामद हुई पलामू की नाबालिग

## भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, कोटपुतली में किराए के मकान में छिपाया था

पलामू, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पलामू जिले से लापता हुई 17 वर्षीय दलित नाबालिग लड़की को राजस्थान से बरामद कर लिया गया है। आरोपी बॉबी आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 15 जुलाई को तरहसी थाने में लड़की के गायब होने की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत में चैनपुर के गरदा गांव निवासी बॉबी आलम पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाया गया था।

एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर राजस्थान में छापेमारी की। स्थानीय पुलिस की मदद से कोटपुतली जिले के बहरोड़ इलाके में एक किराए के मकान से लड़की को बरामद किया गया।

आरोपी बॉबी आलम को स्थानीय कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया। पुलिस टीम 2 सितंबर को आरोपी के साथ तरहसी पहुंची। लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पश्चिमी सिंहभूम की दो आदिवासी बच्चों का कमाल

## नॉर्वे में होमलेस वर्ल्ड कप में भारत का किया प्रतिनिधित्व, 48 देशों के बीच दिखाया दम



चाईबासा, 3 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले की दो आदिवासी बच्चों ने दुनिया के मंच पर भारत का परचम लहराया है। कोमलता बिरुली और पारसी हेम्ब्रम ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित होमलेस फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया।

यह टूर्नामेंट 23 से 30 अगस्त तक चला, जिसमें दुनिया के 48 देशों की टीमें शामिल हुईं। हर साल होमलेस वर्ल्ड कप फाउंडेशन इस आयोजन की मेजबानी करता है। इसका मकसद समाज के वंचित वर्ग और बेघर लोगों को खेल के जरिए पहचान दिलाना और उन्हें सशक्त बनाना है।

लंबी यात्रा के बाद बुधवार को दोनों खिलाड़ी चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पहले से इंतजार कर रहे स्थानीय लोग, परिजन और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

स्टेशन पर माहौल बिल्कुल त्योहार जैसा था। लोग गर्व से झारखंड की बेटियां जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। यह क्षण न केवल खिलाड़ियों और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ।

कोमलता बिरुली तांतनगर प्रखंड की रहने वाली हैं। उन्होंने लौटने के बाद कहा कि आदिवासी समाज में आज भी लड़कियों को खेल और शिक्षा की पूरी आजादी नहीं मिल पाती। कई बार उन्हें कम उम्र में ही शादी के बंधन में बांध दिया जाता है।

उन्होंने माना कि अगर लड़कियों को अवसर और परिवार का सहयोग मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकती हैं। कोमलता ने अपनी सफलता को उन तमाम आदिवासी बेटियों को समर्पित किया जो सपने देखती हैं लेकिन सामाजिक दबाव के कारण आगे नहीं बढ़ पातीं।

# पतरा जंगल में मिला युवक का शव

गुमला, 3 सितंबर (एजेंसियां)। गुमला जिले में एक हत्या का मामला सामने आया है।

टोटो थाना क्षेत्र के बसुवा बरहा टोली के डरहा पतरा टोली में बुधवार को एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान बसुआ फटकपुर निवासी चम्पा उरांव (22) के रूप में हुई है।

कर्मा त्योहार के दौरान डाली काटने गए ग्रामीणों को शव दिखाई दिया। स्थानीय निवासी मनवर अंसारी ने पुलिस को सूचना दी। एसआई गफार अंसारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

प्रथम दृष्टया में तौलिए से गला घोंटकर हत्या किया जाना प्रतीत होता है।

पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। मृतक का मोबाइल फोन भी गायब है।

परिजनों के अनुसार, चम्पा उरांव हिमाचल प्रदेश में काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और एक बच्चा है, जो अभी भी हिमाचल में हैं। उसका ससुराल फोरी में है। पुलिस ने जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।



# ट्रंप ने अनजाने में कर दी बड़ी गलती!

## भारत और चीन के रिश्तों में हाल में गर्मजोशी देखी गई है।



नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है और चीन पर भी 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीन के साथ तो अमेरिका का लंबे समय से ट्रेड वॉर चल रहा है। लेकिन ट्रंप की इस हरकत ने भारत और चीन को करीब ला दिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद भारत और चीन की कंपनियों के बीच बातचीत बढ़ गई है। यह बातचीत जॉइंट वेंचर और पार्टनरशिप को लेकर है। ये सब इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर में हो रहा है। दोनों नेताओं ने रिश्ते सुधारने का वादा किया है। अमेरिका के टैरिफ की वजह से जो तनाव था, उसे कम करने की कोशिश की जा रही है।

इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन बनाने वाली चीन की बड़ी कंपनी हायर (Haier) अपनी भारतीय यूनिट में हिस्सेदारी बेचना चाहती है। इस बारे में एयरटेल के सुनील मित्तल के साथ बातचीत चल रही थी, लेकिन कुछ दिक्कतों की वजह से दो महीने से धीमी हो गई थी। अब इसमें तेजी आई है। दोनों तरफ माहौल अच्छा है। दोनों कंपनियों के अधिकारियों और मर्चेंट बैंकरों ने सोमवार और मंगलवार को कई मीटिंग की। हायर अपनी भारतीय यूनिट में 49% हिस्सेदारी बेचना चाहती। कंपनी 49% हिस्सेदारी अपने पास रखेगी और बाकी 2% कर्मचारियों को देगी।

**कंपनियों की बढ़ रही करीबी**

भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर डिक्सन टेक्नोलॉजीज जल्द ही प्रेस नोट 3 के लिए अप्लाई करने वाली है। ये चीन की कंपनी चोंगकिंग युहाई के साथ जॉइंट वेंचर बना रही है। इसमें लैपटॉप के लिए जरूरी पार्ट्स बनाए जाएंगे। डिक्सन को उम्मीद है कि एचकेसी और वीवो के साथ उसके दो और जॉइंट वेंचर को भी जल्दी ही मंजूरी मिल जाएगी।

इसी तरह ऑटो सेक्टर को उम्मीद है कि अब इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने वाली कंपनियों के लिए चीजें आसान हो जाएंगी। खासकर बजाज ऑटो जैसी कंपनियों को फायदा होगा। दरअसल चीन से आने वाले भारी रेयर अर्थ मैग्नेट के इम्पोर्ट पर रोक लगी हुई थी। ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, पीएम की यात्रा के बाद उम्मीद है कि चीजें आगे बढ़ेंगी। अप्रैल से ही चीन से आने वाले भारी रेयर अर्थ मैग्नेट पर रोक लगी हुई है।

**डील फाइनल करने की तैयारी**

डिक्सन, माइक्रोमैक्स की भगवती प्रोडक्ट्स और पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट जैसी कई बड़ी भारतीय कंपनियों के सीईओ और सीनियर मैनेजमेंट जल्द ही चीन जाने वाले हैं। वे वहां और डील फाइनल करेंगे।

# महानगरों में मकान खरीदना है, ना बाबा ना

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। देश के जाने-माने हेज फंड मैनेजर और विजडम हैच के फाउंडर अक्षत श्रीवास्तव ने महानगरों में रहने वालों को एक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत के मेट्रो शहरों में मकान खरीदना एक बड़ी गलती हो सकती है।

उनका कहना है कि इस समय समझदारी से फैसला लें, नहीं तो आगे पछताना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि देश में पांच मेट्रो सिटीज हैं- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु।

श्रीवास्तव ने X पर लिखा है, किसी भारतीय मेट्रो शहर में प्रॉपर्टी खरीदना आपकी सबसे बड़ी गलतियों में से एक होने जा रहा है। उन्होंने इसके पीछे तीन कारण बताए हैं:1) इस समय पूरा रियल एस्टेट बाजार बिल्डर के नियंत्रण में है (इसलिए आप बहुत महंगा खरीदते हैं), 2) रिहायसी इलाकों में बहुत ज्यादा डेवलपमेंट के कारण बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं (इसलिए शहर रहने लायक नहीं रह रहे हैं), 3) लगातार नए डेवलपमेंट के साथ, आपको अपनी पुरानी प्रॉपर्टी बेचना एक चुनौती बन जाता है। इसलिए, बस किराए पर रहें, शांति से जिएं।



श्रीवास्तव ने आगे कहा है कि मकान खरीदने से पहले लोगों को दूर की सोचनी चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर आप मकान खरीदना चाहते हैं, तो ऐसा कुछ खरीदें जो अगले 30 सालों तक चले। गुड़गांव की प्रॉपर्टी के बारे में तो आप यह भी नहीं कह सकते। शायद उनका इशारा है नए प्रोजेक्ट के निर्माण की गुणवत्ता के बारे में।

उनकी यह सिफारिश ऐसे समय में आई है जब गुड़गांव के प्रॉपर्टी बाजार को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी साल जून में, रियल एस्टेट एक्सपर्ट विशाल भार्गव ने गुड़गावं के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को ताश का मकान बताया था।

उन्होंने चेतावनी दी थी कि शहर में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। कीमतें बढ़ने की असली वजह सट्टेबाजी है। भार्गव ने कहा था, अगर आप गुड़गांव में मकान खरीदने की सोच रहे हैं, तो बहुत सावधान रहें। गुड़गांव का रियल एस्टेट बाजार अब ताश का मकान है। इसे गिरने के लिए बस एक छोटे से धक्के की जरूरत है।

## सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,568 पर बंद

**निफ्टी में 135 अंक की तेजी; मेटल, फार्मा और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी**

मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां):शेयर बाजार में बुधवार, 3 सितंबर को गिरावट के बाद तेजी रही। सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,568 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 135 अंक की तेजी रही, ये 24,715 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 5.87% चढ़कर बंद हुआ। टाइटन, महिंद्रा और जोमैटो समेत कुल 10 शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में तेजी और 24 में गिरावट रही। NSE का मेटल इंडेक्स सबसे ज्यादा 3.11% चढ़ा। फार्मा, बैंकिंग और हेल्थकेयर में भी 1% से ज्यदा की तेजी रही।

## अमेरिका से टैरिफ विवाद के बीच भारत ने रूस से तेल की खरीदारी कम की

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। रूस के कच्चे तेल निर्यात में फिर से तेजी देखने को मिल रही है। इसमें चीन ने अहम भूमिका निभाई है। चीन ने अपनी खरीदारी बढ़ा दी है। यह उछाल ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी तेल आयात को लेकर भारत पर दंडात्मक शुल्क लगा दिया है। इसने दक्षिण एशियाई देश की ओर जाने वाले रूसी तेल के प्रवाह को प्रभावित किया है।

ट्रंप ने भारत के रूसी तेल खरीदने पर आपत्ति जताते हुए टैरिफ को दोगुना कर 50% कर दिया है। इस कदम का असर भारत की ओर जाने वाले रूसी कच्चे तेल पर साफ दिख रहा है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की ओर जाने वाले रूसी तेल का प्रवाह अगस्त 31 तक खत्म हुए चार हफ्तों में औसतन 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन से नीचे रहा। यह मार्च में दर्ज हालिया उच्चतम स्तर से करीब एक-तिहाई कम है। यहां तक कि अगर उन टैंकरों का पूरा तेल, जिनकी मंजिल अभी तय नहीं हुई है, भारत पहुंच भी जाए, तब भी यह प्रवाह मार्च के शिखर स्तर से लगभग 5.5 लाख बैरल प्रतिदिन या 28% कम रहेगा।

वहीं, चीन जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह पांच महीने के उच्चमत स्तर 1.28 मिलयन बैरल प्रतिदिन पर पहुंच गई है।

इस बीच रूसी बंदरगाहों से कुल साप्ताहिक कच्चे तेल की खेप 770,000 बैरल प्रतिदिन बढ़कर 3.49 मिलियन बैरल पर पहुंच गई। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है, जो पिछले सात दिनों के असामान्य रूप से निम्न स्तर से उबर रही है। ब्लूमबर्ग की संकलित टैंकर-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, इस उछाल ने चार सप्ताह के औसत कच्चे तेल की मात्रा को बढ़ा दिया है। इसमें 31 अगस्त तक की अवधि में समुद्री माल औसतन 3.15 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहा।

रखरखाव कार्य के कारण रूस के पूर्वी तट पर स्थित सखालिन 2 परियोजना की चार हफ्ते की अनुपस्थिति के बाद शिपमेंट फिर से शुरू हो गया है। पश्चिम में, बाल्टिक बंदरगाह उस्त-लुगा की ओर प्रवाह आंशिक रूप से बहाल हो गया है। यह ड्रोन हमले में एक पंपिंग स्टेशन को हुए नुकसान के कारण बाधित हुआ था। अतिरिक्त मात्रा प्रिमोर्स्क की ओर मोड़ दी गई है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



2082
-1947,
-2551
432000
426874
-5126
-1972949126
1955885126

06-05
18-28

दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
द्वादशी 04-08 तक उपरान्त त्रयोदशी
भाद्रपद शुक्ल ,गुरुवार 04 September
उत्तराषाढ़ा 23-43 तक उपरान्त श्रवण
सौभाग्य 15-21 तक शोभन
बव 16-20 तक उप बालव
पद्मा एकादशी व्रत ११ व्रत निम्बार्क
श्रवण द्वादशी वामन ज.

| | |
|---|---|
| सिंह | 04-50 बजे |
| मकर | 06-57 बजे |
| | 09-03 बजे |
| सिंह | 11-13 बजे |
| | 13-26 बजे |
| कर्क | 15-33 बजे |
| | 17-23 बजे |
| | 19-01 बजे |
| | 20-37 बजे |
| | 22-22 बजे |
| | 00-22 बजे |
| | 02-35 बजे |

**राहुकाल 13-48 से 15-21 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ 06-05 - 07-37 | शुभ | अमृत 18-28 - 20-53 | शुभ |
| रोग 07-37 - 09-09 | अशुभ | चंचल 20-53 - 21-21 | शुभ |
| उत्पात09-09 - 10-42 | अशुभ | रोग 21-21 - 22-48 | अशुभ |
| चंचल 10-42 - 12-15 | शुभ | काल 22-48 - 00-15 | अशुभ |
| लाभ 12-15 - 13-48 | शुभ | लाभ 00-15 - 01-42 | शुभ |
| अमृत 13-48 - 15-21 | शुभ | उत्पात01-42 - 03-09 | अशुभ |
| काल 15-21 - 16-53 | अशुभ | शुभ. 03-09 - 04-37 | शुभ |
| शुभ 16-53 - 18-28 | शुभ | अमृत 04-37 - 06-05 | शुभ |

# सोना 1,214 बढ़कर 1.06 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**चांदी 1.23 लाख किलो बिक रही**

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। सोने के दाम आज यानी 3 सितंबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 1,214 रुपए बढ़कर 1,05,638 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,04,424 रुपए पर था।

वहीं चांदी 137 रुपए बढ़कर 1,22,970 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,22,833 रुपए थी। चांदी ने 1 अगस्त को 1,23,250 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,120 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,200
मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,050
कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,050
चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,970और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,050



भोपालः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,020 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 29,476 रुपए बढ़कर 1,05,638 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 36,816 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सोने की कीमतों में तेजी के कारण**

वैश्विक अनिश्चितताः ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीद रहे हैं। केंद्रीय बैंकों की खरीदः चीन और रूस जैसे देश बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं, जिससे मांग बढ़ी है। युद्ध और तनावः रूस-यूक्रेन के युद्ध खत्म न होने से अस्थिरता से लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। महंगाई और कम ब्याज दरेंः मुद्रास्फीति के डर और फेडरल रिजर्व की कम ब्याज दरों से सोना आकर्षक हो गया है। डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावटः डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट के चलते भी सोना महंगा हो रहा है।

## चीन-जापान और कोरिया की राह पर भारत

**यहीं बनेंगे बड़े जहाज, इस जापानी कंपनी की है योजना**

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बात जब शिप बिल्डिंग की हो तो इसमें दुनिया के सभी देशों पर चीन भारी पड़ता है। शिप बिल्डिंग में उसकी 68 फीसदी की हिस्सेदारी है। इसके बाद दक्षिण कोरिया और जापान का नंबर आता है। शिप बिल्डिंग इंडस्ट्री में इस समय भारत की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम है। लेकिन वह दिन दूर नहीं, जबकि भारत में भी पानी में चलने वाले बड़े-बड़े और आधुनिक जहाज बनेंगे। इस दिशा में जापानी जापानी शिपिंग कंपनी मित्सुई ओ.एस.के. लाइन्स योजना बना रही है।

एमओएल के दक्षिण एशिया एवं मध्य पूर्व प्रभारी कैप्टन आनंद जयरामन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में इस योजना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एमओएल भारत में स्थानीय शिप बिल्डर्स से हाथ मिला कर यहीं जहाज़ बनाने की सोच रही है। वे इसके लिए भारत सरकार से भी बात कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि जहाज़ बनाने में भारतीय शिपयार्ड उनकी मदद करें।

एमओएल इंडिया इस समय फ्लीट साइज के हिसाब से भारत की चौथी बड़ी कंपनी है। इसके पास अभी इंडियन फ्लैग वाले 13 वैसल्स हैं जबकि इसके ऑपरेशन में कुल 33 वेसल्स यहां सेवाएं दे रहे हैं। कैप्टन आनंद जयरामन का कहना है कि वह भारत में दूसरे सबसे बड़े शिप ऑपरेटर बनना चाहते हैं। इसके लिए फ्लीट साइज बढ़ाना चाहते हैं। एमओएल का कहना है कि वह भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं। आनंद ने बताया कि भारत सरकार भी चाहती है कि देश में ही बड़े जहाज़ बनें। इसलिए वह सरकार से बात कर रहे हैं कि भारत में जहाज़ कैसे बनाए जा सकते हैं। हालांकि, पानी के बड़े जहाज़ बनाने का काम बहुत खर्चीला और बहुत ज्यादा तकनीकी विशेषज्ञता खोजता है। इसलिए वह किसी भारीय शिपयार्ड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हालांकि, इस बारे में किसी कंपनी से हाथ मिलाने से पहले कंपनी देखना चाहेगी कि वह इस काम में सक्षम भी है या नहीं।

जयरामन ने कहा, हम भारत की समुद्री तरक्की में भागीदार बनना चाहते हैं। हम ग्रीन शिपिंग में सबसे आगे रहना चाहते हैं। ग्रीन शिपिंग का तात्पर्य ऐसे जहाज़ से है, जिनके चलाने से पर्यावरण को कम से कम नुकसान हो। इसके साथ ही MOL इंडिया जल्द ही रेलवे लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में भी कदम रखने वाली है। इस बारे में कुछ घोषणा इस साल या अगले साल की शुरुआत में हो सकती है। उल्लेखनीय है कि शिपिंग मिनिस्ट्री देश में ही जहाज़ बनाने के काम को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं बना रहा है। एक योजना यह है कि भारत के दोनों समुद्री किनारों पर कम से कम तीन नए शिप बिल्डिंग क्लस्टर बनाए जाएं। इसके अलावा, कुछ मौजूदा परियोजनाओं को भी विकसित करने की योजना है।

## जेरोधा के ट्रेडिंग एप में आई गड़बड़ी से ग्राहकों को परेशानी

**यूजर्स बोले- कौन करेगा नुकसान की भरपाई?**

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ग्राहकों को बुधवार की सुबह तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। कंपनी के काइट ट्रेडिंग ऐप पर कुछ यूजर्स को अपने सौदों की कीमत अपडेट करते समय दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस गड़बड़ी के कारण कई निवेशकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की। उन्होंने बताया कि प्रतिभूति बाजार सुबह 9.15 बजे खुला तो उन्हें शेयर बेचने में दिक्कत हुई।

कंपनी ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हमारे कुछ उपयोगकर्ताओं को एप पर मूल्य अपडेट में समस्या आ रही है। हम इसकी जांच कर रहे हैं। फिलहाल, कृपया मोबाइल ब्राउजर पर काइट वेब पर लॉग इन करें। ऑर्डर प्लेसमेंट प्रभावित नहीं हुआ है। इक्विटी सेगमेंट के लिए, आप एप 20 डेप्थ भी देख सकते हैं।

## नेस्ले-सीईओ की नौकरी गई

**कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे**

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। बड़ी खबर नेस्ले से जुड़ी रही। एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) लॉरेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

वहीं सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने स्पीकर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बनाने वाली कंपनी बोट के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ को मंजूरी दे दी है। लॉरेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें। यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है। अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्म्क रवैया अपनाएँ। आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपके दिमाग में आज कोई अद्भुत विचार आएगा और आपको इसे हाथोहाथ केवल इसीलिए रद्द नही क्र देना चाहिए क्योंकि आपको इसका हो पाना मुश्किल लग रहा है। आज बड़ा सोचने और ऊँचाइयों को छूने का दिन है। ऐसा करने के लिए आपको बाधाओं की सूची बनाकर अच्छी योजना बनानी अहि और आप पायेंगे कि परेशानियों से खुद-ब-खुद समाधान नजर आने लगेंगे।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी। इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है। आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें। इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे। आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है। इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो। चिंता ना करें,आपके परिजन हाल-फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आप एक पारिवारिक व्यक्ति हैं। पारिवारिक मूल्य ही आपकी सफलता का श्रोत हैं। ,आज भी शुभ की शुरुआत आपके घर से ही होगी और आपको नयी कामयाबी दिलाएगी। आप विशेष लय में हैं। आज का दिन सार्थक होगा। मुश्किल समय में भी अपनी मुस्कान और होसला बनाये रखें। आपकी सकारात्मक दृष्टि आपको औरों से अलग मुकाम पर ले जायेगी।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप इस वक़्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे। आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं। आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे। हालंकि,आपको यह सब करते हुए सावधान रहना होगा।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
अपने जीवन में नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें। आपको यह जानकर अचरज होगा कि जिसे आप अपना हमराज समझते थे ,वही आपके बारे में उलटी-सीढ़ी बातें फैला रहा है। ऐसे लोगों से सावधान रहें। उन्हें अपने दिलो-दिमाग में जगह ना दें। कोई नजदीकी दोस्त आपका साथ देगा। यह दोस्त आपका जीवनसाथी या माता-पिता भी हो सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आप आज सकारात्मक उर्जा से भरे हुए हैं। हालाँकि आपका उद्देश्य अच्छा है परन्तु आपकी बातों का हर स्थान पर स्वागत नही होगा। आपको अपनी प्रवृति का उपयोग अपने आप को ख़ुशी देने के लिए भी करना चाहिए और आज आप अपने ऊपर अच्छी खासी रकम खर्च कर सकते हैं।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं। आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं।इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे। ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है। थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे। इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है।आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
अपने जीवन पर नियंत्रण रखें और और सब के कहने या कुछ करने की कोई भी परवाह ना करें। इसके स्थान पर आराम से खुद की इच्छाओं और आवश्यकताओं को समझने की कोशिश करें और उन का विश्लेष्ण करें ताकि किसी स्पष्ट निष्कर्ष पर पहुंच सकें। इस बात का विशेष ध्यान रखें की आपके फैसले से ऐसी किसी व्यक्ति को दुःख न हो जो आप पर भावनात्मक रूप से निर्भर है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
जब भी कोई फैसला लेना होता है,आप दिल और दिमाग के बीच उलझ जाते हैं। यही उलझान है,अपने मन की आवाज सुनें ,इससे आप सही फैसले ले पायेंगे। आपके परिजनों और करीबियों को आपके साथ की जरुरत है। उनके साथ अच्छा समय बिताएं। यात्रा की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है। अगले सप्ताह यात्रा कर सकते हैं।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# गणेश और कार्तिक की कहानी

शिव जी और पार्वति जी के दो पुत्र थे। कार्तिक और गणेश। दोंनो ही अपने गुणों मे निपुण और एक से बढकर एक थे। एक दिन दोंनो भाईयों में इस बात की बहस हो गई कि बड़ा कौन । अपने बुद्धि और पराक्रम से दोंनो एक-दूसरे के तर्क और ताकत को काटते जा रहे थे।

देवों ने यह देखा तो उन्हें लगा कि इस झगड़े का तो कोई अंत ही नहीं। उन्होंने दोंनो भाईयों से अनुरोध किया कि वह अपने माता-पिता, यानि शिव और पार्वति जी के पास जाएँ, वही इस समस्या का समाधान कर सकेंगे। देवों का यह सुझाव मानकर कार्तिक और गणेश जी अपने माता-पिता के पास चल दिए।

जब शिव जी और पार्वति जी ने इस दुविधा को सुना कि कार्तिक और गणेश जी में बड़ा कौन है, तो पहले मुस्कुराए। और फिर दोंनो भाईयों के बीच में एक प्रतियोगिता रखी। उन्होंने कहा कि जो इस ब्रह्माण्ड का तीन चक्कर लगाकर सबसे पहले वापस आएगा, वही दोंनो में से बड़ा होगा। दोंनो भाईयों ने इस शर्त को मान लिया और निकल पड़े चक्कर लगाने।

कार्तिक अपनी सवारी मोर पर विराजमान हुए और तेज गति से उड़ चले। रास्ते में उन्होंने पवित्र स्थानों को नमस्कार किया और प्रार्थना अर्पन किए। उधर गणेश जी भी अपनी सवारी चूहे पर सवार होकर चल दिए ब्रह्माण्ड भ्रमण के लिए। पर कहाँ मोर की उड़ान और कहाँ चूहे की चाल ! गणेश जी को लगा कि वह कितनी भी तत्पर कोशिश कर लें पर वे कार्तिक को परास्त नहीं कर पाएँगे।

तभी उनके मन में एक विचार आया। उन्होंने माता पार्वति और महादेव शिव का बहुत मन से ध्यान किया और उनके ही तीन चक्कर लगा लिए। जब माता-पिता ने इसका अर्थ पूछा तो उन्होंने कहा कि सारा ब्रह्माण्ड तो महादेव शिव और माता पार्वति में ही समाया हुआ है, अतः अगर सच्चे मन से ध्यान कर के उनका ही चक्कर लगा लिया जाए तो वह पूरे ब्रह्माण्ड के चक्कर के बराबर है।

जब कार्तिक लौटे तो गणेश जी को वहाँ पाकर आश्चर्यचकित रह गए। परन्तु जब उन्होंने गणेश जी का तर्क सुना तो उन्होंने भी अपनी हार मान ली और उन्हें शत-शत नमन किया।



# अनंत चतुर्दशी : गणेश जी के साथ ही शनि देव की भी करें पूजा



अनंत चतुर्दशी, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि, इस वर्ष 6 सितंबर, शनिवार को आ रही है। ये दिन गणेश उत्सव के समापन का प्रतीक है। गणपति बाप्पा के स्वागत, सेवा और पूजा के बाद, अनंत चतुर्दशी पर उनकी प्रतिमा का विसर्जन कर विदाई दी जाती है। हालांकि, पर्यावरण संरक्षण के बढ़ते महत्व को देखते हुए घर में ही भगवान की प्रतिमा का प्रतीकात्मक विसर्जन करना श्रेष्ठ है।

अनंत चतुर्दशी शनिवार को है, इसलिए इस तिथि पर भगवान गणेश और शनि देव की विशेष पूजा करनी चाहिए। इनके साथ ही भगवान शिव, मां पार्वती, भगवान विष्णु और हनुमान जी की भी पूजा करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा।

गणेश प्रतिमा का विसर्जनः घर में ही करें प्रतीकात्मक विदाई

गणेश प्रतिमा का विसर्जन घर में ही करना अधिक श्रेष्ठ है। इसके लिए एक साफ बर्तन में पानी भर लें और उसी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करें। जब प्रतिमा पूरी तरह गल जाए, तो उस मिट्टी और पानी को घर के किसी गमले में डाल दें। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए लाभदायक है, बल्कि ये धार्मिक रूप से भी उचित माना गया है। इस तरह भगवान गणेश की प्रतीकात्मक विदाई होती हैं, लेकिन भगवान सदैव अपने भक्तों के साथ उनके घरों में वास करते हैं।

शास्त्रों में उल्लेख है कि पवित्र नदियों और तालाबों को गंदा नहीं करना चाहिए। इसलिए घर पर विसर्जन करना श्रेष्ठ है।

गणेश पूजा में ध्यान रखें ये बातें

गणेश जी को दूर्वा की 21 गांठें चढ़ानी चाहिए। पूजा के अंत में भगवान से पूरे गणेश उत्सव के दौरान हुई जानी-अनजानी गलतियों के लिए क्षमा याचना अवश्य करें।

**गणेश जी के 6 खास मंत्रों का जप कम से कम 108 बार करें:**

ऊँ मोदाय नमः, ऊँ प्रमोदाय नमः, ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ दुर्मुखाय नमः, ऊँ अविध्यनाय नमः, ऊँ विघ्नकरत्ते नमः,

अनंत चतुर्दशी पर गणपति पूजा में इस मंत्र का भी जप करें- वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।। ये मंत्र सभी कार्यों में सफलता और विघ्नों को दूर करने वाला माना जाता है।

शनिवार को शनि देव की पूजा क्यों करते हैं?

इस बार अनंत चतुर्दशी शनिवार को पड़ रही है, इसलिए इस दिन शनि देव की भी पूजा करना अत्यंत शुभ फलदायक रहेगा। शनि देव न्याय के देवता माने जाते हैं और उनका आशीर्वाद मिलने से जीवन में संतुलन और न्याय बना रहता है। ज्योतिष में शनिवार का कारक ग्रह शनि को माना जाता है। इसलिए हर शनिवार शनि देव की पूजा की जाती है।

शनि देव की पूजा काले तिल, सरसों का तेल, नीले फूल और काले वस्त्र अर्पित कर की जाती है। ऊँ शं शनैश्चराय नमःर मंत्र का जप करें। इस दिन गरीबों को दान देना विशेष पुण्यदायक होता है।

शनिवार को हनुमान जी की भी पूजा करने की परंपरा है। मान्यता है कि शनिवार को हनुमान जी की पूजा करने से कुंडली के शनि दोषों का असर शांत होता है। हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, काले तिल, चंदन आदि चीजें चढ़ाएं और धूप-दीप जलाकर आरती करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। आप चाहें तो राम नाम का जप भी कर सकते हैं।




# भगवान शिव द्वारा गणेश जी का सिर काटने की कथा

शिव एक तरह के घुमते-फिरते रहने वाले पति थे। वह लगातार कई-कई सालों तक घूमते रहते थे, वे कहीं भी चले जाते थे। इसलिए जब वह जाते थे तो पार्वती का उनके कोई संपर्क नहीं रहता था। और वह काफी अकेलापन महसूस करती थीं। साथ ही, शिव की प्रकृति को देखते हुए, उन्हें मानव मूल का नहीं, यक्ष स्वरूपी माना जाता था – इसलिए पार्वती उनके बच्चे को जन्म नहीं दे सकती थी।

तो अपने अकेलेपन और इच्छा के कारण और मातृत्व भाव की वजह से, उन्होंने एक शिशु को बनाने और उसमें प्राण फूँकने का फैसला किया। उन्होंने अपनी एक चीज़ ली, अपने शरीर पर लगे चंदन के लेप को तेल के साथ मिलाकर एक शिशु का रूप दिया और उसमें जीवन डाल दिया। यह भले ही दूर की कौड़ी लगे, लेकिन आजकल विज्ञान में भी इस तरह की चर्चा होती है। अगर कोई आपसे एक एपिथेलियल सेल ले ले, तो किसी दिन हम उससे आपका कुछ बना सकते हैं। पार्वती ने उसमें प्राण फूँक दिए और एक बच्चे ने जन्म ले लिया।

### शिव ने गणेश का सिर क्यों काटा

कुछ साल बाद, जब वह लड़का करीब दस साल का था, तब शिव अपने गणों के साथ लौटे। पार्वती स्नान कर रही थीं और उन्होंने उस छोटे बच्चे से कहा, 'ध्यान रखना कि कोई इस तरफ न आने पाए।' लड़के ने कभी शिव को देखा नहीं था, तो जब वह आए, लड़के ने उन्हें रोक दिया। शिव दूसरे ही मूड में थे – रुकने के लिए तैयार नहीं थे – तो उन्होंने अपनी तलवार निकाली और लड़के का सिर काट दिया, फिर पार्वती के पास आए।

जब पार्वती ने उनके हाथ में खून लगी तलवार देखी, तो वह समझ गईं कि क्या हुआ। उन्होंने लड़के को सिर विहीन वहाँ पड़े देखा तो उनका गुस्सा भड़क गया। शिव ने उन्हें समझाने की कोशिश की, 'कोई बात नहीं। वह तुम्हारा असली पुत्र नहीं है। आखिरकार तुमने उसे बनाया और मैंने नष्ट कर दिया। इसमें क्या परेशानी है?' लेकिन वह सुनने के मूड में नहीं थीं।

### गणेश के पास हाथी का सिर क्यों नहीं है

बात को सुलझाने के लिए, शिव ने अपने एक गण का सिर लिया और लड़के की धड़ पर लगा दिया। गणेश चतुर्थी वह दिन होता है, जब उनके सिर को दोबारा लगाया गया था। शिव ने गणों के सरदार का सिर लेकर इस लड़के पर लगाया था, इसलिए वह बोले, 'अब से, तुम गणपति हो। तुम गणों के सरदार हो।' बाद में जाकर, कैलेंडर कलाकार इस दूसरी तरह के प्राणी को नहीं समझ पाए और उन्होंने एक हाथी का चेहरा बना दिया। कथाओं में बताया जाता है कि कैसे गणों के अंगों में हड्डियाँ नहीं होती थीं। इस संस्कृति में, हड्डियों के बिना किसी अंग का अर्थ हाथी की सूँड़ से लगाया जाता है, इसलिए कलाकारों ने हाथी का सिर बना दिया। आपको मानसरोवर के किनारे कोई हाथी नहीं मिलेगा क्योंकि वह इलाका उनके लिए सही नहीं है। वहाँ एक हाथी के लायक हरियाली नहीं है। शिव हाथियों को काटने नहीं गए होंगे। इसलिए, गणेश के कई नाम हैं – गणेश, गणपति, विनायक – लेकिन उनका नाम गजपति नहीं है। गण शिव के साथी थे। हम नहीं जानते कि वे कहाँ से आए थे, लेकिन आम तौर पर कहानियों में उन्हें ऐसे प राणियों के रूप में दिखाया जाता है जो इस लोक के नहीं थे। उस जीवन की बनावट इस जीवन से बहुत अलग है, जिसे हम जानते हैं।

आजकल, आधुनिक बायोलॉजी साफ-साफ कहती है कि एक कोशिका वाले जानवर से जीवन के सभी जटिल रूपों और मनुष्य की रचना हुई। लेकिन जीवन की मूलभूत प्रकृति वही है – उसमें बदलाव नहीं हुआ है। वह सिर्फ और जटिल होती जाती है। लेकिन गणों के जीवन का बनावट हमारे जैसी नहीं थी। वे धरती पर नहीं बने थे। और उनके अंग बिना हड्डियों के थे।

अगर आप अपने शरीर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल करना चाहें, अगर आप आसन करते हैं, तो आप सोचते हैं कि काश आपके शरीर में हड्डियाँ न होतीं। मैंने 11 साल की उम्र से योग करना शुरू कर दिया था, इसलिए जब मैंने 25 साल की उम्र में हठयोग सिखाया, तो लोगों ने मुझे देखकर कहा, 'अरे तुम्हारे शरीर में तो हड्डियाँ ही नहीं हैं। तुम हड्डी रहित हो।' यह हर योगी का सपना होता है, कि एक दिन उसके अंगों में हड्डियाँ नहीं होंगे ताकि वह जो चाहे, वह आसन कर सके।


### गोल-मटोल विद्वान

हज़ारों सालों से गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है और गणपति सबसे लोकप्रिय और भारत से सबसे ज्यादा बाहर जाने वाले देवता बन गए हैं। वह बहुत लचीले हैं। वह कई रूप और मुद्राएँ अपना सकते हैं। वह शिक्षा के देवता भी हैं। वह एक बड़े विद्वान थे। गणपति को हमेशा एक किताब और कलम के साथ दिखाया जाता है, जो उनकी विद्वता को दर्शाता है। उनकी विद्वता और बुद्धि, आम इंसानों की क्षमता से परे थी। और उन्हें भोजन बहुत पसंद था। आम तौर पर अगर किसी को विद्वान दिखना है, तो वह दुबला-पतला होना पसंद करता है। लेकिन यह खाते-पीते, गोल-मटोल विद्वान थे। इस दिन आम तौर पर लोग मानते हैं कि आपको बस अच्छा खाना चाहिए।

लोगों ने सिर्फ उनका मोटा पेट देखा, लेकिन नए सिर में उससे बड़े दिमाग को नज़रअंदाज कर दिया। वह सबसे महत्वपूर्ण है। उनका पेट बाद में मोटा हुआ। शायद इतने बड़े सिर के साथ, उनका चलने का मन नहीं करता था! लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उनकी बुद्धि बढ़ती रही। तो यह दिन सिर्फ खाने का नहीं है। इस दिन आपको अपनी बुद्धि को बढ़ाना चाहिए, पेट को नहीं।

सभी योग अभ्यास एक तरह से इसी बारे में हैं, कि आपकी बुद्धि को एक जगह अटका हुआ नहीं होना चाहिए। ऐसे हज़ारों उदाहरण हैं, जहाँ लोगों ने सरल आध्यात्मिक अभ्यासों से कई अलग-अलग रूपों में अपनी बुद्धि को बढ़ाया। चिंता मत कीजिए, आपकी सूँड़ नहीं निकल आएगी, लेकिन आप बुद्धि को और बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं।

# तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु


निर्मला बैद

तेरापंथ के प्रवर्तक आचार्य, भिक्षु का जन्मविस 1783 आषाढ़ शुक्ला त्रयोदशी को कहालिया मारवाई में हुआ। वे श्रमण परम्परा के महान संवाहक थे। उनके पिता का नाम शाह बल्लुजी तथा माता का नाम दीपाबाई था प्रारम्भ से ही वे असाधारण प्रतिभा के धनी थे धार्मिकता व वैराग्य भावना उनके रग रग में रमी हुई थी।

आचार्य भिक्षु उस व्यक्तित्व का नाम है जिन्होंने शुद्ध साधना पर बनी लकीर पर चलने का संकल्प किया। दीक्षा के बाद 15 वर्ष का जीवन महान संघर्षमय रहा। उन्हें पांच वर्ष तक पेट भर आहार बहुत कम मिलता इस महान संघर्ष की स्थिति में आ. भिक्षु ने कठोर साधना, तपस्या, शास्त्रों का गंभीर अध्ययन किया।

कहा भी है। दीप को जले बिना प्रकाश नहीं मिलता,

बीज को फले बिना विकास नहीं मिलता आदमी ही तप रूप कर बनता है सबकुछ. किसी को बना बनाया इतिहास नहीं मिलता। आ' भिक्षु की ही देन है जो तेरापंथ संघ अनुशासित मर्यादित और व्यवस्थित धर्म संघ है। उन्होंने अपने मौलिक चिंतन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की। उनकी अहिंसा सार्वभौमिक क्षमता पर आधारित थी अध्यात्म व्यवहार भूमिका भी उनकी भिन्न थी उन्होंने दोनों को एक तुला से तोलने का प्रयत्न नहीं किया? दान दया के विषय में लौकिक एवं लोकोत्तर भेद रेखा प्रस्तुत कर जैन समाज में प्रचलित मान्यता के समक्ष नया चिंतन प्रस्तुत किया।

उन्होंने लौकिक दान दया की व्यवस्था को कर्तव्य व सहयोग बता कर मौलिक सत्यका उद्घाटन किया। दया की परिभाषा को विश्लेषित करते हुए उन्होंने लिखा जीव जीवे ते दया नहीं मरे तो हिंसामत जाण, मारणवाला ने हिंसा कही नहीं मारे ते दया गुण खाणा

उनकी दया कितनी उच्च कोटि की थी। एक बार भिक्षुस्वामी को रात भर तकलीफ रही पास में मुनिश्री खेतसीजी सो रहे थे। बार बार उठना पड़ा। सुबह मुनिश्री ने कहा स्वामीजी भिक्षु आपको रातभर तकलीफ रही। इस पर स्वामीजी ने कहा। आज रात को तुम्हें उठाने का त्याग है। तब मुनिश्री ने कहा स्वामीजी मुझे आज रात भर सोने का त्याग है। ऐसी होती है गुरु-शिष्य की जोडी।

सामाजिक व्यवस्था के लिए हिंसा अनिवार्य थी। जब उस अनिवार्य हिंसा ने अहिंसा का रूप लिया । अनिवार्य हिंसा की घरा पर अहिंसा की प्रतिष्ठा को देख भिक्षु ने अहिंसा का यथार्थ स्वरुप व्यक्त किया।

# पराग त्यागी ने पूरा किया शेफाली जरीवाला का अधूरा सपना लॉन्च किया पत्नी के नाम का एनजीओ

पराग त्यागी ने अपनी दिवंगत पत्नी शेफाली जरीवाला की याद में एक एनजीओ शुरू किया है, जिसका नाम शेफाली जरीवाला राइज फाउंडेशन है। इस बात की जानकारी पराग ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो के जरिए शेयर की है।

**पराग का पोस्ट**

शेफाली का 27 जून, 2025 को 42 साल की उम्र में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद, पराग उनकी इच्छा को पूरा करने के लिए यह कदम उठा रहे हैं। पराग ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि शेफाली के यूट्यूब चैनल से होने वाली कमाई इस एनजीओ के लिए जाएगी। यह एनजीओ गरीब बच्चों की शिक्षा और महिलाओं





को सशक्त बनाने के लिए काम करेगा।

**शेयर किया वीडियो**

पराग ने वीडियो में कहा कि शेफाली का सपना जरूरतमंदों की मदद के लिए एक एनजीओ शुरू करना था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जल्द ही यूट्यूब पर परी का चैनल आएगा। मेरा इंस्टाग्राम और यूट्यूब शेफाली और उनके फाउंडेशन को समर्पित है। इससे होने वाली कमाई फाउंडेशन के लिए जाएगी। आपका प्यार और आशीर्वाद हमें चाहिए ताकि हम उनका सपना पूरा कर सकें।'

**शफाली को मिस कर रहे हैं फैंस**

शेफाली के निधन से उनके फैंस और सेलेब्स सदमे में हैं। शेफाली बिग बॉस 13 में नजर आई थीं और उनकी कमी सभी को खल रही है। एक फैन ने लिखा, 'आप की आवाज में इतना दर्द है कि कैसे कोई इतना प्यार कर सकता है शेफाली मैम जहां भी हैं आपको देख रही होंगी बस आप खुश रहें', एक और फैन ने लिखा, 'प्यार शाश्वत है, किसी के अभाव में प्यार करना सच्चा प्यार है और आप यह साबित करते हैं', एक और फैन ने लिखा, 'आपको सदैव शक्ति प्रदान करें', एक और फैन ने लिखा, 'तुमने मुझे रुला दिया सच्चा प्यार', एक और फैन ने लिखा, 'मिस यू परी दीदी आपका सपना पराग भाई पूरा कर रहे हैं हम सब साथ हैं भाई', एक और फैन ने लिखा, 'आप बहुत अच्छा कर रहे हैं सर।'

# यूएनएफपीए ने कृति सेनन को बनाया लैंगिक समानता का एम्बेस्डर, बोलीं- 'घर से होती है शुरुआत'

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन अपने अभिनय के साथ-साथ सार्वजनिक तौर पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए भी मशहूर हैं। वो अक्सर लैंगिक भेदभाव पर खुलकर अपनी राय रखती हैं और फिल्म इंडस्ट्री में भी असमानताओं का विरोध करती रहती हैं। अब संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष यानी यूएनएफपीए ने भारत में लैंगिक समानता यानी जेंडर इक्वेलिटी के लिए कृति सेनन को अपना एम्बेस्डर बनाया है। इस भूमिका में कृति अपने साथियों के साथ मिलकर ऐसे समाधानों पर विचार करेंगी, जिनसे महिलाओं और लड़कियों को सीखने, नेतृत्व करने और आगे बढ़ने में मदद मिले। साथ ही यूएनएफपीए समानता के मिशन को भी बढ़ावा मिल सके।

**घर से शुरू होती है लैंगिक समानता**

इस दौरान मिरर से बात करते हुए कृति सेनन ने कहा कि लैंगिक समानता घर से शुरू होती है। बच्चों का पालन-पोषण समान रूप से होना चाहिए। हम अक्सर ऐसी कहानियां सुनते हैं कि लोगों के पास अपने बेटे और बेटी दोनों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होते। इसलिए वे बेटे को पढ़ाना पसंद करते हैं। शिक्षा आपके जीवन और करियर के विकल्पों को आकार देती है, इसलिए अपने बेटे और बेटी दोनों को अपने सपनों को पूरा करने की आजादी देना बहुत जरूरी है।

**'मेरे पेरेंट्स ने मुझे कभी नहीं एहसास दिलाया मैं एक लड़की हूं'**

कृति ने अपनी और अपनी बहन नूपुर सेनन की बिना किसी रोकथाम के की गई परवरिश का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि बचपन से ही मुझे लगता था कि पुरुष और महिला समान हैं, यह मेरी परवरिश के तरीके की बदौलत है। हम दो बहनें थीं और बड़े होते हुए, मुझे कभी नहीं कहा गया कि मैं कुछ नहीं कर सकती क्योंकि मैं एक लड़की हूं। जब भी मेरे सपनों की बात आई, मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया। मेरे रिश्तेदारों सहित कई लोगों ने कहा, 'ओह, वह एक अभिनेत्री बनना चाहती है, वह शादी नहीं करेगी। लोग ऐसी लड़कियों से शादी नहीं करते। मेरे माता-पिता ने वास्तव में इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। जब आप अपने माता-पिता दोनों को काम करते और साथ मिलकर घर संभालते देखते हैं, तो आपको यह एहसास होता है कि कोई लैंगिक भूमिका नहीं होती।



**कृति की पाइपलाइन में हैं कई फिल्में**

वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति सेनन की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। वो आनंद एल राय की 'तेरे इश्क में' में धनुष के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल नवंबर में रिलीज होनी है। इसके अलावा वो 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। वहीं उनके फरहान अख्तर की 'डॉन 3' में भी होने की खबरें हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग के बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने लगाई ब्रैंड्स को फटकार तस्वीरें इस्तेमाल करने के लिए हुईं नाराज



सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैशन और ज्वेलरी ब्रैंड्स को आड़े हाथों लिया। उन्होंने ब्रैंड्स के एथिकल और सही तरह से काम न करने और उनकी तस्वीरों को इस्तेमाल करने को लेकर बात कही, यही नहीं उन्होंने ब्रैंड्स को इस बात से सम्बंधित सीधी चेतावनी भी दी है। आपको डिटेल में बताते हैं की एक्ट्रेस ने क्या लिखा।

**'मैं भी ऑनलाइन शॉपिंग करती हूं'**

सोनाक्षी ने अपने अकाउंट पर एक इंस्टाग्राम स्टोरी अपलोड की, जिसमें उन्होंने लिखा कि, 'मैं खुद भी ऑनलाइन शॉपिंग करती हूं, और कई बार अपनी तस्वीरें ब्रैंड्स की वेबसाइट्स पर देखती हूं। जिसमें न तो कोई क्रेडिट दिया गया होता है न ही उसकी कोई परमिशन मुझसे ली गई होती है' एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'जब कोई आर्टिस्ट आपके कपड़े या ज्वेलरी पहनता है, तो पोस्ट में आपके ब्रांड को सही क्रेडिट दिया जाता है। लेकिन वही फोटो उठाकर अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर डाल देना? ये तो जरा ज्यादा हो गया। चीजों को थोड़ा नैतिक ही रखें ना। सीधी सी बात है, मेरी तस्वीरें तुरंत हटा दीजिए, वरना मुझे नाम लेकर बोलना पड़ेगा।'

**आगे किस फिल्म में दिखेंगी एक्ट्रेस ?**

सोनाक्षी इससे पहले अपने भाई कुश सिन्हा के निर्देशन में बनी एक सुपरनैचुरल ड्रामा 'निकिता रॉय' में देखीं जा चुकी हैं। फिल्म से बहुत अच्छी एक्सपेक्टेशंस के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा परफॉरमेंस नहीं दे सकी। फिल्म 20 करोड़ के बजट में तैयार हुई थी लेकिन बॉक्स ऑफिस पर केवल डेढ़ करोड़ ही कमा सकी। उससे पहले एक्ट्रेस को संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में जानदार परफॉरमेंस के लिए बहुत सराहना मिली थी। अब सोनाक्षी अपनी अगली फिल्म जो की 'दहाड़' का सीक्वल मालूम पड़ती है उसकी प्रेपरेशंस में जुटी हुई हैं।

# संजय लीला भंसाली पर एफआईआर दर्ज, अब कहां फसे फिल्ममेकर ?

बॉलीवुड डायरेक्टर संजय लीला भंसाली मुश्किलों में घिर गए हैं। राजस्थान के बीकानेर में उनके साथ दो और लोगों पर भी एफआईआर दर्ज हुई है। मामला उनकी आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' से जुड़ा है। शिकायत दर्ज करने वाले प्रतीक राज माथुर ने आरोप लगाया कि भंसाली ने उन्हें लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर कॉन्ट्रैक्ट दिया था, लेकिन बाद में उसे रद्द कर दिया। इसी को लेकर उन पर धोखाधड़ी, दुर्व्यवहार और विश्वासघात के आरोप लगाए गए हैं। भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर', जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, रिलीज से पहले ही विवादों में फंस गई है। कोर्ट के निर्देश पर बीकानेर के बीछवाल थाने में इस मामले की एफआईआर दर्ज की गई है।

**क्यों हुई डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर**

प्रतीक राज माथुर ने जो शिकायत दर्ज कराई है, उसमें उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि संजय लीला भंसाली ने उन्हें लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर नियुक्त किया था और प्रशासनिक अनुमति, सुरक्षा, होटल बुकिंग समेत शूटिंग से जुड़ी तमाम तैयारियां उन्होंने संभालीं। लेकिन काम करवाने के बाद बिना किसी भुगतान के उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। एफआईआर में ये भी दर्ज है कि 17 अगस्त को जब प्रतीक बीकानेर के होटल नरेंद्र भवन पहुंचे, तो भंसाली के साथ मौजूद उत्कर्ष और अरविंद गिल ने उनके साथ बदसलूकी की। आरोप है कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट



मानने से साफ इनकार कर दिया और वार्निंग दी कि आगे से प्रतीक की कंपनी को कोई काम नहीं मिलेगा। प्रतीक का कहना है कि उन्होंने पहले स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत करने की कोशिश की थी, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।

**ये आरोप लगे भंसाली पर**

प्रतीक के अनुसार, अदालत के निर्देश मिलने के बाद सोमवार को बीछवाल थाने में संजय लीला भंसाली, अरविंद गिल और उत्कर्ष बाली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। उन पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी लिखा है कि प्रतीक को ईमेल के जरिए रखा गया था।

**नई फिल्म 'लव एंड वॉर'**

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' को एक भव्य कहानी के रूप में देखा जा रहा है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल लीड रोल निभा रहे हैं। शूटिंग के कई अहम हिस्से राजस्थान में फिल्माए जा रहे हैं, जहां रणबीर और विक्की इंडियन एयरफोर्स के पायलट के किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तय है।

# स्वरा भास्कर ने नजरअंदाज किया कंगना रनौत पर सवाल, बोलीं- मेरी कोई राय नहीं है

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अक्सर अपने बेबाक बयानों की वजह से चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान राजनीति और नेताओं की जिम्मेदारी पर खुलकर अपनी राय रखी। लेकिन जब उनसे कंगना रनौत के राजनीतिक करियर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। स्वरा ने साफ कहा कि किसी की निजी जिंदगी या निजी फैसलों पर वो कुछ नहीं कहेंगी। क्या है पूरा मामला, चलिए जानते हैं।



**कंगना के सवाल पर क्या बोलीं स्वरा भास्कर**

स्वरा और कंगना दोनों ही 'तनु वेड्स मनु फ्रेंचाइजी' में साथ काम कर चुकी हैं। दोनों की ऑनस्क्रीन बॉन्डिंग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। लेकिन जब उनसे कंगना की राजनीति में एंट्री पर राय पूछी गई तो स्वरा ने कहा, 'मैं केवल उन्हीं मुद्दों पर बोलती हूं जो जनहित से जुड़े हों या जहां सत्ता का दुरुपयोग हो रहा हो। किसी की पर्सनल लाइफ या करियर चॉइस पर मेरी कोई राय नहीं है।'

**नेताओं की जवाबदेही पर जोर**

'डीएनए' से बात करते हुए अभिनेत्री ने राजनीति को लेकर अपनी सोच साफ की। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी नेता हो और कहीं से भी आया हो, अगर जनता ने उसे चुना है तो वह अपने लोगों के प्रति जवाबदेह है। सत्ता मिलना सिर्फ अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। स्वरा ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में चुने गए प्रतिनिधि को अपनी हर कार्रवाई के लिए जनता को जवाब देना चाहिए।

**पति फहाद के साथ पॉलिटिकल सफर**

स्वरा ने हाल ही में अपने पति फहाद अहमद के चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई थी। वह उनके साथ सड़क पर उतरीं और जनता से जुड़ीं। इस अनुभव ने उन्हें राजनीति की असली तस्वीर और करीब से दिखा दी। स्वरा मानती हैं कि राजनीति केवल जीत-हार का खेल नहीं बल्कि जनता के साथ लगातार जुड़ने और उनकी समस्याओं को हल करने का माध्यम है।

**स्वरा भास्कर की प्रोफेशनल लाइफ**

काम की बात करें तो स्वरा इन दिनों अपने पति फहाद के साथ रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आ रही हैं। इस शो को मुनव्वर फारूकी और सोनाली बेंद्रे होस्ट कर रहे हैं। शो में मशहूर कपल्स को अलग-अलग टास्क दिए जाते हैं जिससे उनकी बॉन्डिंग और समझ को परखा जाता है।

# ट्रैफिक जाम में फंसी दिव्या खोसला ऑटो रिक्शा में कर रही थीं सफर





दिव्या खोसला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज दिव्या ने अपनी कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है, क्योंकि एक्ट्रेस ऑटो रिक्शा में सफर करती नजर आ रही हैं। दिव्या खोसला ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्या पीले और सफेद रंग के अनारकली कुर्ते में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा ड्राइवर के साथ फनी अंदाज में नजर आ रही हैं, तो वहीं एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा से बाहर झांकते दिखाई दे रही हैं। इन सभी तस्वीरों के साथ दिव्या ने कैप्शन में लिखा, 'चतुराई तब होती है, जब आप रिक्शा चलाते हैं जब आपका ड्राइवर जाम में फंस जाता है।'

# रवि किशन ने सुनाया मजेदार किस्सा, किया सलमान खान की फिल्म को याद, वीडियो हुआ वायरल

भोजपुरी और बॉलीवुड फिल्मों में अपनी खास पहचान बना चुके रवि किशन का एक वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रवि ने अपने फिल्मी करियर को याद करते हुए कई बातें बताईं और साथ ही अपनी आगामी फिल्मों की ओर भी इशारा किया।



**वीडियो हुआ वायरल**

मुंबई एयरपोर्ट पर जब पैपराजी ने रवि किशन से पूछा कि वह सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' का वीडियो देख रहे थे, जिसमें उनका रोल था। रवि किशन ने जवाब में कहा, 'तेरे नाम- में मैं पंडित बना था और इस रोल के बाद जिंदगी में फिर सभी को लगा हां.. कि ये है एक्टिंग'। आगे रवि किशन ने अपनी फिल्म 'लापता लेडिज' को लेकर कहा, 'फिर अभी 'लापता लेडिज' के बाद भी लोगों को मेरी एक्टिंग पसंद आई। अभी लाइफ में गेम चालू है।' आगे रवि किशन ने बताया कि इस साल भी उनकी कई अच्छी फिल्में आने वाली हैं।

**फैंस के कमेंट्स**

रवि किशन की इस शानदार वीडियो को फैंस पसंद कर रहे हैं और कमेंट के जरिए अपनी पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'बिहारी बाबू', एक फैन ने रवि किशन का प्रसिद्ध डायलॉग लिखा और उनसे रिक्वेस्ट की, 'जिंदगी झंडवा..... कृपया पूरा करें', वहीं कई फैंस ने रवि के इस वीडियो पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी बरसाए हैं।

**रवि किशन के बारे में**

भोजपुरी फिल्मों के अलावा, रवि किशन ने 'तेरे नाम', 'फिर हेराफेरी', 'वेलकम टू सज्जनपुर', 'वेल डन अब्बा', 'तनु वेड्स मनु', 'एजेंट विनोद', 'मुक्काबाज', 'लखनऊ सेंट्रल' और 'लापता लेडिज' जैसी हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में रवि फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आए। विजय कुमार अरोड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एनआर पचीसिया और प्रवीण तलरेजा प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में रवि किशन के अलावा अजय देवगन और मृणाल ठाकुर ने भी मुख्य भूमिका निभाई है।

# 60 करोड़ की ठगी के आरोपों के बीच बंद हुआ शिल्पा शेट्टी का रेस्तरां, अभिनेत्री ने दी जानकारी

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के लिए बीते कुछ दिन काफी परेशानी भरे रहे हैं। हाल ही में आर्थिक अपराध शाखा ने दोनों पर 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इस बीच अब शिल्पा ने अपने मशहूर रेस्तरां 'बास्टियन बांद्रा' को बंद करने का ऐलान कर दिया है।

**मुंबई की नाइटलाइफ का हिस्सा था बास्टियन**

2016 में लॉन्च हुआ यह रेस्तरां मुंबई की नाइटलाइफ का अहम हिस्सा माना जाता था। खासकर सी-फूड के लिए मशहूर 'बास्टियन' सिर्फ खाने का अड्डा नहीं, बल्कि फिल्मी सितारों और बिजनेस जगत की बड़ी हस्तियों की मुलाकातों का केंद्र बन गया था। शिल्पा और रंजीत बिंद्रा की पार्टनरशिप में शुरू हुआ यह रेस्टोरेंट समय के साथ मुंबई का 'हॉटस्पॉट' बन चुका था।

**शिल्पा ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी**

शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि यह गुरुवार एक युग के अंत जैसा होगा क्योंकि मुंबई का एक आइकॉनिक डेस्टिनेशन अब बंद होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'बास्टियन' ने उन्हें और शहर को अनगिनत यादें दीं। इस मौके पर वह एक खास



नाइट आयोजित करेंगी, जिसमें पुराने ग्राहकों के साथ उन पलों को सेलिब्रेट किया जाएगा।

**नई शुरुआत का भी ऐलान**

हालांकि शिल्पा ने यह भी साफ किया कि यह ब्रांड पूरी तरह खत्म नहीं होगा। उनका कहना है कि 'बास्टियन एट द टॉप' नाम से इसका नया चैप्टर शुरू होगा। यहां नए अनुभव और नई ऊर्जा के साथ यह सिलसिला आगे बढ़ेगा।

**60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

गौरतलब है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर मुंबई के एक कारोबारी दीपक कोठारी ने 60.4 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया कि यह रकम 2015 से 2023 के बीच निवेश और लोन के रूप में दी गई थी, लेकिन बाद में कथित तौर पर इसे व्यक्तिगत खर्चों में इस्तेमाल किया गया। मामला 'बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड' नाम की कंपनी से जुड़ा है, जो अब बंद हो चुकी है।

**शिल्पा और राज का बचाव**

इन आरोपों पर शिल्पा और राज की ओर से वकील प्रशांत पाटिल ने बयान जारी किया था। उन्होंने कहा कि यह एक पुराना लेन-देन है, जिसकी सुनवाई 2024 में एनसीएलटी मुंबई में हो चुकी है। पाटिल के अनुसार, यह पूरा मामला सिविल प्रकृति का है और इसमें किसी तरह की आपराधिकता नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑडिटर्स समय-समय पर सभी दस्तावेज और कैश फ्लो स्टेटमेंट जांच एजेंसियों को सौंप चुके हैं।

**आरोपों को बताया 'बेसलेस'**

शिल्पा और राज के वकील ने इस केस को बेसलेस बताया और कहा कि शिल्पा और राज की छवि खराब करने के लिए यह कदम उठाया गया है। साथ ही, उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनके मुवक्किल भी अब कानूनी कार्रवाई की तैयारी में हैं।



# 10 साल बाद भू-आवंटन नीति में बदलाव

## शहीदों के स्मारक के लिए सरकार फ्री जमीन, कॉलेज-यूनिवर्सिटी की जमीन का एरिया घटा, राजनीतिक दलों और निवेशकों के लिए नई शर्तें



जयपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने लगभग 10 साल बाद भू-आवंटन पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने भू-आवंटन नीति 2025 लागू की है, जिसमें पहली बार सेना में शहीद हुए जवानों के स्मारक बनाने के लिए मुफ्त जमीन देने का प्रावधान किया गया है। यह जमीन शहीद के जन्म स्थल वाले शहर या निकाय क्षेत्र में ही आवंटित की जाएगी। नीति के अनुसार, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से शहीद परिवार को 500 वर्गमीटर तक जमीन मुफ्त में दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 की नीति में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं था।

नई पॉलिसी में कॉलेज और यूनिवर्सिटी खोलने वालों को अब पहले की तुलना में कम जमीन दी जाएगी। इससे पहले शिक्षा संस्थानों को अपेक्षाकृत बड़े भू-खंड मिलते थे।

**राजनीतिक दलों को राहत**

भू-आवंटन नीति 2025 में राजनीतिक दलों को भी राहत दी गई है। अब अगर किसी पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा जमीन आवंटन के बाद समाप्त हो जाता है, तो उसकी जमीन सरकार नहीं लेगी। जबकि 2015 की नीति में प्रावधान था कि राष्ट्रीय दर्जा खत्म होते ही जमीन का कब्जा स्थानीय निकाय ले सकते थे, भले ही उस पर भवन ही क्यों न बना हो।

**निवेशकों के लिए सख्त शर्त**

नई नीति में निवेशकों पर भी नई शर्त लागू हुई है। अब केवल वही निवेशक जमीन आवंटन के लिए पात्र होंगे, जो कुल निवेश की जाने वाली राशि का कम से कम 30% कैपिटल सरकार को दिखा सकेंगे। यदि 30% कैपिटल नहीं है, तो कंपनी या संस्थान को पिछले तीन साल का नेट प्रॉफिट (निवेश की जाने वाली राशि का 10% से अधिक) दिखाना अनिवार्य होगा।

# मोहन भागवत और वसुंधरा की मुलाकात के बाद अटकलों का बाजार गर्म, 20 मिनट तक चली बातचीत



जोधपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आज सवेरे आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत से मुलाकात की। राजे ने डॉ भागवत से करीब 20 मिनट तक बातचीत की। बताया जा रहा है कि डॉ. भागवत के साथ 20 मिनट चली मुलाकात में राजे ने कई अहम मामलों पर चर्चा की। भागवत से मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर हलचल मचने लगी है।

गौरतलब है कि बीते दिनों धौलपुर में रामकथा के दौरान वसुंधरा ने वनवास को लेकर बयान दिया था और फिर कल जोधपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईश्वर पर अटूट विश्वास से किसी भी कार्य को पूरा किया जा सकता है। भले ही देर से हो... सियासी गलियारों में राजे के इन बयानों के बाद भागवत के साथ उनकी 20 मिनट की मुलाकात ने राजे के बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने अटकलों को फिर सुलगा दिया है। सूत्रों के अनुसार राजे आरएसएस की पहली हैं।

यदि राजे को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे भाजपा की पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगी।

गौरतलब है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों 5 से 7 सितंबर तक होने वाली अखिल भारतीय समन्वय बैठक के लिए जोधपुर प्रवास पर हैं। भागवत से मुलाकात के बाद राजे सीधे सूरसागर स्थित बड़ा रामद्वारा पहुंचीं, जहां रामस्नेही संत रामप्रसाद जी के जन्मदिन की बधाई देने के साथ ही उनके साथ धार्मिक चर्चा भी की। राजे ने अजीत भवन में सब इंस्पेक्टर भर्ती में सफल अभ्यर्थियों से मुलाकात भी की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस का वॉकआउट, जहरीले पानी का गूंजा मुद्दा

जयपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को स्मार्ट मीटर योजना में कथित अनियमितताओं और पंजाब से आने वाले जहरीले पानी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायकों ने प्रश्नकाल के दौरान स्मार्ट मीटर टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट किया।

इसके साथ ही झालावाड़ स्कूल हादसे में मृत बच्चों को श्रद्धांजलि न देने के विरोध में काली पट्टी बांधकर सदन में प्रवेश किया और विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया।




**स्मार्ट मीटर योजना पर वॉकआउट**

कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने स्मार्ट मीटर योजना में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। जवाब में ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 2023 में कैबिनेट सर्कुलर के जरिए लिया था, बिना कैबिनेट बैठक के। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार हुई और ब्लैक लिस्टेड फर्मों को टेंडर देने का कोई प्रावधान नहीं है।

नागर ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने राज्यों को स्मार्ट मीटर लागू करने या न करने की छूट दी है। इस जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया और नारेबाजी के बाद सदन से वॉकआउट कर लिया।

**जहरीले पानी के मुद्दे पर तनातनी**

कांग्रेस विधायक डूंगरराम गेदर ने पंजाब से राजस्थान की नहरों में आने वाले जहरीले पानी का मुद्दा उठाया। उनके सवालों के कुछ हिस्सों का जवाब न मिलने पर उन्होंने स्पीकर के फैसले पर सवाल उठाए। स्पीकर ने कहा कि यह उनका विशेषाधिकार है और इस पर बाद में चर्चा होगी। इस पर सरकारी मुख्य सचेतक ने आपत्ति जताते हुए कहा कि स्पीकर के फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती। इस मुद्दे पर सदन में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

**झालावाड़ हादसे पर कांग्रेस का प्रदर्शन**

झालावाड़ स्कूल हादसे में मृत बच्चों को सदन में श्रद्धांजलि न देने को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। इसके विरोध में कांग्रेस विधायकों ने काली पट्टी बांधकर सदन में प्रवेश किया। विधानसभा के एंट्री गेट पर नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट, हरीश चौधरी सहित कई विधायकों ने हिस्सा लिया। जूली ने कहा कि सदन में बच्चों को श्रद्धांजलि नहीं दी गई, लेकिन हम उन्हें विधानसभा परिसर में श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

# अग्निवीर योजना को लेकर आरएलपी करेगी बड़ा आंदोलन

## हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

जोधपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने जोधपुर में बड़ा बयान देते हुए कहा कि आरएलपी जल्द ही अग्निवीर योजना को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी।

बेनीवाल बाड़मेर की सभा के बाद जोधपुर पहुंचे और सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एसआई भर्ती रद्द होने सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सड़क पर संघर्ष के बाद ही सब इंस्पेक्टर भर्ती रद्द हुई। जबकि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मंत्री जोगाराम पटेल लगातार कहते रहे कि भर्ती रद्द नहीं हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान के बाद भी इन नेताओं ने सच्चाई स्वीकार नहीं की।

बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में वास्तविक संघर्ष सिर्फ आरएलपी कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस और बीजेपी के बीच बारी-बारी से सत्ता का खेल अब राजस्थान में नहीं चलेगा। अग्निवीर को लेकर दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किरोड़ीलाल मीणा के साथ हुए विवाद को लेकर उन्होंने रात गई, बात गई कहकर बात को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि इसी तरह चलता रहा तो सीएम भजनलाल शर्मा की विदाई निश्चित है।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट पर आरोप लगाया कि दोनों ने ईडी और सीबीआई के डर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चार सीटें "गिफ्ट" कर दीं। बेनीवाल ने कहा कि 2028 का चुनावी रण अलग होगा और उस समय आरएलपी के साथ अन्य पार्टियां भी आएंगी। हम दमखम के साथ राजस्थान में चुनाव लड़ेंगे।

# डेढ़ करोड़ के नोटों से सजे गणपति बप्पा

## उदयपुर चा राजा का शृंगार देखने उमड़ा भक्तों का सैलाब



उदयपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर चा राजा को इस बार 1.51 करोड़ के नोटों की आंगी धराई गई, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु देर रात तक आते रहे। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

उदयपुर में गणेश उत्सव के तहत बापू बाजार स्थित श्री स्वास्तिक विनायक गणपति मंडल ने 17 फीट ऊंचे 'उदयपुर चा राजा' का डेढ़ करोड़ रुपये के नोटों से भव्य शृंगार किया, जिसे देखने देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

गणेशजी की इस 17 फीट ऊंची प्रतिमा को 50, 100, 200 और 500 रुपए के नोटों से सजाया गया है। दरबार को भी भव्य रूप दिया गया, जिसे देखने वाले श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस विशेष शृंगार को तैयार करने के लिए मुंबई से आई आठ सदस्यीय टीम ने लगातार पांच दिनों तक मेहनत की।

मंडल पिछले 24 साल से गणेश महोत्सव का आयोजन कर रहा है और पिछले आठ वर्षों से नोटों की आंगी की परंपरा निभा रहा है। इसकी शुरुआत 5 लाख 55 हजार 555 रुपए से हुई थी, जो आगे 7 लाख 77 हजार 777 और 11 लाख 11 हजार 111 रुपए तक पहुंची। इस वर्ष यह राशि बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई। मंडल कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह पूरी राशि 30 कार्यकर्ताओं द्वारा मिलकर एकत्र की जाती है और आयोजन के बाद लौटा दी जाती है।

शृंगार के दर्शन आमजन के लिए खुले, तो भारी संख्या में लोग पहुंच गए। भीड़ के कारण कुछ देर के लिए धक्का-मुक्की भी हुई, लेकिन पुलिस और मंडल कार्यकर्ताओं ने स्थिति संभाल ली। भीड़ को देखते हुए रात 2 बजे तक दर्शन जारी रखे गए। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# भीलवाड़ा में सनसनी: गुटखा व्यापारी से लाखों की लूट

## घर पहुंचते ही हुआ ताबड़तोड़ हमला

भीलवाड़ा, 3 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के शास्त्रीनगर में लूट की बड़ी वारदात हुई। गुटखा व्यापारी पिता-पुत्र दिनभर की कलेक्शन राशि एकत्र करके रात में मोपेड से घर पहुंचे। पहले से रेकी करके घर के बाहर खड़े लुटेरों ने बेसबॉल और हथियार से उन पर हमला कर दिया।

इस दौरान 10 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर भाग गए। वारदात से शहर में सनसनी फैल गई। लुटेरों की संख्या चार से पांच बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का दौरा कर वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लुटेरों की तलाश में शहर समेत जिलेभर में नाकाबंदी कराई गई।

**गुटखा का होलसेल व्यापारी है धर्मदास**

कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शास्त्रीनगर में आदर्श विद्या मंदिर के निकट रहने वाले धर्मदास सिंधी गुटखा के होलसेल व्यापारी हैं। इनकी बाजार नंबर दो में दुकान है। धर्मदास और उनका पुत्र सुनील कुमार रात में दुकान बंद कर दो दिन की कलेक्शन राशि 10 लाख रुपए बैग में रखकर मोपेड से घर लौट रहे थे। मकान के बाहर पहले से कुछ लोग घात लगाए खड़े थे। पिता-पुत्र के वहां पहुंचते ही लुटेरों ने बेसबॉल से उन पर हमला कर दिया।

फूट-फूटकर रो रहे माता-पिता बोले 'एक दिन जरूर लौटेगा बेटा...', नाहरगढ़ गए बेटों में एक का मिला कंकाल दूसरा अब भी लापता, आखिरी कॉल पर ये बोला

पिता-पुत्र समझते उनके साथ मारपीट कर बैग छीन लिया। पिता-पुत्र ने उनसे संघर्ष करने का प्रयास किया। धर्मदास ने शोर मचाया जबकि उनका बेटा मूक बधिर है। लुटेरे बैग छीनकर कार में भागने लगे। इस दौरान लुटेरों की कार का पीछे का धर्मदास ने शीशा तोड़ दिया। लुटेरे नकदी लेकर भाग गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए। सूचना पर सीआई नरूका जाब्ते के साथ वहां पहुंचे।

**दुकान से पीछे लगा, हर गतिविधि की दी जानकारी**

पुलिस का मानना है कि एक लुटेरा दुकान के बाहर था। पिता-पुत्र पर निगरानी रख रहा था। दोनों के वहां से रवाना होते ही रेकी कर रहे व्यक्ति ने व्यापारी के मकान के बाहर खड़े साथियों को जानकारी दी। उसके बाद घर के बाहर खड़े लुटेरे तैयार थे।

पांच साल पूर्व भी धर्मदास के भतीजे के साथ भी दो लाख रुपए की लूट हुई थी। वहीं, सामने आया कि धर्मदास का एक रिश्तेदार नशे का आदी है। उसे पीड़ित पक्ष ने नशे की लत छुड़ाने के लिए नशामुक्ति केन्द्र भेजा था। उस समय रिश्तेदार ने भी धर्मदास को देख लेने की धमकी दी थी। पुलिस इस एंगल को भी खंगाल रही है।

**घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा, तस्वीर धुंधली**

पीड़ित परिवार के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा है। उसमें घटना कैद हुई है। हालांकि, तस्वीर धुंधली है। लुटेरे सफेद रंग की कार में आए।

पुलिस ने मौके से बेसबॉल के डंडे भी जब्त किए। डंडे पर रिबन बंधी थी। इसी तरह की रिबन लगे डंडे गंगरार में सड़क किनारे तलवार-चाकू बेचने वाले सिकलीगर रखते हैं।

पीड़ित ने बताया कि लुटेरों के पास पिस्टल भी थी। पिस्टल से धमकाया भी।

### खदान में भूस्खलन से दो की मौत

#### मलबे से 12 घंटे बाद निकला शव , बारिश के बावजूद काम जारी रखने पर हंगामा

सीकर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। जिले के नीमकाथाना उपखंड के पाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण बड़ा हादसा हो गया। यहां डोकन गांव स्थित कृष्ण माइंस में पहाड़ी का एक हिस्सा अचानक से भरभराकर नीचे गिर गया, जिससे वहां काम कर रहे दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के समय खदान में छह मजदूर काम कर रहे थे। मलबे में दबकर नीमकाथाना निवासी लक्ष्मण सिंह राजपूत और उत्तरप्रदेश के बिजनौर निवासी सुरेंद्र हरिजन की मौत हो गई। बिहार निवासी नीतीश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है और नीमकाथाना अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हादसे में एक पोकलेन मशीन और एक डंपर भी दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# बांध पर स्टंट दिखाना पड़ा भारी, युवक बहा

## एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें कर रही तलाश

बसवाई माधोपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र स्थित ढील बांध पर एक अज्ञात युवक पानी के बीच स्टंट करते समय बह गया। युवक की तलाश जारी है। एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम को सूचना दी गई है। उनके मौके पर पहुंचने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने शराब पी रखी थी और बांध के ओवरफ्लो से तेज बहाव वाली चादर पर स्टंट कर रहा था। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन चेतावनी के बावजूद वह बांध पार करने की कोशिश करता रहा। इस दौरान तेज बहाव में संतुलन बिगड़ने से वह पानी में बह गया।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को दी। इसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू कर दी। प्रशासन ने मामले की जानकारी एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस को भी दी है। इनके पहुंचने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।


फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। वह कहां से आया और किस जगह का रहने वाला है, इस संबंध में पुलिस बांध के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है।

# जमवारामगढ़ अभयारण्य में दिखा दुर्लभ बारहसिंघा

## अचानक आमखोल महादेव मंदिर के पास पहुंचा, फिर हो गया ओझल

जयपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। जमवारामगढ़ रेंज में स्थित आमखोल महादेव मंदिर के पास उस समय रोमांचक दृश्य देखने को मिला जब मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं की नजर एक दुर्लभ वन्यजीव बारहसिंघा पर पड़ी। यह नजारा देख श्रद्धालु उत्साहित हो उठे और कई लोगों ने पहली बार इस वन्यजीव को नजदीक से देखा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बारहसिंघा के सिर पर बारह शाखाओं वाले आकर्षक सींग थे, जो इसकी पहचान का प्रमुख आधार हैं। इसे 'दलदली हिरण' भी कहा जाता है। इसका शरीर



हल्के भूरे रंग का था और पूंछ पर सफेद किनारे साफ दिखाई दे रहे थे। कुछ देर तक यह खुले स्थान में टहलता रहा, जिसके बाद अचानक जंगल की ओर दौड़ता हुआ ओझल हो गया।

संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल

विशेषज्ञों के अनुसार बारहसिंघा प्रायः झुंड में रहने वाला वन्यजीव है और इसे संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है। दलदली व घासयुक्त क्षेत्रों में रहने वाला यह हिरण राजस्थान में बेहद कम दिखाई देता है। इसके संरक्षण और संवर्धन को लेकर वन विभाग समय-समय पर प्रयास करता रहा है।

**जैव विविधता के लिए सकारात्मक संकेत**

जमवारामगढ़ अभयारण्य में बारहसिंघा का दिखाई देना यहां की जैव विविधता के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि इस तरह की झलक से न केवल अभयारण्य का महत्व बढ़ता है बल्कि लोगों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी आती है।

**पहली बार दिखा दुर्लभ बारहसिंघा**

स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना था कि उन्होंने मंदिर परिसर के आसपास कभी इस तरह का दुर्लभ वन्यजीव नहीं देखा। अचानक सामने आए इस नजारे ने उन्हें रोमांच और आश्चर्य से भर दिया। वन विभाग के अधिकारी भी इस सूचना की पुष्टि कर रहे हैं और इसे महत्वपूर्ण बताया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी जिम ट्रेनर 9 दिन बाद गिरफ्तार, भागने की कोशिश में टूटी टांग



उदयपुर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के फतहपुरा स्थित एक निजी स्कूल में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी जिम ट्रेनर प्रदीप सिंह झाला को अंबामाता थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी में खास बात यह भी रही कि पुलिस आरोपी प्रदीप सिंह झाला को घटनास्थल की तस्दीक के लिए स्कूल लेकर गई, जहां उसने स्कूल से भागने का प्रयास किया, तभी उसका पैर गड्ढे में पड़कर टांग टूट गई और उसे फ्रैक्चर हो गया।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि आरोपी वारदात के बाद पिछले 9 दिनों से फरार था। उदयपुर पुलिस उसका लगातार पीछा कर रही थी, वह उदयपुर से फरार होकर गोवा गया, पुलिस के पकड़े जाने के डर से वह वहां से मुंबई भागा, इसके बाद उसने कर्नाटक और गुजरात में भी फरारी काटी। उदयपुर पुलिस ने आरोपी के सभी बैंक खाते फ्रीज करवा दिए थे। जब उसे कहीं से मदद नहीं मिली और रुपए भी खत्म हो गए, तो वह उदयपुर लौटा और पुलिस ने उसे धरदबोचा।

थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि पुलिस ने 6 राज्यों में लगातार 2500 किलोमीटर तक उसका पीछा किया। एक राज्य से दूसरे राज्य भागने में आरोपी के पास मौजूद सभी रुपए खत्म हो गए और सभी बैंक खाते फ्रीज होने से उसे कहीं से भी मदद नहीं मिल पा रही थी। वह रुपये लेने के लिए उदयपुर आ रहा था, तभी अंबामाता थाना पुलिस ने उसे धरदबोचा। आरोपी प्रदीप सिंह झाला पूर्व में भी डकैती की योजना बनाते अवैध पिस्टल सहित अन्य हथियारों के साथ पकड़ा जा चुका है। उसके खिलाफ चोरी, डकैती की योजना बनाने, आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज है। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार होकर तीन महीनों तक जेल में भी रह चुका है।

# साइबर संग्राम अभियान में पुलिस की बड़ी सफलता

## बैंक खातों को किराए पर देने वाले छह ठग गिरफ्तार

अलवर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। अलवर में वैशाली नगर थाना पुलिस ने साइबर संग्राम अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए छह शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी बैंक खातों को किराए पर देकर साइबर ठगों की मदद करते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में करीब 85 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

किराए पर लेते थे बैंक खाते, फिर निकलवाते थे ठगी की रकम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये आरोपी बैंक खातों को खरीदने, बेचने और किराए पर लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। साइबर ठग इन खातों में ठगी की रकम जमा करवाते और फिर आरोपी कमीशन लेकर पैसा निकालते थे। इस तरह से ठगी की रकम का दोष खाताधारक पर ही आता और असली ठग बच निकलते।

# अवैध बांग्लादेशियों पर 20वीं बड़ी कार्रवाई, एक और नागरिक दस्तयाब; अब तक 53 पकड़े गए

अजमेर, 3 सितंबर (एजेंसियां)। लंगर खाना गली से पकड़े गए इस बांग्लादेशी से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी विदेशी नागरिक को अवैध रूप से बसने नहीं दिया जाएगा। अजमेर जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक और घुसपैठिये को दस्तयाब किया। इसके साथ ही अब तक जिले में 53 अवैध बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। यह 20वीं बड़ी कार्रवाई है, जिसे अजमेर पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अंजाम दिया। पुलिस मुख्यालय, जयपुर के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के नेतृत्व में यह विशेष अभियान संचालित हो रहा है। अभियान का मकसद शहर और उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करना और निष्कासित करना है।

# बीआरएस ने कालेश्वरम परियोजना पर शुरू किया 'चलो मल्लन्ना सागर' अभियान

## कांग्रेस पर दुष्प्रचार का आरोप, कहा- मेदिगड्डा बैराज से पूरे क्षेत्र को मिला है फायदा



सिद्दीपेट, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। दुब्बाक विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी ने बुधवार को कहा कि बीआरएस कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) से जुड़े मुद्दे को जनता की अदालत में ले जाएगी और कांग्रेस सरकार के झूठ का पर्दाफाश करेगी। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा इस मामले को सीबीआई को सौंपे जाने के फैसले के बाद बीआरएस ने उनके नेतृत्व में "चलो मल्लन्ना सागर' कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव के चित्रों पर पलाभिषेक किया।

प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि केएलआईपी सिर्फ मेदिगड्डा बैराज तक सीमित नहीं है, बल्कि 90,000 करोड़ रुपये की लागत से इसमें कई जलाशय, बैराज, लिफ्ट, पंप, नहरें और वितरक बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेदिगड्डा बैराज का निर्माण अकेले 4,000 करोड़ रुपये की लागत से हुआ था। कांग्रेस पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मेदिगड्डा बैराज में केवल दो खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि इस परियोजना से अब तक कई जिलों को सिंचाई और पेयजल मिलता रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान बनी कई सिंचाई परियोजनाएं भी पिछले कुछ वर्षों में नुकसान का शिकार हुई हैं। इस मौके पर बीआरएस नेता जे राम रेड्डी, के हरिकृष्ण रेड्डी, भोमपल्ली मनोहर राव, राजामौली और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदिलाबाद में ग्रामीण निकाय चुनाव की तैयारियाँ तेज

### 30 सितंबर तक होंगे चुनाव, गांवों में बढ़ी हलचल

आदिलाबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले में ग्रामीण नागरिक निकायों के चुनाव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने सितंबर के अंत तक चुनाव कराने को मंजूरी दे दी है। इससे फरवरी 2024 से लंबित चुनावों का रास्ता साफ हो गया है।

अधिकारियों ने मतपत्र छपवा लिए हैं और मतपेटियाँ मँगवा ली हैं। चुनाव ड्यूटी के लिए कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मतदान केंद्रों का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है। हर केंद्र पर लगभग 650 मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था होगी। जल्द ही कुल मतदान केंद्रों की संख्या तय की जाएगी। नवीनतम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार, आदिलाबाद में 4,49,979, मंचेरियल में 3,76,669, निर्मल में 4,49,302 और कुमराम भीम आसिफाबाद में 3,53,904 मतदाता हैं।

# बाबा रामदेवजी जागरण मे उमड़ा जनसैलाब



हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अलवाल स्थित मच्छाबोलारम बाबा रामदेवजी महाराज के मंदिर प्रांगण मे भादव मास की पावन दशमी के अवसर पर मंगलवार 2 सितम्बर रात्रि 9.15 बजे से श्री बाबा रामदेव नवयुवक मित्र मंडल अलवाल वेकन्टापुरम भक्तों के सानिध्य मे 14 वां भव्य जागरण आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति मे नवयुवक मंडल के महेन्द्रसिंह पितावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति भादव मास के पावन अवसर पर श्री बाबा रामदेवजी महाराज का भव्य जागरण भक्तों के सानिध्य मे आयोजित किया गया। मंगलवार 2 सितम्बर पुजारी कुलदीप तिवारी के मंत्रोच्चारण, पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलितकर आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी, रात्रि 8.15 बजे से जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे रमेश प्रजापत ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया एवं मरुधरा की मधुर आवाज मे राकेश प्रजापति ने श्री बाबा रामदेवजी के चरणो मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम मे पधारे विशेष अतिथि सियारामजी महाराज, सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक एम.हनुमन्त राव, जीतू कॉरपोरेटर, रावत राजपूत समाज अध्यक्ष महेन्द्रसिंह ठाकुर, अलवाल सी.आई. ए.प्रशांत, गज्जु भाई कोलरिया, अध्यक्ष जनसेवा संग मल्काजगिरि मदनलाल रावल, शांतिलाल, धर्माराम सुथार, हनुमंत धनवा, गौसेवक परमेश्वर, राधेश्याम जाट, सोहननाथ, पत्रकार परबत सोलंकी व पधारे सम्मानित अतिथियों का राजस्थानी परम्परा पुष्प-माल व शॉल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का यूट्युब पर सीधा प्रसारण

बी.आर.एस राजस्थानी चैनल के भगवानराम सीरवी ने किया। कार्यक्रम मे नवयुवक मंडल के महेन्द्रसिंह पितावत, नेमीचन्द गोयल, पारसनाथ चौहान, सुखराम गहलोत, सुनिल पंवार, पुरणमल कच्छावा, किसनलाल देवासी, रतनलाल सोलंकी, प्रभुराम भाटी, रामसिंह भाटी, सुखराम सांखला, कपिल, हनुमान कच्छावा, गणेश जान्दू, शांतिलाल टॉक, भंवरलाल प्रजापत, मुनालाल कुमावत, अनिल रेडवाल, गोविन्दसिंह पितावत, सुखाराम गेहलोत, रतनलाल गाँधी, बाबुलाल नायक, भुराराम टॉक, घनश्याम भाटी, शेषाराम मुलैवा, धर्माराम सैंणचा, दिनेश कुमावत, जीतमल कच्छावा, नवरतन कच्छावा, रामकुमार कच्छावा, सुनिल मुकेश, सत्यनारायण कच्छावा, पूनाराम काग, दिनेश कुमावत, सज्जनलाल रामावत, बुधाराम काग, पन्नालाल भाटी, चम्पालाल कच्छावा, दिनेश पंवार, रमेश देवड़ा, पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात् जागरण का समापन्न हुआ।

# एक शाम वीर तेजाजी महाराज के जागरण सम्पन्न





हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वनस्थलीपुरम, अलमासगुड़ा स्थित जाट समाज ट्रस्ट मंदिर भवन के परमेश्वर महादेव मंदिर में वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय वीर तेजाजी महाराज का जागरण सोमवार 1 सितम्बर एवं मंगलवार 2 सितम्बर को किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में जाट समाज ट्रस्ट मंदिर भवन अलमासगुडा के अध्यक्ष दुदाराम बाबल संरक्षक सोहनलाल बागड़ा बाबूलाल पूनिया, कोषाध्यक्ष लिकमाराम खोखर ने बताया कि भादवा मास की नवमी के पावन अवसर पर वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण समाज बन्धुओं के सानिध्य मे आयोजित किया गया।

वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं ने रात्रि 9.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर एक शाम वीर तेजाजी के नाम जागरण का आयोजन किया। गणपति वन्दना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया व देर रात तक मरुधरा की भजन गायक किशोर मालवीय ने वीर तेजाजी महाराज भजनों के पुष्प अर्पित किये। भक्तों ने वीर तेजाजी महाराज अमर रहे के नारे लगाकर नाचते गाते हुए मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। समाज गणमान्य पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समाज बन्धुओं ने मंगलवार 2 सितम्बर दशमी को प्रातः वेला मे पूजा-अर्चना, दर्शन-वंदनकर, श्री तेजाजी महाराज के चरणों में धूप बत्ती, नारियल एवं पुष्प अर्पितकर खुशहाली की कामना की। प्रातः 11.30 बजे से महाप्रसादी की व्यवस्था की गयी। जिसका जाट समाज बन्धुओं ने सपरिवार लाभ लिया। कार्यक्रम में जाट समाज ट्रस्ट मंदिर भवन अलमासगुडा के समस्त कार्यकारणी सदस्य व समाज बन्धु सपरिवार उपस्थित रहे। मंच का संचालन बाबूलाल पूनिया ने किया। आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 8 और 16 सितंबर को तिरुमला में वीआईपी दर्शन नहीं

तिरुमला, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी चंद्रग्रहण और वार्षिक ब्रह्मोत्सव के मद्देनजर, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने घोषणा की है कि इस वर्ष 8 और 16 सितंबर को वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। तदनुसार, दर्शन व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। चंद्रग्रहण के कारण तिरुमाला मंदिर 7 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे से 8 सितंबर को सुबह 3:00 बजे तक बंद रहेगा, इसलिए 8 सितंबर के दर्शन के लिए 7 सितंबर को वीआईपी ब्रेक दर्शन हेतु अनुशंसा पत्र स्वीकार नहीं किए जाएँगे। उस दिन केवल प्रोटोकॉल वीआईपी (स्वयं) को ही वीआईपी ब्रेक दर्शन की अनुमति होगी। 7 सितंबर को, ऑफ़लाइन श्रीवाणी टिकट धारकों के लिए दर्शन का समय दोपहर 1 बजे कर दिया गया है। इसके अलावा, वार्षिक ब्रह्मोत्सव के भाग के रूप में 16 सितंबर को होने वाले कोइल अलवर तिरुमंजनम के कारण, 15 सितंबर को कोई भी वीआईपी अनुशंसा पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। टीटीडी ने श्रद्धालुओं से इन बदलावों पर ध्यान देने, अपनी तीर्थयात्रा की योजना तदनुसार बनाने और सहयोग बढ़ाने की अपील की है।


दक्षिण मध्य रेलवे
@SCRailwayIndia

**ई-निविदा सूचना संख्याःजीएनटी/एसजी/36/351,दि.30-08-2025**

PUB/1068

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.22-09-2025 के 12.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

आयडी नं.-351, कार्य विवरणः तत्संबंधित हेतु सिग्नलिंग व्यवस्थाएं 1) गुंटूर डिवीजन पर बहुत पुराने जर्जर आयपीएस, ट्रैक सर्कूट, वीएचएफ बैटरीज का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट करना।

2) गुंटूर डिवीजन के 38 स्टेशनों पर एचएएसएसडीएसी के वेब डिटेक्टर्स (टीएक्सxआरएक्स कायल्स) का प्रतिस्थापन।

3) गुंटूर डिवीजन के सीएमजेड स्टेशन पर लूप लाइन्स के लिए एमएसडीएसी सहित एनलाग एक्सल काउन्टर्स का प्रतिस्थापन। विज्ञापित निविदा मूल्य रू.4,27,76,649.84, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा रू.3,63,900/-, निविदा दस्तावेज मूल्य रू. शून्य

1. ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि दि.22-09-2025 के 12.00 बजे तक हैं। विस्तृत विवरण हेतु हमारे वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लागआन करें।

2. अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल ई-पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से ही सूचित किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता/गुंटूर

**निविदा सूचना सं.-इलेक-टीआरएस-जीटीएल-25-26-ई-टीएन-6, दि.22-08-2025**

PUB/1069

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.15-09-2025 के 16.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं.- इलेक-टीआरएस-जीटीएल-25-26-ई-टीएन-6, दि.22-08-2025, कार्य विवरणः लोकोमोटिव शेड, गुण्टकल पर, अठारह महिनों की अवधि के लिए, कन्वेन्शनल इलेक्ट्रिक लोकोज के मुख्य ओवरहालिंग शेड्यूल (टीओएच/ आयओएच) के लिए स्पेयर्स के रखरखाव हेतु एन-32 टाइप टैप चेन्जर की मरम्मत करना। अनुमानित मूल्य रु.64,05,648.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू 1,28,200.00, ठेका अवधिः 18 महिने

**बंद करने की तिथि व समयः दि.15-09-2025 के 16.00 बजे**

टेंडर बिड्डींग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। इस निविदा के प्रति यदि कोई शुध्दिपत्र जारी होता है तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता, लोकोमोटिव शेड, गुण्टकल

**निविदा सूचना सं.-9-एमइसीएच-एनएमजी-एनएमजीएचएस-टीपीटीवाय-25, दि.1-9-2025**

PUB/1070

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/कैरेज रिपेयर शाप/तिरुपति द्वारा अधोलिखित निविदा संख्या की बंद करने की तिथि के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में यदि कोई मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं. 1, कार्य विवरणः निविदा सूचना सं.-9-एमइसीएच-एनएमजी-एनएमजीएचएस-टीपीटीवाय-25, दि 1-9-2025, कैरेज रिपेयर शाप- तिरुपति पर एनएमजी कोचेस का एनएमजीएचएस कोचेस में रुपांतरण या कनवर्शन करना। अनुमानित मूल्य रू.1,49,88,685 /- बोली सुरक्षा राशि रू.2,25,000/-, पूरा करने की अवधिः 2 महिने, बंद करने की तिथिः22-09-2025 के 15.00 बजे

**वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in**

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः/ चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

निविदा नियम शर्तें/अधिक विवरण(निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्र हेतु कृपया हमारे वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in देखें।

चीफ वर्कशाप मैनेजर, (सीआरएस), तिरुपति

A1337

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in तथा www.scr. indianrailways.gov.in देखें।**


# भाजपा ने वर्तमान महाधिवक्ता को हटाने की मांग की

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा ने आज राज्य के महाधिवक्ता की क्षमता पर सवाल उठाया और उच्च न्यायालय में केएलआईपी, फोन टैपिंग और बिजली खरीद मामलों में उनके कमजोर पक्ष के लिए उन्हें बदलने की मांग की।

राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले महाधिवक्ता इन मामलों में प्रभावी दलीलें देने में विफल रहे हैं और उनका कार्य संदिग्ध है, जिससे यह सोचने की गुंजाइश बनती है कि वे विपक्ष के लिए सुरक्षा कवच का काम कर रहे हैं और सरकार को गुमराह कर रहे हैं, यह आरोप राज्य पार्टी उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर ने यहां पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लगाया।

भाजपा नेता ने कहा कि पीसी घोष आयोग की रिपोर्ट के बाद केएलआईपी मामले में महाधिवक्ता की अप्रभावी दलीलों के कारण पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर और पूर्व मंत्री हरीश राव को उच्च न्यायालय से राहत मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पीसी घोष आयोग द्वारा केसीआर, हरीश राव और कुछ सिंचाई अधिकारियों के मामले में शामिल होने के बाद भी बीआरएस नेताओं के खिलाफ समय पर कार्रवाई करने में समय बर्बाद किया है, क्योंकि ब्रीफ केसों की अदला-बदली हुई है, जिसे प्रभाकर ने राज्य कांग्रेस सरकार द्वारा खजाना चोरी करार दिया है।

अगर हम 31 जुलाई, पीसी घोष आयोग द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने और 4 अगस्त के बीच के घटनाक्रमों पर गौर करें, तो प्रभाकर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उनके दो वरिष्ठ सहयोगियों उत्तम कुमार रेड्डी और भट्टी विक्रमार्क ने तीन बार दिल्ली का दौरा किया और राहुल गांधी, वेणुगोपाल और अभिषेक मनु सिंघवी से मुलाकात की, जब केसीआर और हरीश राव को बचाने के लिए एक गुप्त सौदा हुआ था। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राहुल गांधी केएलआईपी, फोन टैपिंग और बिजली खरीद मामलों में केसीआर और हरीश राव को बचा रहे हैं।

# एआरएसआई की हृदयाघात से निधन

## एसपी कांतिलाल पाटिल ने श्रद्धांजलि अर्पित की



आसिफाबाद, 3 सितंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कागज नगर मंडल इसगाम नजरुल नगर के एआर मुख्यालय में एआरएसआई के पद पर कार्यरत जगदीश चंद्रमंडल (55) का कल रात उनके पैतृक गांव में हृदयाघात से निधन हो गया। आज जिला पुलिस अधीक्षक कांतिलाल पाटिल ने जगदीश चंद्रमंडल के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जगदीश चंद्रमंडल 1993 में पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे, 32 वर्षों की सेवा में उन्हें हेड कांस्टेबल, एआरएसआई के पद पर पदोन्नत किया गया था। उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों को तत्काल अंतिम संस्कार सहायता के रूप में 30,000 रुपये प्रदान किए और उन्हें साहस बनाए रखने का आश्वासन दिया। एसपी ने बताया कि अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

आरआई एडमिन पेद्दन्ना, जिला पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शंकर रेड्डी, कागज नगर ग्रामीण सीआई कुमारस्वामी, आरआई एमटीओ अंजन्ना, आईएसजीएएम एसएसआई कल्याण, 1993 बैच के पुलिस, एआर मुख्यालय पुलिस कर्मचारी आदि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



निंबोलिअड्डा पर भगवान गणेश जी की पूजा के बाद भजन कीर्तन भी किए गए। अवसर पर अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबीता गर्ग, रितु गर्ग, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, संगीता जाजोदिया, वंदना पचारिया, रितु गोयल, प्रीति गोयल, एवं पवन भुवानिया आदि उपस्थित थे।

# श्री श्रीयादे माताजी मंदिर चिन्तल में उज्वणा महोत्सव व घोड़ा चढावा कार्यक्रम संपन्न

## 32 जोड़ों ने नौकुंडय हवन यज्ञ का लाभ लिया



हैदराबाद ,3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चिन्तल के श्री श्रीयादे माता मंदिर के तत्वावधान में भादवा सुदी एकादसी उज्वणा महोत्सव व घोड़ा चढावा कार्यक्रम धूम-धाम से संपन्न हुआ। बालनगर स्थित चेन्नायागुड़ी श्री बाबा रामदेव जी मंदिर में भक्तों ने गाजे बाजे व ढोल नगाड़ा के साथ बाबाजी घोड़े चढाया गया ! जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रजापति समाज के चेयरमैन अमरचंद झुझणोदिया व अध्यक्ष प्रकाश हाटवा ने बताया कि श्री श्रीयादे माताजी मंदिर के निकट चित्राअम्मा पोचामाँ मंदिर से बाबाजी का घोड़ा की पूजा-अर्चना कर भारी शंख्या में भक्तों द्वारा गाजा-बाजे के साथ जल कलश शोभा यात्रा घोड़े को लेकर मंदिर प्रांगण पहुँचे। वहां 32 जोड़ों द्वारा हवन यज्ञ आयोजित किया गया | भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया ! इस अवसर पर एक शाम बाबा रामदेवजी के नाम का जागरण में जिसमें भजन गायक संत भेराराम गुर्जर मेघड़दा ने बाबा रामदेवजी के चरणों में राजस्थानी अंदाज में भजनों के पुष्प अर्पित किए ! देर रात तक हजारों की शंख्या में पधारे हुए भक्तों ने भजन और प्रसाद का लाभ लिया। कार्यक्रम में काटेदान मंदिर अध्यक्ष हरिराम प्रजापत ब्रांदाणा , प्रकाश प्रजापत ,पुष्पेन्द्र , प्रतापहाटवा (मोदी) एम. घेवरचंद , तुलसीराम , रामनिवास , प्रेमचंद बाबरीया , बजरंगलाल , सचिव धन्नाराम , भंवरलाल , संचार मंत्री मुन्नालाल , राकेश कुमार , तिलक प्रजापति , सलाहाकार , जोगाराम , धर्मीचंद , मोहनलाल , हनुमानलाल , अशोक कुमार , महेन्द्रकुमार , महावीरचंद , नरेशकुमार , धर्मेन्द्रकुमार एंव सभी समाज बन्धुओं उपस्थित थे।

# श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में 1.40 लाख का सहयोग दिया

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने शिक्षा प्रेमी दानदाताओं के सहयोग से पांच परिवारों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। समिति ने बिलाड़ा में 21 हजार व दूसरे परिवार बुसी गांव में नारी शक्ति को 51 हजार तथा तीसरे परिवार आगेवा गांव में 35 हजार एवं चौथे परिवार नाडोल में 11 हजार और पांचवा परिवार बाली से बिलाड़ा में अध्यनरत परिवार को 21 हजार कि सहयोग दिया। कुल एक लाख चालीस हजार रुपये का सहयोग दिया है। समिति के पूर्व अध्यक्ष सुजाराम गेहलोत ने बताया कि यह सहयोग जरूरतमंद छात्रों को अपनी शिक्षा पूरी करने में मदद करेगा।

गेहलोत ने बताया कि समिति की स्थापना 2017 में की गई थी। जब से लगाकर अब तक समिति 90 लाख से अधिक राशि जरूरतमंद शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया है। जिसमें दो एम्बुलेंस कोरान काल में दी गई वो भी सामिल है। श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। समिति का उद्देश्य है कि कोई भी समाज का विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समिति भामाशाहों की मदद से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। समिति ने 2017 से 2025 तक समाज के दानदाताओं के सहयोग से समाज के तिन सौ परिवारों को लाभान्वित किया गया। कोरोना काल में मानवीय सेवा के लिए दो एम्बुलेंस जो एक सोजत रोड व दुसरी जैतारण में सेवाएं दे रही है। समिति के संरक्षक रामलाल सैणचा गांधीधाम, व बाबुलाल हैदराबाद, इन्दरलाल सोलंकी बैंगलोर, संस्थापक गुडडराम काग व भीमाराम सोलंकी पुना समिति के अध्यक्ष भेराराम हाम्बड बेलकवाड़ी, महासचिव जगदीश सोलंकी, कोषाध्यक्ष करमाराम परिहार मैसूर, सचिव भगवान राठौड़ वर्तमान संचालन कर रहे हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## अमित शाह का ...

शिकायतकर्ता का आरोपी से परिचय जालंधर जिमखाना क्लब में एक पारिवारिक मित्र के माध्यम से हुआ था। वहां नैय्यर ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री का भतीजा अजय शाह बताया था और शिकायतकर्ता को सरकारी ठेका दिलाने का आश्वासन दिया था। शिकायतकर्ता को बाद में उसकी कंपनी के पक्ष में 90 करोड़ रुपये का "डिमांड ड्राफ्ट' दिखाया गया और उसे "प्रोसेसिंग फीस' (प्रक्रिया शुल्क) के रूप में 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया।

3.9 करोड़ का किया भुगतान

आरोपी के साथ कई दौर की बैठकों के बाद, शिकायतकर्ता ने निविदा के लिए नकद और आरटीजीएस के माध्यम से उसे 3.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया, लेकिन नैय्यर ने 12% करोड़ रुपये के एक अन्य "डिमांड ड्राफ्ट' की तस्वीर दिखाई तथा कहा कि निविदा की लागत 90 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 127 करोड़ रुपये कर दी गई थी। जब शिकायतकर्ता को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी को दिसंबर 2021 में गिरफ्तार कर लिया गया।

पीड़ित पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि वे आरोपों में संशोधन करने और प्रासंगिक अपराधों के लिए आरोप जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिसमें आपराधिक षड्यंत्र और शिकायतकर्ता को प्रतिभूति के रूप में आरोपी के जाली चेक का इस्तेमाल करने से संबंधित आरोप भी शामिल हैं। इसके लिए आजीवन कारावास की सजा हो सकती है, इसलिए (जमानत के लिए) चार साल तक हिरासत में रहने का आधार महत्वहीन हो जाता है। पीड़ित पक्ष के मुताबिक आरोपी इसी तरह की धोखाधड़ी से संबंधित एक अन्य मामले में भी कथित रूप से शामिल था, जिसे उसने शिकायतकर्ता को 75 लाख रुपये देकर निपटाया था।

## गौ माता को राष्ट...

आए दिन प्रधानमंत्री के खिलाफ तीखी टिप्पणी करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि वे देश हित और सनातन धर्म के हित में बात कर रहे है।

उनका पीएम मोदी से कोई विरोध नहीं है। राहुल को हिन्दू समाज से बहिष्कृत करने और वापसी करने सवाल पर उन्होंने कहा कि हां मैने राहुल गांधी को हिन्दू धर्म से निकालने की घोषणा की है। उन्होंने हमारे धर्म ग्रंथों अपमान किया है। कोई हिन्दू ऐसा नहीं कर सकता है। अगर वे माफी मांगे तो वापसी पर विचार संभव हो सकता है।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट

## बीसीसीआई अधिकारियों की निगरानी में हुआ विदेश में टेस्ट पर उठ रहे हैं सवाल

लंदन, 3 सितंबर (एजेंसियां)। विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है।

कोहली ने बीसीसीआई से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ।

विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किए थे। रोहित ने वनडे कप्तान ने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी सफलतापूर्वक पूरा किया।

बेंगलुरु में आयोजित प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उप-कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन



सुंदर और शार्दूल ठाकुर ने भी अपने फिटनेस टेस्ट पास किए।

**विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल**

विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे।

**लंदन में परिवार संग विराट**

विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में रह रहे हैं और वहीं अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

इससे पहले, 2024 टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद उन्होंने रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के साथ टी-20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया था।

ॉवर्तमान में विराट केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

**दूसरा चरण सितंबर में होगा**

बीसीसीआई ने सितंबर में फिटनेस टेस्ट का दूसरा चरण निर्धारित किया है, जिसमें के.एल. राहुल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच होगी।

# आईपीएल से संन्यास के बाद अब आर अश्विन के पास बड़ा मौका

## ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग से मिला ऑफर

मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास का ऐलान किया है, लेकिन उनका क्रिकेट के लिए जुनून अभी खत्म नहीं हुआ है. 38 साल की उम्र में अश्विन अब वैश्विक टी20 लीग में अपनी नई पारी शुरू कर सकते हैं. हाल ही में खबरें सामने आईं थीं कि यूएई में होने वाली आईएलटी 20 लीग के अगले सीजन में अश्विन ने खेलने की इच्छा जताई है और इसलिए ऑक्शन में अपना नाम लिखवाने पर विचार कर रहे हैं. इसी बीच एक और खुलासा हुआ है.

**आर अश्विन के पास बड़ा ऑफर**

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में हिस्सा लेने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ चर्चा कर रहे



हैं. यह उनके लिए एक बड़ा कदम होगा. अगर ऐसा होता है तो वह बीबीएल में भाग लेने वाले पहले बड़े भारतीय क्रिकेटर हो सकते हैं. बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, सक्रिय भारतीय खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकते, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अश्विन के पास अब यह मौका है.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग इस समय अश्विन के साथ इस संभावना पर चर्चा कर रहे हैं. ग्रीनबर्ग ने अश्विन को फोन करने की पुष्टि की है और बताया कि एक संभावित सौदे पर काम चल रहा है, साथ ही उन्होंने इस सौदे के साकार होने पर अपनी खुशी भी जाहिर की. उन्हें पूरा विश्वास है कि ऐसा होगा भी. ग्रीनबर्ग ने क्रिकबज से कहा , 'अश्विन जैसी योग्यता वाले किसी खिलाड़ी का बीबीएल के लिए यहां आना कई स्तरों पर शानदार होगा. वह एक चैंपियन क्रिकेटर हैं जो बिग बैश और हमारे क्रिकेट समर में बहुत कुछ लेकर आएंगे.'

**इस टीम का बन सकते हैं हिस्सा**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग और आर अश्विन इस सौदे को कैसे अंजाम देते हैं, ये देखने वाली बात होगी. वहीं, कुछ सूत्रों का मानना है कि अगर वह इस लीग का हिस्सा बनते हैं तो मेलबर्न जा सकते हैं. हालांकि, ग्रीनबर्ग का अगला कदम क्लबों और बाकी हितधारकों के साथ बातचीत करके एक प्रस्ताव तैयार करना है जिसे वह अश्विन के पास ले जा सकें.

# एशिया कप से पहले ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू

## टीम से बाहर, अक्षय वाडकर ने किया रिप्लेस

मुंबई, 3 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप के लिए टीम इंडिया के 4 सितंबर को रवाना होने की खबर है. मगर उससे पहले ध्रुव जुरैल को डेंगू हो गया है. डेंगू के चलते ध्रुव जुरेल को दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. दलीप ट्रॉफी में ध्रुव जुरेल सेंट्रल जोन के कप्तान थे. मगर अब टूर्नामेंट से हटने के बाद वो 4 सितंबर से शुरू हो रहे सेमीफाइनल मुकाबले में खेलते नहीं दिखेंगे. ध्रुव जुरेल को डेंगू होना दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल जैसे अहम मुकाबले में सेंट्रल जोन के लिए बड़े झटके से कम नहीं है.

**डेंगू के चलते टूर्नामेंट से बाहर**

ध्रुव जुरेल हालांकि इससे पहले दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भी सेंट्रल जोन के लिए नहीं खेले थे. तब जोरेल को ग्रोइन इंजरी हुई थी, जिस वजह से



उन्होंने खुद को मुकाबले से बाहर रखा था. दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले डेंगू होने के बाद ध्रुव जुरेल टीम से तो बाहर हुए ही हैं, साथ ही उनकी जगह विदर्भ की कप्तानी करने वाले अक्षय वाडकर को सेंट्रल जोन की टीम में शामिल किया गया है.

**एशिया कप में टीम इंडिया के रिजर्व का हिस्सा हैं जुरेल**

हालांकि, ध्रुव जुरेल को डेंगू होने से टीम इंडिया के एशिया कप अभियान पर उसका कोई खास असर नहीं पड़ेगा. ऐसा इसलिए क्योंकि वो उस मल्टीनेशन टूर्नामेंट में भारत की मेन टीम का हिस्सा नहीं है. ध्रुव जुरेल को रिजर्व खिलाड़ियों की लिस्ट में रखा गया था. भारत ने एशिया कप के लिए 5 रिजर्व खिलाड़ी चुने हैं. मगर उनमें से कोई भी मुख्य टीम के साथ यूएई नहीं जाएगा. इन खिलाड़ियों को तभी जगह मिल सकती है, जब एशिया कप के लिए चुने 15 के स्क्वॉड में से कोई चोटिल होता है.

# जिम्बाब्वे का सिकंदर रजा बना दुनिया का नंबर वन ऑलराउंडर

## खत्म हुई अजमतुल्लाह उमरजई की बादशाहत

खेल डेस्क, 3 सितंबर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा वनडे क्रिकेट में दुनिया के नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्होंने अजमतुल्लाह उमरजई की बादशाहत को खत्म कर दिया है। रजा का प्रदर्शन सीरीज के दोनों ही मैचों में कमाल का रहा है।

पहले वनडे में रजा ने 92 रनों की धांसू पारी खेली थी, जबकि दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में उन्होंने 55 गेंदों में नाबाद 59 रन जड़े थे। गेंदबाजी में भी वह अच्छी लय में दिखाई दिए थे। हालांकि, रजा के दमदार प्रदर्शन के बावजूद जिम्बाब्वे को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-0 से हार का मुंह देखना पड़ा था।

**सिकंदर रजा बने नंबर वन**

आईसीसी की ताजा वनडे



रैंकिंग में सिकंदर रजा ने अजमतुल्लाह उमरजई से वर्ल्ड नंबर वन ऑलराउंडर की कुर्सी छीन ली है। श्रीलंका के खिलाफ धांसू प्रदर्शन के बाद रजा ने दो पायदान की छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर के अब कुल 302 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं। वहीं, उमरजई अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं और उनके 296 रेटिंग पॉइंट हैं।

मोहम्मद नबी को भी एक पायदान का नुकसान पहुंचा है और वह 292 रेटिंग पॉइंट संग तीसरे नंबर पर आ गए हैं। भारत की ओर से सिर्फ रविंद्र जडेजा ही ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप 10 में शामिल हैं। जडेजा 220 रेटिंग पॉइंट के साथ 9वें नंबर पर काबिज हैं।

**पाथुम निशंका को भी पहुंचा फायदा**

श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निशंका को भी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में धांसू प्रदर्शन का इनाम मिला है। निशंका ने सात पायदान की छलांग लगाई है और वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 13वें नंबर पर आ गए हैं। निशंका ने पहले वनडे मुकाबले में 122 रनों की शानदार पारी खेली थी। वहीं, दूसरे मैच में भी उन्होंने 76 रन जड़े थे।

**केशव महाराज की बादशाहत बरकरार**

इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने का केशव महाराज को भी फायदा पहुंचा है। केशव वनडे क्रिकेट में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज बने हुए हैं और उन्होंने अपनी पोजीशन को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत कर लिया है। केशव के अब कुल रेटिंग पॉइंट 690 हो गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर काबिज महेश तीक्षणा के 659 रेटिंग पॉइंट रह गए हैं।

# शाबाश आरिनी: पांच साल की उम्र में फिडे रेटिंग

## शतरंज के तीनों प्रारूपों में दिल्ली की बेटी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। डी गुकेश, प्रगनानंदा और दिव्या देशमुख के बाद अब पांच साल की बेटी दिल्ली की आरिनी लाहोटी ने शतरंज की दुनिया में भारत का डंका बजा दिया है। आरिनी शतरंज के तीनों प्रारूपों क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में फिडे रेटिंग हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा बेटी बन गई हैं।

क्लासिकल में आरिनी की रेटिंग 1553, रैपिड में 1550 और ब्लिट्ज में 1498 है। दरअसल उनके आयुवर्ग में कई खिलाड़ी रैपिड वर्ग में रेटिंग हासिल कर चुके हैं, लेकिन तीनों प्रारूपों में वह रेटिंग हासिल करने वालीं पहली खिलाड़ी हैं। आरिनी पिछले माह ही अपने आयुवर्ग में भारत की सबसे श्रेष्ठ रेटिंग वाली



खिलाड़ी बन गई थीं। रविवार को फिडे ने आधिकारिक रेटिंग जारी की है। 19 सितंबर, 2019 को जन्मीं आरिनी के बारे में निजी स्कूल में शिक्षक उनके पिता सुरेंद्र लाहोटी ने कहा कि जन्मदिन से पहले ही बेटी ने बड़ी खुशी दे दी है। उन्होंने बताया कि घर पर ही बेटी की तैयारी कराते हैं। हम उसी टाइम कंट्रोल के साथ उसकी ट्रेनिंग कराते हैं, जो टूर्नामेंट में होता है।

**पिता से सीखा मोहरों से खेलना**


दिल्ली में एक शतरंज अकादमी चलाने वाले सुरेंद्र बताते हैं कि उनकी बेटी ने एक वर्ष की उम्र में ही शतरंज को बारीकी से देखना शुरू कर दिया। लॉकडाउन के दौरान वह मुझे ऑनलाइन ट्रेनिंग देते समय लगातार देखती थी और जल्द ही उसने अपने तौर पर सही मोहरे चलना सीख लिया। शिक्षक सुरेंद्र का सपना है कि उनकी बेटी सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर और सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने और पूरे देश को उस पर गर्व हो।

# जोकोविच 14वीं बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की, अब अल्काराज से होगा सामना

न्यूयॉर्क, 3 सितंबर (एजेंसियां)। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच US ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया।

यह उनका 14वां US ओपन सेमीफाइनल है। उन्होंने इस जीत के साथ जिमी कोनर्स के सबसे ज्यादा 14 बार यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने भी



सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जहां उनका सामना जोकोविच से होगा।

जोकोविच का यह कुल 53वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। फ्रिट्ज के खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 11-0 का हो गया है। मैच के दौरान उन्होंने दर्शकों की ओर से शोरगुल पर नाराजगी जताई, लेकिन अपनी लय बनाए रखी। जीत के बाद जोकोविच ने अपनी बेटी तारा के आठवें जन्मदिन पर खास अंदाज में डांस किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्पेन के युवा स्टार अल्काराज से होगा।

**अल्काराज ने लेहेका को सीधे सेटों में हराया**

अल्काराज ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को सीधे सेटों में मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक कोई सेट नहीं गंवाया है।

**सबालेंका को वॉकओवर मिला**

आर्यना सबालेंका को विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रौसोवा के खिलाफ वॉकओवर मिला। 2023 विंबलडन चैंपियन वोंद्रौसोवा को प्रैक्टिस के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, जिससे वो क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नहीं उतर सकीं। अब सबालेंका का सामना सेमीफाइनल में चौथी सीड जेसिका पेगुला से होगा।

# ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया

शारजाह, 3 सितंबर (एजेंसियां)। शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज टी-20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया। अपने देश में हाल ही में हुई त्रासदी के बीच यह जीत अफगान खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रही। टीम की जीत में बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और सिदीकुल्लाह अतल की 113 रन की साझेदारी और फिर स्पिन गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई।

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना सकी।

अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और चौथे ओवर तक अफगानिस्तान का स्कोर मात्र 18 रन था, जिसमें रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट भी शामिल था। इसके बाद जादरान (65 रन) और अतल (64 रन) ने मोर्चा संभाला। दोनों ने धीरे-धीरे पारी



को आगे बढ़ाया।

14वें ओवर में सूफियान मुकीम के खिलाफ 20 रन बटोरकर दोनों ने अपनी साझेदारी को और मजबूत किया। यह 113 रन की साझेदारी अफगानिस्तान की टी-20 इतिहास में दूसरी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। हालांकि, इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। जहां एक ओर पाक गेंदबाज लगातार पिटते रहे, वहीं फहीम अशरफ ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने 4 ओवर में 4 विकेट लिए और 18 रन ही खर्च किए। उन्होंने अतल और जादरान जैसे सेट बल्लेबाजों को आउट कर पाकिस्तान को वापसी का मौका दिया। अफगानिस्तान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। फजलहक फारूकी ने पहले ही ओवर में सैम अय्यूब को शून्य पर आउट किया। इसके बाद स्पिन तिकड़ी राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया।

पाकिस्तान 62 रन पर 2 विकेट खोने के बाद संभलता दिखा, लेकिन आठवें ओवर में मोहम्मद नबी ने फखर जमान (23) को आउट किया और यहीं से अफगानिस्तान की पकड़ मजबूत हो गई। इसके बाद नूर अहमद और राशिद खान ने मिलकर लगातार विकेट झटके और पाकिस्तान का स्कोर 82/6 कर दिया।

# 6 फुट 6 इंच के डरावने डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ने जॉन सीना और रैंडी ऑर्टन को रिटायर करने का ठोका दावा

## 238 दिनों से बना हुआ है चैंपियन



खेल डेस्क, 3 सितंबर (एजेंसियां)। डब्ल्यूडब्ल्यूई में इस समय जॉन सीना का रिटायरमेंट टूर चल रहा है. कुछ स्टार्स के साथ उनका मुकाबला हो चुका है. दिसंबर, 2025 में वह अपना अंतिम मैच लड़ेंगे. रैंडी ऑर्टन भी अपने करियर के अंतिम दौर में चल रहे हैं. आगे जाकर वह भी रिटायरमेंट का ऐलान कर सकते हैं. ऑर्टन और सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में एक साथ करियर शुरू किया था. डब्ल्यूडब्ल्यूई के एक मौजूदा चैंपियन ने अब ऑर्टन और सीना को रिटायर करने की चाह दिखाई है. उन्होंने काफी कड़े शब्दों में अपनी बात कही है.

हाल ही में 6 फुट 6 इंच के मौजूदा एनएक्सटी चैंपियन ओबा फेमी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. फेमी ने वहां पर कई चीजों पर चर्चा की. उन्होंने जॉन सीना और रैंडी ऑर्टन को रिटायर करने की बात कही. फेमी ने कहा,"अगर मैं जॉन सीना को पकड़ पाता तो उन्हें बाहर कर देता. मैं उन्हें दिखा दूंगा कि वह बाहर जाने वाले हैं. इसलिए अपने कदमों पर ध्यान रखना. मैं रैंडी ऑर्टन से जरूर लड़ूंगा. मैं उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखा दूंगा. अब समय आ गया है. मैं इन लोगों को देखते हुए बड़ा हुआ हूं. वह काफी लंबे समय से टॉप पर हैं और मुझे लगता है कि अब बहुत हो गया.

हाल ही में फ्रांस में क्लाश इन पेरिस 2025 का आयोजन हुआ था. वहां पर जॉन सीना का सामना लोगन पॉल के साथ हुआ था. दोनों ने फैंस को अच्छा मैच दिया.

# साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता लीड्स वनडे

## इंग्लैंड 131 रन पर ऑलआउट, महाराज-मुल्डर ने मिलकर 7 विकेट लिए; मार्करम की फिफ्टी

लीड्स, 3 सितंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 20.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

हेडिंग्ले स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तीसरे ओवर में ही बेन डकेट का विकेट गंवा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें नांद्रे बर्गर ने कैच करा दिया। नंबर-3 पर उतरे जो रूट ने फिर जैमी स्मिथ के साथ टीम को 50 के करीब पहुंचा दिया।

रूट 17 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें लुंगी एनगिडी ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच करा दिया। कप्तान हैरी ब्रूक ने फिर स्मिथ के साथ टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। टीम ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन




फिर ब्रूक 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।

ओपनर स्मिथ ने फिफ्टी लगाई और जोस बटलर के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। स्मिथ 54 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वियान मुल्डर ने कैच कराया। स्मिथ के आउट होते ही इंग्लिश टीम बिखर गई।

101 रन के स्कोर पर इंग्लैंड ने 3 ही विकेट गंवाए थे। यहां से टीम ने 30 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर जोस बटलर ने 15 रन बनाए, उनके बाद बाकी 6 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इंग्लिश टीम 24.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी।

साउथ अफ्रीका के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए। यह इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के किसी स्पिनर का बेस्ट वनडे बॉलिंग फिगर है। मीडियम पेसर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म पेसर नांद्रे बर्गर और राइट आर्म पेसर लुंगी एनगिडी को 1-1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश कोई विकेट नहीं ले सके। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

132 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत मजबूत रही। टीम ने इंग्लैंड से डेब्यू कर रहे सोनी बेकर के खिलाफ शुरुआती 3 ओवर में 44 रन बटोर लिए। हालांकि, दूसरे एंड पर जोफ्रा आर्चर ने जरूर किफायती बॉलिंग की, उन्होंने अपने 5 ओवर में महज 8 रन खर्च किए। ऐडन मार्करम ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# केसीआर परिवार के सदस्यों के बीच अंदरूनी कलह से मेरा कोई लेना-देना नहीं : रेवंत रेड्डी



## मुख्यमंत्री ने महबूबनगर जिले के मूसापेट मंडल स्थित वेमुला गाँव में एक नई इकाई के शुभारंभ समारोह में भाग लिया

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बीआरएस एमएलसी कविता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्तियों के साथ सहयोग नहीं करेंगे।

बुधवार को, मुख्यमंत्री ने महबूबनगर जिले के मूसापेट मंडल स्थित वेमुला गाँव में एसजीडी-कॉर्निंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की एक नई इकाई के शुभारंभ समारोह में भाग लिया। अपने भाषण के दौरान, उन्होंने कहा कि जब बीआरएस पार्टी सत्ता में थी, तब कांग्रेस नेताओं को पार्टी को खत्म करने के प्रयास में गैरकानूनी आरोपों में जेल में डाल दिया गया था। रेवंत रेड्डी ने कहा, "केसीआर परिवार में सदस्यों के बीच अंदरूनी कलह है।

कुछ लोग दावा करते हैं कि मैं हरीश राव और संतोष राव को अपने साथ जोड़ रहा हूँ, जबकि अन्य कहते हैं कि मैं कविता के पीछे हूँ। मैं पूछता हूँ, मैं ऐसे भ्रष्ट व्यक्तियों के साथ क्यों जुड़ूँगा? मैं एक अग्रणी नेता हूँ, और मैं हमेशा अपने मतदाताओं के साथ खड़ा रहूँगा।"

"आज, कल्वाकुंतला चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्य लाक्षणिक रूप से विश्वासघात का बोझ ढोते हुए एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। गलत तरीके से अर्जित धन के बँटवारे को लेकर संघर्ष चल रहा है जिससे परिवार में कलह पैदा हो रही है। उनके संघर्ष गहरे हैं, मानो वे खुद को भीतर से नुकसान पहुँचा रहे हों। उन्होंने कहा कि गलत काम यूँ ही गायब नहीं हो जाते; वे अपराध उन्हें सताते रहेंगे, और उन्हें अनिवार्य रूप से इसके परिणाम भुगतने होंगे।" मुख्यमंत्री ने केसीआर परिवार से अपने आंतरिक झगड़ों में जनता को शामिल न करने का आग्रह किया, और इस बात पर ज़ोर दिया कि जनता को उनके मुद्दों में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, "जनता ने केसीआर परिवार को लंबे समय से नकार दिया है। बीआरएस पार्टी एक बेकार मुद्रा के समान है। प्रकृति अंततः अपना काम करेगी, और उनके कार्यों के लिए न्याय करेगी।"

# गणेश विसर्जन जुलूस के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम: सीवी आनंद

## बीजीयूएस ने गणेश विसर्जन मार्ग के संयुक्त निरीक्षण में भाग लिया

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति (बीजीयूएस) के प्रतिनिधियों ने आज बालापुर से नेकलेस रोड, हुसैनसागर झील तक गणेश विसर्जन मार्ग के संयुक्त निरीक्षण में भाग लिया। यह संयुक्त निरीक्षण हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय द्वारा तीनों आयुक्तालयों, जीएचएमसी, हाइड्रा, एचएमडीए, रंगारेड्डी जिला कलेक्ट्रेट और अन्य संबंधित विभागों की भागीदारी में आयोजित किया गया था। इस निरीक्षण का उद्देश्य मार्ग की तैयारी का आकलन करना और सुधार की आवश्यकता वाले मुद्दों की पहचान करना था। संयुक्त निरीक्षण में राचकोंडा आयुक्तालय के बालानगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालानगर मंदिर से लेकर नेकलेस रोड स्थित पीपुल्स प्लाजा तक का मार्ग शामिल था। बीजीयूएस टीम का नेतृत्व महासचिव डॉ. रविनुथला शशिधर, सचिव कौड़ी महेंद्र और अन्य सदस्यों ने किया।

## बालापुर गणेश विसर्जन जुलूस के रूट मैप का क्षेत्र स्तर पर निरीक्षण



हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि 6 सितंबर को विनायक समारोह के तहत हैदराबाद शहर में होने वाले विसर्जन के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। बुधवार को हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन, राचकोंडा के पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विक्रम सिंह मान, हाइड्रा आयुक्त एवी रंगनाथ, हैदराबाद यातायात संयुक्त पुलिस आयुक्त जोएल डेविड, हैदराबाद के कलेक्टर हरिचंदन दासारी के साथ बालापुर गणेश विसर्जन जुलूस के रूट मैप का क्षेत्र स्तर पर निरीक्षण किया।

पुलिस आयुक्त ने शोभा यात्रा मार्ग के प्रमुख बिंदुओं, बालापुर, चारमीनार सर्कल, मोजम जाही मार्केट, तेलुगु तल्ली फ्लाईओवर पर जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया और मूर्तियों को ले जाने वाले वाहनों और उनकी ऊँचाई के आधार पर कई सुझाव दिए। उन्होंने नेकलेस रोड पीपुल्स प्लाजा में विसर्जन व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मूर्तियों के जुलूस, पुलिस सुरक्षा, कचरा निपटान, निर्बाध बिजली आपूर्ति, यातायात परिवर्तन, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और अन्य मुद्दों की समीक्षा की। इस अवसर पर हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि शहर में गणेश विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए 30,000 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खैरताबाद और बालापुर विघ्नेश्वर की शोभायात्रा समय पर पूरी हो, इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित सरकारी विभागों के साथ समन्वय करके सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई काम बाकी है, तो उसे तुरंत पूरा किया जाएगा। जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद शहर की 20 प्रमुख झीलों और जीएचएमसी के तत्वावधान में विशेष रूप से स्थापित 72 कृत्रिम कुंडों में विसर्जन की व्यवस्था की गई है। इस महीने की 2 तारीख तक शहर भर में 1,21,905 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है।

आयुक्त आर.वी. कर्णन ने बताया कि अनुमान है कि इस महीने की 6 सितंबर को लगभग 50 हज़ार प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। हैदराबाद कलेक्टर दसारी हरिचंदना ने कहा कि हैदराबाद जिले के सभी सरकारी विभागों के साथ समन्वय में सुनिश्चित कर रहे हैं कि गणेश विसर्जन सुचारू रूप से सम्पन्न हो।

## पुलिस आयुक्त, जीएचएमसी आयुक्त, अधिकारियों ने बालापुर विघ्नेश्वर मंदिर का दौरा किया

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बालापुर गणेश विसर्जन जुलूस मार्ग का निरीक्षण करने से पहले, आयुक्त सीवी आनंद, जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन, राचकोंडा सीपी सुधीर बाबू, हाइड्रा आयुक्त एवी रंगनाथ, हैदराबाद यातायात संयुक्त सीपी जोएल डेविड, हैदराबाद कलेक्टर दसारी हरिचंदन ने बालापुर गणेश का दौरा किया। बालापुर गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष निरंजन रेड्डी और समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। आयोजकों ने पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# पैकेटबंद खाने के लेबल पढ़ना क्यों है ज़रूरी

## एनआईएन ने ग्राहकों को सही चुनाव करने की दी सलाह

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। आजकल ज़्यादातर लोग पैक और प्रोसेस्ड खाना खाते हैं, ऐसे में सुपरमार्केट से सामान चुनते समय खाद्य लेबल पढ़ना बेहद ज़रूरी हो गया है। डॉक्टरों, पोषण विशेषज्ञों और खाद्य वैज्ञानिकों द्वारा पिछले एक साल से लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि खाने के पैकेट पर दिए गए न्यूट्रिशन फैक्ट्स को सही से समझें।

हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) के अनुसार, उपभोक्ताओं के लिए खाद्य लेबल पर सबसे महत्वपूर्ण जानकारी "सर्विंग साइज़' है। पैकेट पर दिखाए गए कैलोरी और पोषक तत्वों की जानकारी इसी सर्विंग साइज़ पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, अगर पूरे पैकेट में दो सर्विंग हैं और हर सर्विंग 100 कैलोरी है, तो पूरा पैकेट खाने का मतलब 200 कैलोरी लेना होगा।

एनआईएन के विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फैट-फ्री का मतलब यह नहीं होता कि वह कैलोरी-फ्री भी है। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि कार्बोहाइड्रेट और शर्करा से मिलने वाली ऊर्जा पर विशेष ध्यान दें। अतिरिक्त चीनी, परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट और संतृप्त वसा का सेवन कम करने से मोटापा और हृदय रोग जैसे गैर-संचारी रोगों का खतरा घटाया जा सकता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि हमेशा ऐसे खाद्य पदार्थ चुनें जिनमें ट्रांस-फैट न हो और जिनमें वसा व शर्करा की मात्रा कम हो। यह आदत लंबे समय तक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकती है।

## साइबर ठगों की नई चाल

### फर्जी वित्तीय फर्मों के नाम से निवेशकों को बना रहे शिकार

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर धोखेबाज प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनियों के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को ऑनलाइन निवेश के लिए लुभा रहे हैं और उन्हें ठग रहे हैं। साइबर क्राइम पुलिस ने पाया है कि धोखेबाज़ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़े-बड़े विज्ञापन देकर लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि विज्ञापनों में दिए गए लिंक पर क्लिक करने पर व्यक्ति को उसी कंपनी के नाम से बने एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया जाता है। इसके बाद अनजान निवेशकों को विभिन्न योजनाओं में पैसा लगाने के लिए उकसाया जाता है और अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा जाता है।

पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में धोखेबाज़ छोटी रकम निकालने की अनुमति देते हैं। लेकिन जब बड़ी रकम जमा हो जाती है, तो पैसे निकालने का विकल्प बंद कर दिया जाता है और निवेशकों को अतिरिक्त भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। हाल ही में इस घोटाले का खुलासा होने के बाद सभी राज्यों को अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी बैंक खाते में धनराशि भेजने से पहले पूरी जांच करें और निवेश योजनाओं के बारे में सीधे कंपनियों से पुष्टि करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर आने वाले विज्ञापनों की बिना जांच किए भरोसा करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

# कविता के निलंबन पर मंत्री सीतक्का ने केसीआर परिवार की आलोचना की

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी कल्वाकुंतला कविता के निलंबन को 'पारिवारिक नाटक' करार देते हुए, राज्य मंत्री सीतक्का ने आज पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और उनके परिवार के सदस्यों पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि केसीआर परिवार के भीतर चल रहा झगड़ा भ्रष्टाचार में निहित है, खासकर कालेश्वरम परियोजना को लेकर। उन्होंने कहा कि कविता ने खुद स्वीकार किया है कि हजारों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है, और परिवार के भीतर झगड़ा "अवैध धन के वितरण" को लेकर था। पत्रकारों से बात करते हुए, सीतक्का ने सवाल किया कि क्या केसीआर, जो अक्सर खुद को "एलंगना का जनक" कहते हैं, अब इतनी कमजोर स्थिति में हैं कि वे अपने पारिवारिक विवादों को सुलझा नहीं सकते। उन्होंने पूछा, "अगर केसीआर अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ बैठकर मामले नहीं सुलझा सकते, तो वे राज्य का नेतृत्व करने का दावा कैसे कर सकते हैं?" मंत्री ने कविता के इस आरोप को याद दिलाया कि पूर्व सांसद संतोष राव ने बेनामी पोचमपल्ली श्रीनिवास रेड्डी के ज़रिए करोड़ों रुपये जमा किए, जिन्होंने कथित तौर पर मुलुगु में उन्हें हराने के लिए भारी रकम खर्च की थी। इन गंभीर आरोपों के बावजूद, टीआरएस चुप रही। अगर केटीआर इसके पीछे नहीं होते, तो क्या कविता को निलंबित किया जाता?, उन्होंने आगे कहा कि कविता का निलंबन एक राजनीतिक स्टंट था। उन्होंने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केसीआर की अपनी बेटी का पुतला जलाया गया। एक पिता और भाई होने के नाते, केसीआर और केटीआर इस अपमान को रोक भी नहीं पाए।" उन्होंने केसीआर परिवार पर पार्टी और तेलंगाना कार्यकर्ताओं की बजाय अपने हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "तेलंगाना के कई कार्यकर्ताओं के बलिदान के बावजूद कविता को एमएलसी का पद दिया गया। अब वही परिवार उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित कर रहा है।" इस अवसर पर, मंत्री ने हरीश राव पर निशाना साधते हुए उन्हें कालेश्वरम परियोजना में भ्रष्टाचार से सीधे जोड़ा। उन्होंने बीआरएस नेतृत्व को चुनौती देते हुए कहा, "अगर वे बेगुनाही साबित करने के लिए गंभीर हैं, तो कालेश्वरम की सीबीआई जाँच की अनुमति क्यों नहीं देते?"

## कंचेरला गाँव में बिजली कर्मचारी पर हमला

### ढीले तारों की शिकायत न सुनने पर ग्रामीण ने किया वार

राजन्ना-सिरसिला, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। वीरनापल्ली मंडल के कंचेरला गाँव में बुधवार को तनाव उस समय फैल गया जब सहकारी विद्युत आपूर्ति प्रणाली (सीईएसएस) के एक कर्मचारी पर एक ग्रामीण ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, सहायक हेल्पर श्रीहरि गाँव में बिजली के बिल वसूलने गए थे। इस दौरान स्थानीय निवासी डूडी राजैया ने उन पर आरोप लगाया कि ढीले बिजली के तारों की शिकायतों को नजरअंदाज कर वह केवल बिल वसूली कर रहे हैं। बहस इतनी बढ़ गई कि राजैया ने कथित तौर पर डंडे से श्रीहरि पर हमला कर दिया, जिससे उनके कंधे में चोट आई। अन्य ग्रामीणों ने घायल कर्मचारी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

# साइबर ठगों के निशाने पर बुजुर्ग

## व्हाट्सएप और नकली ट्रेडिंग योजनाओं से लाखों की ठगी

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही में साइबर अपराधियों द्वारा बुजुर्ग नागरिकों को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाने और उनसे बड़ी रकम ठगने की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। शहर में हाल के मामलों से पता चलता है कि घोटालेबाज वरिष्ठ नागरिकों के विश्वास और सीमित डिजिटल जागरूकता का फायदा उठाकर निवेश, ऋण और ट्रेडिंग घोटालों के माध्यम से लाखों रुपये हड़प रहे हैं। नवीनतम घटनाओं में से एक में, 63 वर्षीय सेवानिवृत्त व्यक्ति को एक प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थान के अधिकारी के रूप में धोखेबाजों से व्हाट्सएप संदेश प्राप्त करने के बाद 43 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली गई। गिरोह ने उसे रियायती आईपीओ शेयरों और नकली ट्रेडिंग डैशबोर्ड के वादे के साथ लुभाया और अतिरिक्त निवेश तथा ऋण चुकौती के बहाने बार-बार धन हस्तांतरण करवाया।

साइबर अपराध अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की धोखाधड़ी तेजी से आम होती जा रही है। अपराधी फर्जी वेबसाइट, क्लोन किए गए ग्राहक सहायता नंबर और वित्तीय शब्दावली का इस्तेमाल कर खुद को विश्वसनीय साबित करने की कोशिश करते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि कई पीड़ितों को तब जाकर धोखाधड़ी का एहसास होता है जब उनकी बचत खत्म हो जाती है या वे अपने तथाकथित लाभ को निकाल नहीं पाते। जांचकर्ताओं के अनुसार बुजुर्ग व्यक्तियों, विशेषकर जिनके पास सेवानिवृत्ति लाभ या स्वतंत्र बचत है, को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है। उनसे अनचाहे कॉल, व्हाट्सएप या टेलीग्राम समूहों और ईमेल के जरिए संपर्क किया जाता है।

अधिकारियों ने कहा कि धोखेबाज़ पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए लगातार संपर्क बनाए रखते हैं और फिर धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई प्रस्ताव इतना आकर्षक लगता है कि वह सच नहीं हो सकता, तो वह आमतौर पर धोखा ही होता है। साइबर क्राइम पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अनचाहे निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें, किसी भी वित्तीय प्लेटफॉर्म की प्रामाणिकता की पुष्टि करें और अज्ञात खातों में पैसा न भेजें। साथ ही परिवार के सदस्यों से भी कहा गया है कि वे बुजुर्ग रिश्तेदारों को ऑनलाइन लेनदेन में मार्गदर्शन और सहयोग दें।

## हैदराबाद से एम्स्टर्डम के लिए सीधी उड़ान शुरू

हैदराबाद, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस ने हैदराबाद और एम्स्टर्डम शिफोल हवाई अड्डे के बीच अपनी नई सीधी सेवा शुरू की है। बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के बाद हैदराबाद भारत में एयरलाइन का चौथा प्रवेश द्वार बन गया है। इस मार्ग पर बोइंग 777-200ईआर विमान सेवा देगा, जिसमें वर्ल्ड बिज़नेस क्लास में 35 सीटें, प्रीमियम कम्फर्ट क्लास में 24 सीटें और इकोनॉमी क्लास में 229 सीटें उपलब्ध होंगी। उड़ानें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं और यात्री अपनी यात्रा पहले से बुक कर सकते हैं। केएलएम के मुख्य परिचालन अधिकारी मारटेन स्टीनेन ने कहा, भारत 70 वर्षों से अधिक समय से केएलएम के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य रहा है, और यात्री यातायात में वृद्धि हमारे आपसी मजबूत संबंधों के महत्व को दर्शाती है।

## क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 76वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक 3 सितंबर 2025 को रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, जेडआरयूसीसी एवं महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे ने की। बैठक के दौरान जेडआरयूसीसी के सचिव एवं उप महाप्रबंधक उदयनाथ कोटला और दक्षिण मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। बैठक में सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (ओंगोल, ईटेला राजेंद्र (मलकाजगिरी), डी.के. अरुणा (महबूबनगर), जी.एम. हरीश बालयोगी (अमलापुरम)के साथ ही राज्य सरकारों, मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समितियों (डीआरयूसीसी), उपभोक्ता संगठनों, व्यापार संघों और पंजीकृत यात्री समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 जेडआरयूसीसी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक में दमरे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रदर्शन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बैठक में संसद सदस्यों और अन्य सदस्यों ने यात्री सुविधाओं, ट्रेनों के ठहराव, नई ट्रेनों की शुरुआत, समय में परिवर्तन और विभिन्न स्टेशनों पर नई लाइनें, आरयूबी, आरओबी, लिफ्ट, एस्केलेटर आदि सहित बुनियादी ढाँचा विकास कार्यों से संबंधित मुद्दे/सुझाव उठाए। श्री श्रीवास्तव ने समिति को आश्वासन दिया कि भविष्य की योजना बनाते समय सदस्यों के मुद्दों/सुझावों और प्रतिक्रियाओं पर उचित विचार किया जाएगा ।

# भाजपा तेलंगाना में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का वादा करती है: रामचंदर राव

## करीमनगर में मतदान केंद्र अध्यक्षों, सचिवों को संबोधित किया

हैदराबाद, 3 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने बुधवार को जनता को आश्वासन दिया कि भाजपा का लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त सरकार स्थापित करना और सत्ता में आने पर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है।

उन्होंने नागरिकों को भाजपा को पारदर्शी प्रशासन देने का अवसर देने के लिए प्रोत्साहित किया, और पिछली भ्रष्ट बीआरएस सरकार और वर्तमान अप्रभावी कांग्रेस सरकार, जिसने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है, के साथ अपने अनुभवों को उजागर किया। करीमनगर में मतदान केंद्र अध्यक्षों, सचिवों और जिला पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए, राज्य भाजपा नेता ने समुदाय की सेवा और नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। इसके विपरीत, उन्होंने विपक्षी दलों, बीआरएस और कांग्रेस, पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।




रामचंदर राव ने बैठक में पार्टी सदस्यों की भारी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह भाजपा की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पार्टी आगामी चुनावों में सभी एमपीटीसी, जेडपीटीसी सीटों और स्थानीय वार्ड सदस्य पदों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव कराने में असमर्थता के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की और कहा कि यह आशंका चुनावी हार के डर से उपजी है, क्योंकि जनता उनकी पिछली गलतियों से अवगत हो गई है और अब बदलाव के लिए भाजपा की ओर रुख कर रही है। राव ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि रेवंत रेड्डी प्रशासन ने स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए अदालत से अतिरिक्त दो महीने का समय माँगा है।

उन्होंने करीमनगर जिले के विकास में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री बंड़ी संजय के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, "हमने तेलंगाना क्षेत्र के लिए अपनी गरिमा बनाए रखने और लोगों के हितों की सेवा करने हेतु एक नया दर्जा स्थापित किया है।" उन्होंने दावा किया कि केवल एक परिवार, पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर, को लाभ हुआ है और उसने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि बीआरएस पार्टी के भीतर भ्रष्टाचार का खुलासा उनकी अपनी एमएलसी के. कविता ने किया है। तेलंगाना भाजपा प्रमुख ने बीआरएस और कांग्रेस दोनों पार्टियों पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जहाँ बीआरएस नेता भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी अपनी छह प्रतिबद्धताओं और 420 वादों को पूरा करने में विफल रही है। रेवंत रेड्डी की नियमित दिल्ली यात्राओं की आलोचना करते हुए, उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री को हैदराबाद और दिल्ली के बीच बार-बार यात्रा करने के बजाय राज्य प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# करीमनगर में मौसमी बीमारियों का प्रकोप

### डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड से अस्पतालों में बढ़ी भीड़



करीमनगर, 3 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती करीमनगर ज़िले में मौसमी बीमारियाँ तेज़ी से फैल रही हैं। लोग डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड से पीड़ित हो रहे हैं, जिससे सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में मरीज़ों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई है। जिला मुख्यालयों के अस्पतालों के साथ प्राथमिक और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में रोज़ाना बड़ी संख्या में मरीज़ पहुँच रहे हैं। अकेले करीमनगर जिला अस्पताल में ही बाह्य-रोगियों की संख्या 1,000 से अधिक दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव और जलभराव के कारण मच्छरों के प्रजनन से बीमारियों में वृद्धि हो रही है।

थंगल्लापल्ली मंडल की आठ वर्षीय बालिका सहस्रा की 25 अगस्त को डेंगू से मौत हो गई। अनुमान है कि जनवरी से अब तक जिले के सरकारी अस्पतालों में डेंगू के लगभग 50 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि निजी अस्पतालों में संख्या अधिक हो सकती है। गाँवों में डेंगू के लक्षणों के बारे में जागरूकता की कमी है। लोग पहले आरएमपी और पीएमपी डॉक्टरों के पास जाते हैं और जब हालत बिगड़ती है तब ही जिला अस्पतालों में पहुँचते हैं। इस बीच निजी अस्पतालों द्वारा इलाज के लिए अत्यधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें भी मिल रही हैं-दो-तीन दिन के इलाज के लिए 20,000 से 30,000 रुपये तक और एक हफ़्ते की देखभाल के लिए एक लाख रुपये तक।

इधर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने बुखार सर्वेक्षण शुरू किया है। स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों के रक्त के नमूने ले रहे हैं और परिजनों को सलाह दे रहे हैं कि तेज़ बुखार होने पर तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज़ को लाएँ।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.